राष्ट्रीय दैनिक

हर खबर की खबर



# प्रातः किरण



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

03 | पूर्व डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने सीएम सम्राट ...

पंजाब किंग्स के शानदार प्रदर्शन की... | 11

वर्ष : 13 | अंक : 363 | पटना, गुरुवार, 16 अप्रैल, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# युग परिवर्तन बिहार में पहली बार भाजपा का सम्राट

# सम्राट चौधरी ने बिहार के 24 वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

## जदयू कोटे से विजय चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने ली शपथ



प्रात : किरण

पटना। आखिरकार भाजपा को बिहार में नया सम्राट मिल गया। बुधवार को सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही, भाजपा का बिहार में अपना मुख्यमंत्री न होने का लंबा सूखा खत्म हो गया है। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद 2025 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर यह एतिहासिक बदलाव हुआ है, जिससे बिहार में भाजपा का मुख्य चेहरा अब सत्ता में है। बिहार में सम्राट युग की शुरूआत हो गई। पटना के लोकभवन में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने उन्हें शपथ दिलाई। सम्राट बिहार के 24वें मुख्यमंत्री हैं। राज्य में 75 साल में पहली बार भाजपा का कोई नेता इस पद तक पहुंच पाया है। बिहार में एक नए राजनीतिक दौर की शुरूआत हो गई है। उन्होंने राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ ही जदयू कोटे से दो उपमुख्यमंत्री ,विजय चौधरी और विजेन्द्र प्रसाद यादव को पद और गोपनियता की शपथ दिलाइ गई। इससे पहले नीतीश कुमार के आते ही पूरा कार्यक्रम स्थल नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा।





### विजय चौधरी व बिजेन्द्र यादव बने उपमुख्यमंत्री

बिहार में सत्ता परिवर्तन के बीच जदयूके वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली नई कैबिनेट में वे एक नीतीश कुमार के भरोसेमंद हैं। विजय चौधरी का लंबा प्रशासनिक अनुभव और नीतीश कुमार के प्रति उनकी निष्ठा इस गठबंधन सरकार को मजबूती प्रदान करेगी। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उनकी मौजूदगी ने साफ कर दिया कि नई सरकार में जेडीयू और भाजपा के बीच तालमेल और संतुलन बनाए रखने में उनकी भूमिका निर्णायक रहने वाली है। वहीं, बिहार की नवनिर्वाचित सरकार में जेडीयू के कद्दावर और वरिष्ठ नेता बिजेंद्र प्रसाद यादव ने मंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली इस नई टीम में बिजेंद्र यादव का शामिल होना सरकार के प्रशासनिक अनुभव को मजबूती प्रदान करेगा। वे दशकों से बिहार की राजनीति और सरकार का अहम हिस्सा रहे हैं, और उनके पास ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण विभागों को संभालने का लंबा अनुभव है।

### सभी वेबसाइटों की सूरत बदली

बिहार सरकार की सभी वेबसाइटों की सूरत बदली। अब बिहार सरकार की मुख्य वेबसाइट, गृह विभाग, सामान्य प्रशासन, कैबिनेट डिपार्टमेंट समेत सभी विभागों की वेबसाइट पर नीतीश कुमार की जगह सम्राट चौधरी की सीएम वाली तस्वीर लगी। बिहार सरकार के आईटी डिपार्टमेंट ने दिखाई गजब की तेजी।

## कैबिनेट का हुआ बंटवारा : सीएम के पास 29 विभाग

- डिप्टी सीएम विजय चौधरी को 10 तो बिजेन्द्र यादव को 8 विभागों की जिम्मेदारी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विभागों का बंटवारा कर दिया है। उन्होंने सामान्य प्रशासन और गृह विभाग सहित कुल 29 विभाग अपने पास रखे हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को 10 विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि विजेंद्र प्रसाद यादव को 8 विभाग दिए गए हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इसे लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, राजस्व एवं भूमि सुधार, खान एवं भू-तत्व, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, विधि, उद्योग, पथ निर्माण, कृषि, लघु जल संसाधन, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन,आपदा प्रबंधन, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, सूचना प्रावैधिकी, खेल, सहकारिता, पर्यावरण-वन एवं जलवायु परिवर्तन, गन्ना उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, पंचायती राज और ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं किया गया है,ये सभी विभाग मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास रहेंगे। वही उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को 10 विभाग दिये गये हैं। जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जन-संपर्क, भवन निर्माण, अल्पसंख्यक कल्याण, शिक्षा, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, ग्रामीण विकास, परिवहन और उच्च शिक्षा विभाग फिलहाल विजय कुमार चौधरी के जिम्मे है। जबकि उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को 8 विभाग दिये गये हैं। ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य-कर, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण और ग्रामीण कार्य विभाग बिजेन्द्र प्रसाद यादव को फिलहाल दिया गया है। जब कैबिनेट का विस्तार होगा तब इन विभागों का बंटवारा एनडीए के मंत्रियों के बीच हो जाएगा।

### पदभार करने बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

## किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार को नहीं किया जायेगा बर्दाश्त: सम्राट

- बोलें-राज्य में भ्रष्टाचार खत्म करने को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी दृढ़ता से करें काम



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मुख्य सचिवालय पहुँचे जहाँ मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री कार्यालय में पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्य सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी का स्वागत करते हैं।

आप सभी पूरी निष्ठा और लगन से काम करते रहे हैं। आप लोगों के साथ मुझे पहले से ही काम करने का अनुभव है। राज्य सकार के मंत्री के रूप कई विभागों में काम करने के दौरान मेरा आप सभी से सम्पर्क रहा है। वित्त मंत्री के रूप में राज्य की वित्तीय व्यवस्था को भी नजदीक से समझने का मौका मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जो भी काम हो रहे हैं, उसका संचालन अच्छे ढंग से हो रहा है। आप सभी काम की गति को और तीव्र करें। दुगुनी गति से काम होने पर समस्याओं का समाधान तेजी से होगा। राज्य में भ्रष्टाचार खत्म करने को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी दृढ़ता से काम करना है। ऊपर से नीचे तक किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

ये रहें मौजूदः बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### दुगुनी गति से काम कर समस्याओं का तेजी से करें समाधान

मुख्यमंत्री ने दो टूक में कहा किदुगुनी गति से काम कर समस्याओं का तेजी से समाधान करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जो योजनायें बनायी हैं, उसपर काम किया जा रहा है लेकिन उसका ससमय निष्पादन करना महत्वपूर्ण है। कार्यों को लटकाने की प्रवृत्ति मुख्यालय स्तर से लेकर नीचे तक कहीं भी नहीं होनी चाहिये।

सिर्फ फाइल बढ़ाने और पत्र लिखने की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिये। जनता की समस्याओं का समाधान तेजी से हो, यह हमलोगों की प्रवृत्ति होनी चाहिये। किसी भी विभाग में जनता से जुड़ी कोई समस्या आती है तो उसपर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। भूमि विवाद से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर किसी प्रकार की जटिलता नहीं होनी चाहिये, कार्यों को सरल बनाते हुये उनका जल्द निपटारा करें। भूमि समस्या के कारण ही 60 से 70 प्रतिशत आपसी विवाद होता है। जनता परेशान न हो, खुशहाल रहे, इसको ध्यान में रखते हुये काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड, अंचल एवं थाना में आम जनता को सुविधा मिले तथा ससमय उनकी समस्या का समाधान हो।

### जनता की समस्याओं का समाधान हमलोगों का मकसद

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से संवाद कर समस्याओं का वास्तविक रूप में समाधान सुनिश्चित करना है। पूर्ण रूप से जनता की समस्याओं का समाधान हमलोगों का मकसद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमलोगों ने काम किया है। नीतीश कुमार ने जो काम किया है, उससे बिहार का बहुत विकास हुआ है और सभी लोग उससे अवगत हैं। उन्होंने सात निश्चय-1 और सात निश्चय-2 के तहत कई योजनाओं को पूर्ण कर राज्य के विकास को गति दिया है। प्रगति यात्रा के दौरान घोषित 430 योजनाओं पर भी काम तेजी से हो रहा है। 2025 में सात निश्चय-3 राज्य में लागू किया गया है, उस पर तेजी से काम करना है। प्रगति यात्रा और समृद्धि यात्रा के दौरान नीतीश कुमार जी के साथ मुझे सभी जगह जाने का अवसर मिला, उस दौरान जमीनी स्तर पर समस्याओं को नजदीक से देखा। उन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुये हम सभी को बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिये एकजुट होकर पूरी निष्ठा, अनुशासन और मेहनत के साथ काम करना होगा। सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की रूप-रेखा तैयार करें, उसकी विस्तृत समीक्षा की जायेगी। बिहार को विकसित एवं समृद्ध प्रदेश बनाने के लिये हमलोगों को एकजुट होकर अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ काम करना होगा। आप सभी को शुभकामनायें देता हूँ।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण के पहले सम्राट चौधरी ने की पंचरूपी हनुमान जी की पूजा

पटना। भाजपा विधान मंडल दल के नेता चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पूर्व भाभी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस मौके पर सम्राट चौधरी ने भगवान हनुमान जी की विधि पूर्वक पूजा की उनका नया वस्त्र चढ़ाया और उनकी आरती की। इस मौके पर सम्राट चौधरी को पंडित अजय झा धीरज दुबे शिवाकांत झा और ओम तिवारी ने उन्हें विधि पूर्वक षोडशोपचार विधि से पूजा करवाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा की उनकी कामना है की हनुमान जी बिहार पर अपनी नजर रखें और बिहार में सुशासन और ठीक ढंग से विधि व्यवस्था कायम है। मौके पर मंदिर प्रबंधन की ओर से पंचमुखी हनुमान मंदिर नया समिति के सचिव मोहित प्रकाश एवं कमेटी के सदस्य मीडिया समन्वयक आलोक कुमार ने मंदिर की ओर से उनका स्वागत किया और उनको प्रसाद भर थाल अर्पण किया। इस मौके परविधायक संजीव चौरसिया ,मंदिर के सदस्य प्रेम कुमार और पुजारी संतोष तिवारी, कन्हैया एवं संजीव रंजन मौजूद रहे।

## बिहार चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा : मोदी

प्रात : किरण



पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्राट चौधरी को बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। पीएम ने अपने बधाई संदेश में कहा- बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सम्राट चौधरी को बहुत-बहुत बधाई और ढेरों शुभकामनाएं! उनकी ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी अनुभव राज्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होने वाला है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व में जनता-जनार्दन की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए बिहार चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## बिहार और तेजी से होगा विकसित : नीतीश

प्रात : किरण



पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में बिहार के और तेजी से विकास करने की उम्मीद जताई। नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर सम्राट चौधरी को हार्दिक 'विश्वास है कि आपके नेतृत्व में बिहार और तेजी से विकसित होगा और देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

## सरकार और अधिक ऊर्जा के साथ काम करेगी : शाह

प्रात : किरण



पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सम्राट चौधरी को बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। अमित शाह ने लिखा, सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। बिहार में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री के रूप में आपके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए जिस संकल्प भावना के साथ बिहार की जनता की दिन-रात सेवा कर रहा था, मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में उसे और भी गति मिलेगी। साथ ही, एक सुरक्षित एवं विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में एनडीए की डबल इंजन सरकार और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करेगी। वही ब्भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सम्राट चौधरी को बिहार के नेए मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएँ दी। नितिन नवीन ने अपने बधाई संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-विकसित बिहार के संकल्प को सिद्ध करने हेतु आप पूर्णतः समर्पित भाव से कार्य करेंगे, ऐसा मेरा अटूट विश्वास है। बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में आपके यशस्वी एवं सफल कार्यकाल की हार्दिक मंगलकामनाएँ।

**सियासत** 1990 से शुरू हुआ सियासी सफर, 2026 में बिहार का सिंहासन

# बिहार में सुशासन के बाद अब सम्राट युग की शुरूआत



रामाधार प्रसाद

पटना। बिहार की राजनीति में 15 अप्रैल 2026 एक ऐतिहासिक दिन के रूप में दर्ज हो गया है। दो दशक तक बिहार के सत्ता में बने रहे नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद सम्राट चौधरी ने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली और राज्य में सम्राट युग की शुरूआत हुई। यह पहली बार है जब भारतीय जनता पार्टी का कोई नेता बिहार में मुख्यमंत्री बना है, जो 2005 से जारी नीतीश कुमार के सुशासन बाद अब सम्राट युग का उदय माना जा रहा है। सम्राट चौधरी का जन्म 16 नवंबर 1968 को मुंगेर के लखनपुर गांव में हुआ था। उनकी मां पार्वती देवी और पिता शकुनी चौधरी भी बिहारी राजनेता थे। अपनी बुनियादी शिक्षा पूरी करने के बाद, उन्होंने मदुरै कामराज विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। चौधरी का विवाह ममता कुमारी से हुआ है। उनसे उन्हें एक बेटा और एक बेटी है। वह अपने उपनाम राकेश कुमार से भी जाने जाते है। सम्राट चौधरी की पहचान एक मुखर और आक्रामक नेता के रूप में सुमार है। कुर्मी-कोइरी समुदाय के साथ ओबीसी वर्ग के बीच उनका मजबूत पकड़ है। वे एक प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से हैं। उनके पिता शकुनी चौधरी सात बार विधायक और सांसद रहे थे। उनकी मां पार्वती देवी भी तारापुर सीट से विधायक रह चुकी हैं।

### 2023 में बने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दो बार डिप्टी सीएम

वर्ष 2023 में उन्हें संजय जयसवाल की जगह बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, जो उनके राजनीतिक करियर का अहम पड़ाव साबित हुआ। इसके बाद 2024 में वे उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री बने। 2025 में तारापुर से विधायक चुने गए। नवंबर 2025 में दोबारा उपमुख्यमंत्री बने तथा बाद में गृह विभाग की जिम्मेदारी भी संभाली। यह पहली बार हुआ जब नीतीश ने गृह विभाग अपने पास न रखकर किसी अन्य मंत्री को दिया। उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया और कई बड़े फैसले लिए। वर्तमान में बिहार की राजनीति में एक प्रमुख ओबीसी चेहरा हैं। 15 अप्रैल 2026 को उन्होंने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, जो उनके भाजपा के साथ अब तक के राजनीतिक सफर की एक बड़ी उपलब्धि है।

### 2018 में भाजपा में हुए शामिल

उनके राजनीतिक जीवन का निर्णायक मोड़ तब आया जब उन्होंने समाजवादी धारा छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। वर्ष 2018 में भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने तेजी से संगठन और सत्ता दोनों में अपनी पकड़ मजबूत की। 2019 में वे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने, 2020 में विधान परिषद सदस्य चुने गए और 2022 में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिली।

### राजनीतिक सफर

सम्राट चौधरी ने 1990 के दशक में सक्रिय राजनीति की शुरूआत लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में की। वर्ष 1999 में वे राबड़ी देवी की सरकार में कृषि मंत्री बने। उन्होंने 2000 और 2010 में परबत्ता विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और विधायक चुने गए। उन्हें बिहार विधानसभा में विपक्षी दल का मुख्य सचेतक बनाया गया। 02 जून 2014 को, उन्होंने जीतन राम मांझी की सरकार में शहरी विकास और आवास विभाग के मंत्री के रूप में शपथ ली और पदभार संभाला। जून 2014 में राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुए और जीतनराम मांझी की सरकार में शहरी विकास और

## संक्षिप्त खबरें

### ससुराल पक्ष पर मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, थाना में शिकायत दर्ज

फतुहा। पचरुखिया थाना क्षेत्र के खरफर गांव में एक युवक के साथ ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में झारखंड के धनबाद निवासी कुमार अनिकेत ने थाना अध्यक्ष को लिखित शिकायत देकर बताया कि उनकी शादी 20 अप्रैल 2025 को निभा कुमारी के साथ हुई थी और उनका एक माह का बच्चा भी है। पीड़ित के अनुसार, वह 15 अप्रैल 2026 को अपनी पत्नी को विदा कराने ससुराल पहुंचे थे, जहां 20 अप्रैल को विदाई की बात कहने पर ससुर कमलदीप पासवान समेत अन्य परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ धक्का-मुक्की की और लाठी से मारने का प्रयास किया। आरोप है कि उन्हें जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया गया। घटना के बाद पीड़ित ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पुलिस से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### संपत्ति विवाद में बेटे पर मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप, बुजुर्ग ने थाने में दी आवेदन

फतुहा। थाना क्षेत्र के रसुलपुर गांव में पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है, जहां 71 वर्षीय बुजुर्ग रविन्द्र सिंह ने अपने छोटे बेटे अखिलेश सिंह पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बराबर बांट दी थी और पत्नी के निधन के बाद पहले छोटा बेटा देखभाल कर रहा था, लेकिन असमर्थ होने पर बड़ा बेटा उनकी सेवा कर रहा है। आरोप है कि 5 अप्रैल 2026 को छोटा बेटा अपनी पत्नी के साथ पहुंचा और उनके साथ मारपीट करने लगा, जिसे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर रोका। बुजुर्ग ने यह भी आरोप लगाया कि उनका छोटा बेटा उन्हें और उनके पोते साहिल कुमार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। घटना से भयभीत पीड़ित ने फतुहा थाना में आवेदन देकर अपनी और अपने पोते की जान-माल की सुरक्षा तथा आरोपित के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### भाकपा-माले के राज्य सम्मेलन हेतु पटना पूर्वी में प्रतिनिधि चुनाव सम्पन्न, 6 प्रतिनिधि चुने गए

फतुहा। भाकपा-माले के 12वें बिहार राज्य सम्मेलन (16, 17 और 18 मई को लहेरियासराय, दरभंगा में प्रस्तावित) को लेकर पटना पूर्वी क्षेत्र में प्रतिनिधि चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हो गई। फतुहा प्रखंड कार्यालय में आयोजित इस चुनाव में कुल 60 मतदाताओं–जिनमें जिला लीडिंग टीम सदस्य, प्रखंड कमिटी सदस्य, लोकल कमिटी सदस्य एवं ब्रांच सचिव शामिल थे–ने भाग लेकर 6 प्रतिनिधियों का चयन किया। चुनाव प्रक्रिया केंद्रीय कमिटी सदस्य सरोज चौबे की देखरेख एवं राज्य कमिटी सदस्य सुरेन्द्र राम के निर्देशन में सम्पन्न हुई। चयनित प्रतिनिधियों में प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव, जिला लीडिंग सदस्य मुन्ना पंडित, अवधेश कुमार, प्रखंड कमिटी सदस्य पंकज यादव, सुदामा दास एवं कृष्णा प्रसाद यादव शामिल हैं। इस दौरान सम्मेलन के नारे भाजपाई बुलडोजर राज के खिलाफ जनप्रतिरोध तेज करें, न्याय और अधिकार की लड़ाई को मजबूत बनाएं‌ के साथ कार्यकताओं से एकजुट रहने का आह्वान किया गया।

### बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पटना। देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 01 अप्रैल से लागू द सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 के संबंध में जागरूकता अभिवर्धित करने के उद्देश्य से राज्य के सभी शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय निकायों में जनित ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु नियमावली के विभिन्न प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा एक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कई चरणों में नगर निकाय से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के सभी नगर निकाय, थोक कचरा उत्पादक, सभी जिलों के जिला पदाधिकारी, जिला समन्वयक तथा जिला पंचायत को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निकाय एवं आवास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग को भी आमंत्रित किया गया है। इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 751 प्रतिभागी जुड़े रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष डॉ. डी.के. शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि इस नियमावली, 2026 को नियमावली, 2016 के स्थान पर अधिसूचित किया गया है, तथा 01अप्रैल से लागू है। नियमावली, 2026 बुनियादी कचरा संग्रहण से हटकर डेटा संचालित, सख्त कानूनी जवाबदेही कि दिशा में एक बड़ा बदलाव है। इसका उद्देश्य कचरा को उपयोगी संसाधन में परिवर्तित कर चक्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। नये नियमावली में ठोस अपशिष्ट का चार स्तरीय पृथक्करण स्रोत पर ही किया जाना अनिवार्य किया

# अभियान से संस्कृति तक: एम्स पटना में स्वच्छता पखवाड़ा का सार्थक समापन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। एम्स पटना में 1 से 15 अप्रैल तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का समापन बुधवार को संस्थान के सभागार में एक गरिमामय समारोह के साथ संपन्न हुआ। 15 दिनों तक चले इस अभियान के दौरान संस्थान में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, प्रतियोगिताएं एवं सामुदायिक सहभागिता शामिल रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव सौरभ जैन ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता को केवल एक निर्धारित अवधि तक सीमित नहीं रखा जा सकता बल्कि इसे दैनिक जीवन और संस्थागत कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने एम्स पटना द्वारा पखवाड़े के दौरान किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहलें व्यवहार परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल, डीन (शैक्षणिक) प्रो. (डॉ.) पूनम भदानी, डीन (अनुसंधान) प्रो. (डॉ.) संजय पांडेय एवं डॉ. संजीब कुमार घोष सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक, छात्र एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े की सफलता का आकलन केवल आयोजित कार्यक्रमों से नहीं बल्कि उसमें आए व्यवहारिक परिवर्तन से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सीएचएस स्टाफ एवं विभिन्न विभागों को ‌स्वच्छ वार्ड‌ श्रेणी में पुरस्कृत किया गया जबकि पोस्टर मेकिंग एवं रील मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मान प्रदान किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को रचनात्मक और प्रभावी ढंग से प्रसारित किया गया। पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में स्वच्छता शपथ, परिसर एवं वार्डों में विशेष सफाई अभियान, जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल रहीं जिनमें संस्थान के सभी वर्गों, चिकित्सकों, छात्रों, प्रशासनिक कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। यह संपूर्ण अभियान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुप कुमार के नेतृत्व एवं स्वच्छता पखवाड़ा के नोडल पदाधिकारी डॉ. आर. के. मंडल के मार्गदर्शन में प्रभावी ढंग से संचालित किया गया, जिससे संस्थान में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सहभागिता को नई दिशा मिली। समापन अवसर पर यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता पखवाड़ा एक अभियान मात्र नहीं बल्कि एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसे संस्थान की कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा।

# रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में डॉ भीम राव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर। खगौल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि, आज हम सब महान व्यक्तित्व, भारत रत्नडॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह उस विचारधारा, उस संघर्ष और उस प्रेरणा का उत्सव है।उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि थी- भारतीय संविधान का निर्माण। उन्होंने एक ऐसा संविधान बनाया जिसमें हर व्यक्ति को समान अधिकार मिले, चाहे व किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या लिंग का हो।इस अवसर पर, मैं यही कहना चाहूँगा की हम सभी बाबासाहेब के आदर्शों का पालन करें, जिससे देश की अशिक्षा, निर्धनता एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों को दूर किया जा सकेइस अवसर पर मंडल कार्यालय में बाबा साहब डॉक्टरभीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में चयनित तीन रेलकर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया।इस अवसर पर राजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा सहित अन्य अधिकारी, रेलकर्मी एवं यूनियन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा भी श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

# देश में उद्योग धंधा के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता जरूरी: प्रेम

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत गाँवों का देश है आज भी 70 प्रतिशत आबादी गाँव मे ही निवास करता है जिसका मुख्य जीविका कृषि पर आधारित है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 का लक्ष्य रखा है इसमें गाँव , गरीब,किसान,मजदूर और नौजवानों की विकास से ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है । भारत दुनिया का सबसे युवा देश है । आज हमारे युवा इसलिए शिक्षा प्राप्त करना चाहता है ताकि उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे वह भोगपरक जीवन जीने का आनंद उठा सके । इसी आनंद के तलाश में असफल होने पर अवैध तरीके से धन कमाने की चेष्टा करता है जो उसके जीवन मे जहर घोलता है । बिहारी युवाओं को नौकरी ही करने की मनोवृत्ति है जबकि सरकारी नौकरी की सँख्या नगण्य है । सरकार लाख दावा कर ले स्वरोजगार के क्षेत्र में बिहार फिसड्डी सावित हो रहा है यह एक उपभोक्ता राज्य है । जब कोई उत्साही नौजवान स्वरोजगार के सपना लिए आगे बढ़ता है तो उसके साथ यह सड़ चुकी सिस्टम ने युवाओं को बदहाली की ओर धकेल देता है । प्रोजेक्ट बनाने के नाम पर इन भोले भाले बेरोजगार युवाओ से 25 से 30 हजार तक बसूल किया जाता है किसी तरह परियोजना स्वीकृत होकर बैंक पहुँचता है तब होता है असली खेल सुरु । बैंकर्स जिसके ऊपर युवाओं को उत्साहित करने मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी है वह इसके उलट युवाओ को भिखारी समझ प्रताड़ित करने लगता है और इतना दौड़ाया जाता है कि युवा थक हार कर घर बैठ जाता है । बिहार में बैंकर्स की भूमिका काफी नाकारत्मक है । ग्रामीण क्षेत्रो में बैंक मैनेजर और दलालों की चलती है । हैरत की बात है कि बिहार के एक नौजवान मुर्गी पालन के लिए बैंक में आवेदन करता है बैंकर्स उसे इतना दौड़ाता है कि वे पटना में एक नेता जी के पास पैरवी के लिए पहुँचता है उसे ऋण तो बैंक से नही मिल पाया लेकिन पैरवी के लिए दौड़ते दौड़ते स्वयं नेता बन गया और बिहार सरकार में मंत्री रहे और आज केंद्र में मंत्री है । साधारण युवा बैंक जाता है खाता खुलबने उसे बैंकर्स भगा देते है आज वह युवा पर फिल्म बना पद्म श्री सम्मान मिला है जबकि बड़े उद्योगपति को ऋण देने में यही बैंकर्स काफी उदारता दिखता है हजारों करोड़ का ऋण का सेटेलमेंट हो जाता है अरबो रुपया लेकर विदेश भाग जाता है । बैंकर्स को ऋण देने में उदारतापूर्वक व्यवहार करने की जरूरत है । सरकार की सभी योजना बैंकर्स की उदाशीनता से फेल हो रही है । प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का लक्ष्य तक भी पूरा नही होता है बिहार में जबकि यह प्रधानमंत्री जी का अति महत्वाकांक्षी योजना है कोई भी बेरोजगार व्यक्ति पाँच लाख से लेकर पचास लाख तक की राशि प्राप्त कर सकता है जिसमें 25 से 25 प्रतिशत तक का अनुदान है ।

# धर्मेंद्र प्रधान ने सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर दी बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से दिए गए अपने संदेश में श्री प्रधान ने बीजेंद्र यादव और विजय चौधरी को उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भी शुभकामनाएं दीं। श्री प्रधान ने नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सुशासन, विकास और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में निश्चित रूप से बिहार सुशासन, विकास और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। किसानों की समृद्धि, मातृशक्ति के सशक्तिकरण, युवाओं के लिए व्यापक अवसरों के सृजन और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के दृढ़ संकल्प के साथ विकसित बिहार का लक्ष्य और अधिक प्रभावी रूप से साकार होगा,‌ श्री प्रधान ने कहा। श्री प्रधान ने कहा कि नई सरकार की समावेशी विकास और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता राज्य की प्रगति को गति देगी और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर बिक्रम में भाजपाइयों ने मनाया जश्न



प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रम गोपाल विद्यार्थी भाजपा के वरिष्ठ नेता बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण पर बुधवार को भाजपाइयों ने जिला उपाध्यक्ष तेज नारायण शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय शहीद चौक पर अबीर गुलाल एवं एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर जश्न मनाया । मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राम जन्म शर्मा ने कहा कि आज बिहार के विकास के लिए एनडीए गठबंधन में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बने हैं। यह कार्यकर्ताओ के लिए खुशी की बात है। मौके पर प्रदेश भाजपा नेता डॉ यदुवेश, मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार, सुब्रत वासुदेव, आविनाश उपाध्याय, जितेन्द्र यादव, संधीर यादव, लाल बाबू सिंह, पंकज सिंह, सूर्य नारायण सिन्हा , पिन्टु कुमार ,धीरेंद्र कुमार, उज्वल कुमार , अमर यादव, मुन्ना कुमार, चंदन कुमार, सुजीत यादव, धनश्याम कुमार, नीतीश कुशवाहा, गोलू कुमार ,रवि कुमार,मदन सिंह, मुकेश सिंह, अजय तिवारी, सरोज सिंह, कमल किशोर ,बबलू सिंह, शिव कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बेथम एपीजे एकेडमी में वार्षिक परीक्षा फल घोषित, मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

प्रात : किरण संवाददाता



फतुहा। बुधवार को जेठुली स्थित बेथम ए.पी.जे. एकेडमी के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा परिणाम और पुरस्कार वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बंकाघाट रेल थाना प्रभारी गनौरी दास उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि गनौरी दास ने सफल छात्रों को पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षा में अनुशासन और समर्पण पर जोर देते हुए कहा, ‌बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, विशेषकर माँ का रोल बच्चों के भविष्य को गढ़ने में प्राथमिक और सबसे प्रभावशाली होता है।‌ उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की। वहीं अतिथियों में कार्टूनिस्ट व पत्रकार अमरेन्द्र एवं मनीष कुमार ने छात्रों को रिजल्ट को लेकर बच्चों को हौंसला बढ़ाया। परीक्षा परिणामों की घोषणा के साथ ही पूरे विद्यालय में उत्साह का माहौल दिखा। अपनी-अपनी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ‌टॉपर‌ के खिताब से नवाजा गया। सीनियर वर्ग (कक्षा- 8) संध्या कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। जूनियर वर्ग (नर्सरी): सुजीत कुमार ने अपनी श्रेणी में टॉप किया। इसके अलावा विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में नेहा कुमारी, जान्वी कुमारी, साक्षी राज, रितिका कुमारी, आईशा कुमारी और सुकेश कुमार के नाम प्रमुख रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के निदेशक विनय कुमार जयसवाल और प्रधानाध्यापक कंचन कुमारी जायसवाल की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रियंका सिंह, राजेश कुमार यादव, राजा वर्मा, पिंकी देवी, मोहित जायसवाल, विभा कुमारी, चन्द्रमोहन झा, निशा कुमारी, निकत प्रविण और सोनम कुमारी यादव समेत सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। निदेशक विनय कुमार जयसवाल ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रोत्साहित किया।

### माउंट लिट्रा जी स्कूल बिहटा के शत प्रतिशत बच्चे सफल



बिहटा। गोपाल विद्यार्थी स्थानीय जिनपुरा स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई के 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। जानकारी के मुताबिक इस वर्ष 25 फीसदी से अधिक विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की टॉपर प्रगति मौर्य एवं शिवानी कुमारी ने 96% अंक प्राप्त किए। कुमारी वैष्णवी एवं पायल कुमारी ने 95 प्रतिशत द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुबोध कुमार ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। एवं प्रियम कुमार 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के निदेशक नवीन कुमार ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी एवं श्रीमती दिव्या शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# न्यू एरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अग्नि शमन से संबद्ध जागरूकता को लेकर निकाली प्रभात फेरी

- द्वितीय विश्व युद्ध एवं 1944 के दशक के अग्नि पीड़ितों का हवाला देते हुए छात्रों को बताया कि कैसे आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। आपातकाल के दौरान आमजन को अग्नि से सुरक्षा प्रदान करने तथा अग्नि शमन सेवा से संबद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बिहार अग्नि शमन सेवा, फायर स्टेशन, कंकड़बाग की अगुआई में न्यू एरा पब्लिक स्कूल, पटना के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा आज प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से फायर स्टेशन, कंकड़बाग तक की गई। प्रभात फेरी के पूर्व कंकड़बाग के पुलिस आरक्षी उपाधीक्षक इंद्रजीत कुमार ने द्वितीय विश्व युद्ध एवं 1944 के दशक के अग्नि पीड़ितों का हवाला देते हुए छात्रों को बताया कि कैसे आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, प्राथमिक सुरक्षा उपायों तथा अग्नि शमन यंत्रों का सही उपयोग किया जा सकता है,अन्यथा एक बहुत बड़ी हादसा हो सकती है। मौके पर डेमो देकर भी यह बताया गया कि कैसे आग लगने पर उसे नियंत्रित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, 'संरक्षित जीवन', 'सावधानी ही सुरक्षा' आदि से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों ने अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली तथा देशभक्ति गीत गाए गए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, मौसम श्री, ओम नमः शिवाय सिंह, प्रिया सिंह, सुमित कुमार, गृजेश शर्मा, अंशुमन गुप्ता, विवेक कुमार झा तथा दर्जनों पुलिसकर्मी उपस्थित थे। धन्यवाद्!

# सीबीएसई दसवीं में डीएवी खगौल के बच्चों ने किया कमाल



प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। गोपाल विद्यार्थी स्थानीय कैंट रोड खगौल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में अपनी मेधा का परचम लहराते हुए जिले जिले का नाम रोशन किया है जानकारी के मुताबिक 99.6 फीसदी अंक के साथ विद्यालय की छात्रा दॉयल प्रभा ने स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। यह अद्वितीय उपलब्धि छात्रा समेत स्कूल के शिक्षकों के अथक परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम माना जा रहा है। स्कूल प्रशासन के मुताबिक उनकी इस सफलता ने पूरे डीएवी परिवार को गौरवान्वित किया है तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रेरणा प्रदान की है। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकगण समेत अन्य लोगों ने दॉयल प्रभा को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य तथा निरंतर सफलता की कामना हैं। इधर स्कूल के शिक्षकों व कर्मियों में इस सफलता को लेकर हर्ष का माहौल दिखा स्कूल के शिक्षकों व कर्मियों ने ने सामुहिक रूप से एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाईयाँ दी। वहीं प्राचार्य एस के झा ने स्कूल टॉपर दॉयल प्रभा समेत सफल सभी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की शुरूआत है और वे आगे और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# उपभोक्ताओं को पीएनजी की सुविधा मिशन मोड में उपलब्ध कराएँ: जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जिला पदाधिकारी, ल द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सभी पुलिस अधीक्षकों, अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, अपर जिला दंडाधिकारी आपूर्ति, विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, गैस कंपनियों के अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, थानाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण की समीक्षा की गई तथा इसकी उपलब्धता, बुकिंग एवं डिलिवरी की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। पदाधिकारियों को उपभोक्ताओं की हर सुविधा का ध्यान रखने, पारदर्शी तरीके से एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने, होम डिलीवरी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, कालाबाजारी, होर्डिंग, ओवरप्राइसिंग एवं अवैध उपयोग की शिकायत आने पर ऐसे कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध तुरत प्राथमिकी दर्ज करने एवं गिरफ्तार करने‌ के साथ ‌गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों को रिस्पॉसिबल (उत्तरदायित्वपूर्ण) तरीके‌ से कार्य करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का विधिवत एवं त्वरित गति से निष्पादित करने तथा पब्लिक डोमेन में आने वाली अफवाहों का तुरंत खंडन करने का निदेश दिया। उन्होंने मिशन मोड में पीएनजी की सुविधा उपलब्ध कराने, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गैस आपूर्ति में आदेशों का क्रियान्वयन करने, आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्रवासी श्रमिकों के हितों का संरक्षण करने के साथ अधिकारियों को उपभोक्ताओं, तेल विपणन कंपनियों, गैस एजेंसियों, माननीय जन-प्रतिनिधियों सहित सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ सतत सम्पर्क एवं संवाद स्थापित कर सुझाव तथा फीडबैक प्राप्त करने सहित सरकार के आदेशों का सम्यक अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि डोमेस्टिक एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने के लिए संपूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग, तत्पर तथा प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं को कोई समस्या न हो इसके लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण कराया जा रहा है तथा एलपीजी गैस के ब्लैकमार्केटिंग एवं अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।


BAJAJ FINANCE

## बजाज फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: बजाज फाइनेंस लिमिटेड, C/O बजाज ऑटो लिमिटेड कॉम्प्लेक्स मुंबई पुणे रोड अकुर्डी पुणे - 411035
ब्रांच ऑफिस : बजाज फाइनेंस लिमिटेड, प्रथम मंजिल, राजा बाजार, इंडियन बैंक के पास, मोतिहारी - 845401, बिहार

### आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, एक मांग सूचना ("सूचना") पंजीकृत डाक द्वारा यहां इसमें निम्न वर्णित ऋणकर्ता(ओं) / सह–ऋणकर्ता(ओं) को निर्गत की थी, जिसमें उन्हें उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना में अंकित राशि का, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों की एकावधि के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

निम्न नामित ऋणकर्ता(गण)/बंधककर्ता(गण)/गारंटर(गण) उक्त राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा ऋणकर्ता(ओं)/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत मुझे प्रदत्त ऋणक्तियों के प्रयोगान्तर्गत **कब्जा** कर लिया है।

ऋणकर्ता(ओं) को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि उक्त संपत्ति का लेन–देन न करें तथा इस संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन–देन, यहां इसमें निम्नांकितानुसार राशि तथा इस राशि पर संविदागत दरों पर नियत ब्याज हेतु बजाज फाइनेंस लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

**ऋणकर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत परिसंपत्तियों को ऋणमुक्त कराने के लिये उपलब्ध समय के संदर्भ में उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

| ऋण खाता सं./ ऋणकर्ता(ओं)/ बंधककर्ताओं/गारंटर(रों) के नाम | प्रतिभूत अचल संपत्ति का विवरण | धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना की तिथि तथा धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना राशि तथा अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|
| **लोन नं. PU49PBL4623134** **1. हीना शोरूम अपने प्रो. कौशर आलम के माध्यम से निवासी:** ग्राम कल्याणपुर कल्याणपुर पूर्वी चंपारण बिहार 845413 संपर्क : 7667748984 ईमेल आईडी: alamkaushar264@gmail.com **इसके अलावा निवासी:** मौजा बरहरवा महानंद, थाना +अंचल-कल्याणपुर, एसआरओ केसरिया, जिला रजिस्ट्री मोतिहारी, थाना नंबर 184 तौजी नंबर 1139 एवं 552, खाता नंबर 320 एवं 151, खसरा नंबर 1326 एवं 1327 पूर्वी चंपारण 845413 **2. कौशर आलम पिता खेंहारी मियां** **3. खेनाहारी मियां पिता रबेदीन मियां** **4. खदुल खातून पति खेंहारी मियां** **स.क्र. 2 से 4 निवासी:** बरहरवा महानद बरहरवा महानद बाकरपुर जगत पूर्वी चंपारण बिहार 845413 संपर्क: 7667748984 ईमेल आईडी: alamkaushar264@gmail.com | संपत्ति का समस्त एवं शेष भाग, मौजा बरहरवा महानंद, थाना +अंचल-कल्याणपुर, एसआरओ केसरिया, जिला रजिस्ट्री मोतिहारी, थाना नंबर 184, तौजी नंबर 1139 एवं 552, खाता नंबर 320 एवं 151, खेसरा नंबर 1326 एवं 1327 पूर्वी चंपारण 845413 सामान्य क्षेत्रों में आनुपातिक हिस्सेदारी के साथ **खाता नंबर 320, खसरा नंबर 1326 जिसका कुल क्षेत्रफल–** 1 कट्ठा (बिक्री विलेख नंबर 651 के अनुसार) दिनांक-02.02.1990) **इसकी सीमा इस प्रकार है:–** पूर्व: सफायत मिया; पश्चिम : निज मनमोकिर; उत्तर: मोकिर ग्रामीण मजदुर, दक्षिण: निज मनमोकिर **खाता नंबर 151, खसरा नंबर 1327, जिसका कुल क्षेत्रफल–**13.50 धुर (बिक्री विलेख नंबर 10305 दिनांक 04.09.2019 के अनुसार) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व: निज लेखाकारी; पश्चिम: नईम अंसारी आदि; उत्तर: सड़क ग्रामीण; दक्षिण: लेखाधारी, **साइट विजिट के अनुसार:** पूर्व: अनवर हुसैन एवं असलम अंसारी का मकान; पश्चिम: नईम अंसारी की भूमि; उत्तर: रास्ता पीसीसी 10 फीट; दक्षिण: चिरकुट साह यानी डीड नंबर 651 के विक्रेता की जमीन | **12/01/2026** **रु. 21,09,272/-** (रुपये इक्कीस लाख नौ हजार दो सौ बहत्तर मात्र) **सांकेतिक कब्जा दिनांक 13/04/2026** |

दिनांक : 15/04/2026
स्थान : बिहार

ह/– प्राधिकृत अधिकारी
बजाज फाइनेंस लिमिटेड

# सीएम बनने के बाद सम्राट चौधरी के प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्त्ताओं में उत्साह

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भाजपा प्रदेश कार्यालय में भव्य स्वागत-अभिनन्दन





- नई सरकार प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए संकल्पित : सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद आज भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां उत्साहित कार्यकताओं ने उनका जमकर स्वागत और अभिनन्दन किया। अभिनन्दन समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भी नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का प्रदेश कार्यालय में स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रथम आगमन पर अंगवस्त्र एवं मिथिला की सुप्रसिद्ध मखाने की माला पहनाकर स्वागत और अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी प्रदेश कार्यालय पहुंचने के बाद महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं कैलाशपति मिश्र की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया और नमन की। प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित स्वागत अभिनन्दन समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पहुंचने पर उपस्थित हजारों कार्यकताओं ने भाजपा , एनडीए और मुख्यमंत्री के समर्थन में जमकर नारे लगाए और उनका स्वागत किया। यह कार्यक्रम काफी देर तक चलता रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री सभी कार्यकताओं से मिले। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर के कार्यकर्ता जुटे थे। भाजपा के नेतृत्व में पहली बार सरकार बनने से उत्साहित कार्यकताओं ने कार्यालय में जमकर मिठाईयां बांटी।

## विकास मॉडल और तेज गति से आगे बढ़ेगी : सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता



बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री के रूप शपथ ग्रहण और पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा और एनडीए के लाखों कार्यकताओं को विश्वास है कि नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास कार्यक्रम को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने प्रदेश में जो सुशासन स्थापित किया है उसे और धार देंगे तथा नीतीश कुमार के विकास मॉडल और तेज गति से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और जनकल्याण के मार्ग पर नए कीर्तिमान स्थापित करेगा तथा प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के उत्थान हेतु प्रभावी प्रयास सुनिश्चित होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार में पहले भी एनडीए सरकार थी आज भी है और कल भी रहेगी। हमारी प्रतिबद्धता कल भी विकसित बिहार बनाने की थी और और आज भी है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि सुदृढ़ नीति-निर्माण, स्पष्ट प्राथमिकताएं और परिणामोन्मुखी कार्यशैली के साथ नई सरकार प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए पूर्णतः संकल्पित है।

## केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सम्राट चौधरी से की मुलाकात, बोले-बिहार को आगे ले जाएंगे

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले सम्राट चौधरी से मुलाकात की और शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही विश्वास जताया कि नीतीश कुमार के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए बिहार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। चिराग पासवान ने एक्स पर लिखा, आज पटना में बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पूर्व सम्राट चौधरी से मुलाकात कर उन्हें एनडीए विधायक दल के नेता चुने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। चिराग पासवान ने मीडिया से बातचीत में कहा, सम्राट चौधरी को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं। वह मेरे बिहार को एक अगले पड़ाव की ओर लेकर जाने वाले हैं। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार नई ऊंचाइयों पर जाएगा, जिस तरह से नीतीश कुमार ने दो दशक में बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास की राह की ओर अग्रसर किया है। मुझे विश्वास है कि सम्राट चौधरी नीतीश कुमार के कार्यों को आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि नीतीश कुमार के कार्यकाल की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक ईमानदारी और समर्पण के साथ बिहार का नेतृत्व किया और राज्य को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए काम किया। निस्संदेह, 2005 में बिहार जिस स्थिति में उन्हें सौंपा गया था, उस स्थिति से बिहार को आज की स्थिति तक लाना कोई आसान काम नहीं था। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि सम्राट चौधरी बिहार को आगे ले जाने में सक्षम होंगे। हम सभी उनके नेतृत्व में मजबूती से खड़े हैं और पूरा गठबंधन, सभी सहयोगी दलों के साथ, उनके साथ है। मुझे विश्वास है कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

## आशा है बिहार की उन्नति के लिए संकल्पित होकर करेंगे काम : तेजस्वी

- कहा-इलेक्टेड मुख्यमंत्री को गद्दी से उतारने की अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण करने पर सेलेक्टेड सीएम को बधाई

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके मुख्यमंत्री बनने पर विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बधाई देने के बहाने मुख्यमंत्री पर जोरदार कटाक्ष भी किया। उन्होंने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स के जरिये नए मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए लिखा, आशा है कि नए सेलेक्टेड मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बिहार की उन्नति, सुख-समृद्धि, शांति, सौहार्द, सुरक्षा और सर्वांगीण सुधार के लिए संकल्पित होकर सशक्त तरीके से काम करेंगे तथा बाहरियों के दिशा-निदेशों के आगे बिहारियों के स्वाभिमान को गिरवी नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रादुर्भाव से समाजवादी सम्राट चौधरी को पुनः हार्दिक शुभकामनाएं। राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, आज इलेक्टेड मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गद्दी से उतारने की अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण करने पर बधाई तथा सेलेक्टेड मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नए मुख्यमंत्री इस कड़वे, अप्रिय एवं कठोर तथ्य से पूर्ण रूप से अवगत होंगे कि 21 वर्षों के एनडीए शासन के उपरांत भी नीति आयोग के अधिकांश मानकों, सतत विकास के सभी सूचकांकों सहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, ध्वस्त विधि व्यवस्था, आय-निवेश, खर्च-खपत, नौकरी-रोजगार, गरीबी-पलायन, एक समान प्रगति-एकरूप संवृद्धि तथा मानव विकास के तमाम संकेतकों में बिहार राष्ट्रीय औसत से अत्यधिक कम और बहुत पीछे है। इधर, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने भी तंज कसते हुए नए मुख्यमंत्री को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, बिहार के नए मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों को शपथ एवं दायित्व ग्रहण की बहुत-बहुत बधाई। बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बने हैं, पर भाजपा में अजीब सन्नाटा पसरा है! उन्होंने आगे लिखा कि क्या नीतीश कुमार के कोटे से भाजपा के मुख्यमंत्री बने हैं? भाजपा के सर्वोच्च नेताओं की पर्ची पर नीतीश कुमार की इच्छा भारी पड़ गई।

## नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में सुशासन की परंपरा को आगे बढ़ाएगी नई एनडीए सरकार : उमेश

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को जारी अपने बयान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले सम्राट चैधरी एवं उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले विजय कुमार चैधरी तथा बिजेंद्र प्रसाद यादव को नई जिम्मेदारियों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि बीते दो दशकों में नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास को समर्पित ऐतिहासिक कार्यकाल में जिस प्रकार बिहार ने सर्वांगीण विकास की नई ऊँचाइयों को स्पर्श किया है और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँची है, उसी प्रकार श्री सम्राट चैधरी के नेतृत्व में नई एनडीए सरकार भी सुशासन मॉडल को आत्मसात करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार की जनकेंद्रित नीतियों ने बिहार के विकास को नई गति प्रदान की है। उनके नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण को मजबूती मिली, युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खुले तथा शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुए। सड़कों का सुदृढ़ जाल बिछा, गाँव से शहर तक संपर्क सशक्त हुआ और बिजली व पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएँ घर-घर तक पहुँचीं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था में हुए ऐतिहासिक सुधारों ने आमजन के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण स्थापित किया है। साथ ही, बुनियादी ढाँचे के सुदृढ़ीकरण के साथ रोजगार एवं उद्योग के क्षेत्र में भी नए अवसर सृजित हुए हैं, जिससे विकसित बिहार की मजबूत नींव तैयार हुई है। साथ ही, उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की एनडीए सरकार के समन्वित प्रयासों से बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर है।

## संक्षिप्त खबरें

### सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास का मॉडल राज्य बनेगा : प्रेम रंजन

पटना। भाजपा के प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में बिहार एक नई दिशा की ओर अग्रसर होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने जिस विकसित, सशक्त और आत्मनिर्भर बिहार का सपना देखा है, उसे साकार करने की दिशा में यह नेतृत्व निर्णायक साबित होगा। सम्राट चौधरी जी एक दूरदर्शी, ऊजार्वान और जमीनी नेता हैं, जिनकी राजनीतिक समझ और प्रशासनिक क्षमता बिहार को विकास के नए आयाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उनका विजन सिर्फ वर्तमान तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए एक मजबूत, समृद्ध और आधुनिक बिहार की नींव रखने का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार में आधारभूत संरचना, उद्योग, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिलेगा। डबल इंजन सरकार की ताकत से विकास की गति और तेज होगी, जिससे गांव से लेकर शहर तक हर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। यह स्पष्ट है की सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार केवल विकास नहीं करेगा, बल्कि एक मॉडल राज्य के रूप में उभरेगा, जहां सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आने वाला समय बिहार के लिए स्वर्णिम युग का संकेत दे रहा है, जिसमें हर नागरिक की आकांक्षाएं पूरी होंगी और राज्य देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

### सात निश्चय के तहत संकल्पों को पूरा कर समृद्ध बिहार बनाएंगे सम्राट चौधरी : जदयू

पटना। जदयू की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा एवं मीडिया पैनलिस्ट किशोर कुणाल ने संयुक्त बयान जारी कर सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी अपने अनुभव, ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ राज्य के विकास को नई गति देंगे। उन्होंने जिस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है, वह बिहार के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। नीतीश कुमार द्वारा प्रारंभ किए गए सात निश्चय कार्यक्रम ने राज्य के बुनियादी ढांचे, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए हैं। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इन योजनाओं को न केवल पूर्ण करेंगे, बल्कि उन्हें और अधिक प्रभावी बनाकर राज्य के हर वर्ग तक उनका लाभ पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार के पूर्व में शुरू किए गए विकास कामों के दम पर ही बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। सम्राट चौधरी का यह संकल्प कि वे राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेंगे, निश्चित रूप से बिहार की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि श्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन में बिहार विकास, सुशासन और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेगा।

### नीतीश की नींव, सम्राट की उड़ान : नवल शर्मा

पटना। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि नीतीश कुमार का युग किसी तारीख या पद के साथ समाप्त होने वाला अध्याय नहीं है, बल्कि वह एक जीवंत विचारधारा है जो बिहार की मिट्टी में रच बस चुका है। बिहार का जर्रा जर्रा, कण कण आज भी और आने वाले समय में भी नीतीश कुमार के कामों की गवाही देते रहेंगे। दूसरी ओर इसमें कोई शक नहीं कि अपने शासकीय अनुभव, स्पष्ट दृष्टि और दृढ़ संकल्प के साथ सम्राट चैधरी निश्चित रूप से इस विकास यात्रा को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे।

### जनता के भरोसे पर खरा उतरेगी नयी सरकार : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री बनने हार्दिक बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में बिहार का सतत विकास जारी रहेगा। एनडीए की सरकार के प्रति बिहार की जनता का जो अटूट भरोसा है, वह भरोसा कायम रहेगा। एनडीए की नयी सरकार जनता के भरोसे पर खरा उतरेगी।

## नीतीश ने सत्ता को ठोकर मारकर सिद्धान्तों को सर्वोपरि रखा: जदयू

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार में बुधवार को भाजपा के नेता सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा कर दिया था। इधर, नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद जदयू ने कहा कि नीतीश कुमार ने सत्ता को ठोकर मारकर सिद्धान्तों को सर्वोपरि रखा। जदयू के विधान पार्षद और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने बुधवार को सोशल नेटवर्किंग साइट पर एक पोस्ट के जरिये नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर सवाल यह नहीं कि आपने क्या त्याग किया, सवाल यह है कि आपके इस त्याग की चर्चा कौन करेह्व शीर्षक के जरिए नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए लिखा, कोई एक दिन के लिए भी त्याग नहीं करता, लेकिन नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री की कुर्सी त्याग कर एक ऐसी मिसाल कायम की है, जो राजनीति के इतिहास में विरले ही देखने को मिलती हैं। उन्होंने आगे लिखा कि सत्ता को ठोकर मारकर सिद्धांतों को सर्वोपरि रखना हर किसी के बस की बात नहीं। यह साहस, यह चरित्र, यह त्याग- सिर्फ नीतीश कुमार जैसे नेता ही दिखा सकते हैं। जिस बिहार ने विभाजन का दंश झेला, जिसे कभी जंगलराज, भय, नरसंहार, जातीय उन्माद और कुशासन की पहचान बना दिया गया- उसी बिहार को फिर से खड़ा करने का संकल्प किसी साधारण व्यक्ति का नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सांसद या विधायक बन जाना बड़ी उपलब्धि नहीं है- लेकिन सामाजिक जकड़नों को तोड़ना, भविष्य की पीढ़ियों के लिए रोडमैप बनाना और उसे जमीन पर उतारना, यह असाधारण व्यक्तित्व का व्यक्ति ही कर सकता है। 21 वर्षों की बिहार की राजनीति में कितने ही उतार-चढ़ाव आए लेकिन एक चीज कभी नहीं बदली- जनता के प्रति समर्पण और बिहार के विकास का अटूट संकल्प। और जब वक्त आया- तो कुर्सी से मोह नहीं, बल्कि जनता के प्रति समर्पण। जदयू के नेता नीरज कुमार ने आगे विश्वास जताते हुए कहा कि यही कारण है कि सात निश्चय केवल योजना नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य का विजन है। आशा ही नहीं, यह बिहार की जनता की स्पष्ट अपेक्षा और दृढ़ मांग है कि नीतीश कुमार द्वारा तैयार किया गया विकास का रोडमैप- सात निश्चय पार्ट-3- बिना किसी छेड़छाड़ के, बिना किसी भटकाव के, लगातार और पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ता रहे।

## पदभार ग्रहण से पहले सम्राट चौधरी ने हनुमान जी का लिया आशीर्वाद



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा विधान मंडल दल के नेता चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पूर्व भाभी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस मौके पर सम्राट चौधरी ने भगवान हनुमान जी की विधि पूर्वक पूजा की उनका नया वस्त्र चढ़ाया और उनकी आरती की। इस मौके पर सम्राट चौधरी को पंडित अजय झा धीरज दुबे शिवाकांत झा और ओम तिवारी ने उन्हें विधि पूर्वक षोडशोपचार विधि से पूजा करवाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा की उनकी कामना है की हनुमान जी बिहार पर अपनी नजर रखें और बिहार में सुशासन और ठीक ढंग से विधि व्यवस्था कायम है।

## राज्य सरकार की नई नीतियों से बिहार में नये उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य सरकार ने बिहार में नये उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई नीतिगत पहल शुरू की है। इसमें नई नीतियां बनाई गई हैं ताकि वैश्विक तथा घरेलू निवेशक यहां आकर्षित हो सकें। विदित हो कि राज्य सरकार ने वैश्विक तथा घरेलू निवेशकों को और अधिक आकर्षित करने के उद्देश्य से बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 लागू किया है। यह देश के सर्वश्रेष्ठ निवेश प्रोत्साहन पैकेजों में से एक है। बिहार सेमीकंडक्टर नीति, 2026 को हाल ही में राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। यह भारत सरकार की योजनाओं के अनुरूप हैं। इन नीति का उद्देश्य बिहार को भारत के पूर्वी क्षेत्र में एक उभरते हुए प्रौद्योगिकी हब के रूप में स्थापित करना है। इसके अलावा बीआइआइपीपी 2025 को पूरक रूप में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्र-विशेष नीतियों का एक व्यापक ढांचा भी लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य लक्षित निवेश को प्रोत्साहित करना है। इनमें बिहार बॉयोफ्यूल्स उत्पादन प्रोत्साहन संशोधन नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, 2024, बिहार लॉजिस्टिक्स नीति, 2024, वस्त्र एवं चमड़ा नीति, 2022 तथा बिहार स्टार्ट-अप नीति, 2022 सहित अन्य नीतियां सम्मिलित हैं। बिहार की औद्योगिक नीतियां आज देश की सबसे प्रतिस्पर्धी नीतियों में शामिल हैं।

## जल-जीवन-हरियाली: बेगूसराय में 808 सार्वजनिक कुओं का जीर्णोद्धार, सोक पिट से भूगर्भ जलस्तर सुधारने की तैयारी

- ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर भूगर्भ जल संरक्षण के लिए चल रहा बड़ा अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भूगर्भ जलस्तर बरकरार रखने की मंशा से राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है। इनमें मुख्य रूप से ग्रामीण विकास विभाग की ओर से संचालित जल-जीवन-हरियाली अभियान हाल के वर्षों में काफी कारगर साबित हो हुआ है। इस अभियान के तहत पिछले सात वर्षों में बेगूसराय जिले में 808 सार्वजनिक कुओं का जहां जीर्णोद्धार किया गया है वहीं 723 कुओं के किनारे सोक पिट का निर्माण कार्य भी पूरा किया गया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पंचायती राज, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से गांवों में जल-जीवन-हरियाली अभियान के अपवय-03 को लागू किया गया है। इसी के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कुओं का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण के साथ जगह-जगह सोक पिट का निर्माण किया जा रहा है।

## कल शुरू होगी स्व-गणना, जिला स्तर पर अधिकारी आमलोगों में जागरूकता बढ़ाएं : सीके अनिल

- प्रधान सचिव ने की समीक्षा बैठक, जनगणना कोषांग के अधिकारियों को दिए कई निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारत की जनगणना 2027 के तहत 17 अप्रैल से 01 मई तक चलने वाली स्वझगणना की प्रक्रिया में अधिकतम जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने में पूरी टीम लगी हुई है। पहली बार आम लोगों को इस माध्यम से खुद जनगणना में हिस्सा लेने का अवसर प्रदान किया गया है। डिजिटल मोड में होने वाली इस जनगणना के प्रथम चरण में 02 मई से 31 मई के बीच मकान सूचीकरण एवं आवास गणना किया जाना है। इस दौरान 33 प्रश्न पूछे जाएंगे। इससे पहले 17 अप्रैल से इसी कार्य को आम लोग कहीं से भी पोर्टल के माध्यम से कर पाएंगे। ये बातें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने बुधवार को समीक्षा बैठक करते हुए कही। बैठक में विभाग के जनगणना कोषांग से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में स्वझगणना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि जनगणना की प्रक्रिया को अधिक सुगम, सटीक और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से इस बार स्वझगणना पद्धति पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने जिला स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने और अधिक से अधिक लोगों को स्वझगणना के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक प्रथम चरण के तहत नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इस प्रक्रिया से समय की बचत होगी और आंकड़ों की शुद्धता भी सुनिश्चित होगी। साथ ही पोर्टल पर दर्ज सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेंगी। बैठक में निर्देश दिया गया कि जिलों के सभी सरकारी कार्यालयों में विशेष स्व-गणना प्रोत्साहन बैठकें आयोजित की जाएं।

इन बैठकों में जनगणना का प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर, फील्ड ट्रेनर, सुपरवाइजर और प्रगणक शामिल होंगे। इनका उद्देश्य सरकारी कर्मियों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें अपने कार्यक्षेत्र और समुदाय में कम से कम दस लोगों को स्वगणना कराने में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करना होगा।

प्रधान सचिव ने जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शिक्षित युवाओं और स्वयंसेवकों को इस अभियान से जोड़ा जाए, ताकि वे अपने परिवार और पड़ोस के लोगों को ऑनलाइन जानकारी भरने में मदद कर सकें। बैठक में यह भी बताया गया कि जिन नागरिकों के पास इंटरनेट या स्मार्टफोन की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वे अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर स्वगणना की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

बैठक के अंत में अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे निर्धारित अवधि के भीतर स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी कर डिजिटल माध्यम से होने वाली इस जनगणना को सफल बनाने में सहयोग करें। अपनी गणना स्वयं करें, डिजिटल भारत का हिस्सा बनें, इसी संदेश के साथ स्वझगणना अभियान को व्यापक रूप से प्रचारित करने का निर्देश दिया गया।

## पूर्व डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने सीएम सम्राट चौधरी से की मुलाकात, दी बधाई



- बिहार विकास, सुशासन और समृद्धि की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा : विजय

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभालने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से आत्मीय भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। बिहार में भारतीय जनता पार्टी से सम्बद्ध प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में उनका दायित्व ग्रहण करना एक ऐतिहासिक क्षण है । निस्संदेह यह पार्टी और विचार परिवार के कई पीढ़ियों के कार्यकताओं के समर्पण, त्याग, तप और संघर्ष का सुखद परिणाम है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह सहित शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन तथा एनडीए गठबंधन के सहयोगियों के साथ सामंजस्य से आपके नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और समृद्धि की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा । आपको सफल, जनकल्याणकारी कार्यकाल के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### विभूतिपुर सीओ हुए निलंबित, विभागीय आदेश की अवहेलना का लगा आरोप

विभूतिपुर/समस्तीपुर। विभागीय आदेश की अवहेलना एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने के आरोप में विभूतिपुर अंचलाधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।यह निलंबन पत्र बिहार राज्य के उप सचिव डॉ सुनील कुमार के द्वारा निर्गत किया गया है। जिसमें विभूतिपुर अंचल अधिकारी रणधीर रमन पर मुख्यमंत्री के समृद्धि यात्रा में व्यवधान पैदा करने, भूमि सुधार जनकल्याण संवाद कार्यक्रम में भाग नहीं लेने सहित कई बिंदु बार आरोप लगाया गया है।तथा सरकारी सेवक नियमावली प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। बताया गया है कि अंचलाधिकारी रणधीर रमन पर विभागीय कार्रवाई का आदेश अलग से निर्गत किया जाएगा। निलंबन अवधि में बिहार सरकारी सेवक नियमावली के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा तथा निलंबन अवधि पूर्णिया मुख्यालय आयुक्त कार्यालय निर्धारित किया गया है।

### ग्रामीण चिकित्सक संघ की बैठक में लिया कई निर्णय

विभूतिपुर/समस्तीपुर। बिहार प्रांतीय ग्रामीण चिकित्सक संघ विभूतिपुर की मासिक बैठक झहुरा साखमोहन निवासी डॉ. चंदन कुमार के आवासीय परिसर में डॉ घुरण महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन डॉ. विष्णु देव सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत से लेकर सुबे बिहार में विभिन्न संघ को एक प्लेटफॉर्म पर लाकर संघर्ष कर सरकार को अपने मांग को मानने के लिए मजबुर कर देंगे। बैठक को संघ के राज्य कमेटी सदस्य डॉ. राज कुमार राकेश, जिला कमेटी सदस्य डॉ. देवेन्द्र प्र.आर्य, डॉ. चन्द्रशेखर साहू, प्रखंड कोषाध्यक्ष डॉ. उमेश झा, प्रखंड कमेटी सदस्य डॉ. अग्नि देव सिंह, डॉ. राजेन्द्र राकेश, डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. विरेन्द्र कुमार, डॉ. मुरारी प्रसाद यादव, डॉ. अलाउद्दीन, डॉ. कृष्ण देव सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

### दहेज हत्या मामले में 4 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले के सकरा थानांतर्गत सतपुरा गांव में सोमवार को एक महिला की हत्या के आरोप में पुलिस ने चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।यह जानकारी देते हुए एसडीपीओ -2 मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को थाने के सतपुरा गांव में रविरंजन राय की पत्नी चांदनी देवी की हत्या कर दी गई थी।सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मृतका का अधजला शव बरामद किया था।इस मामले में मृतका के भाई द्वारा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई,जिसमें मृतका के पति रविरंजन राय ,ससुर कृष्ण देव राय,सांस ललिता देवी और देवर अजित कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया था। एसएसपी के निर्देश और ग्रामीण एसपी के अनुश्रवण के बाद 12 घंटे के अंदर सभी चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### वृद्धाश्रम में सेवा संग मनाया गया जन्मदिन

मुजफ्फरपुर। सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए समृद्धि फाउंडेशन ने एक अनूठी पहल के तहत वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ जन्मदिन मनाकर खुशियां साझा कीं। यह आयोजन संस्था की सदस्या कादम्बिनी कुमारी के पिता के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया, जिसका उद्देश्य इस खास दिन को सेवा और संवेदना के साथ यादगार बनाना था। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ मिलकर केक काटा और उन्हें सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र भेंट किए। इस दौरान वृद्धजनों के चेहरों पर आई मुस्कान और उनके आशीर्वाद ने माहौल को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया। कादम्बिनी कुमारी ने बताया कि उनके पिता की इच्छा थी कि उनका जन्मदिन सादगी के साथ जरूरतमंदों के बीच मनाया जाए। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर सनाया गौतम, कादम्बिनी ठाकुर सहित संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने कादम्बिनी कुमारी के पिता के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की।

### जनगणना को लेकर नियंत्रण कक्ष बनाया गया बीडीओ

सीवान/दारौंदा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री सिम्पी कुमारी द्वारा 16 अप्रैल 2026 से अगले आदेश तक प्रखंड कार्यालय में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना चरण के सफल संचालन हेतु चार्ज स्तर पर जनगणना कोषांग का गठन किया गया है। जारी कार्यालय आदेश के अनुसार विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मियों को प्रतिनियुक्त करते हुए उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें नोडल पदाधिकारी के रूप में शिक्षकों को प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों से प्रतिवेदन प्राप्त कर उसका संकलन करने तथा उटट्र पोर्टल पर अपलोड कराने का कार्य दिया गया है। साथ ही नियंत्रण कक्ष की जिम्मेदारी महिला प्रसार पदाधिकारी प्रभा कुमारी को सौंपी गई है, जो पूरे कार्य की निगरानी करेंगी।

# ज्ञान भारत मिशन के तहत डीएम ने पाण्डुलिपियों का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा।भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत दरभंगा जिला स्थित एम.के.एस. कल्याणी फाउंडेशन में संरक्षित पाण्डुलिपियों का अवलोकन आज जिलाधिकारी कौशल कुमार ने किया ।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भारत के संविधान की एक दुर्लभ प्रति का अवलोकन किया, जिसमें संविधान के संपादक मंडल के सभी सदस्यों के हस्ताक्षर संलग्न हैं। उन्होंने शताब्दियों पुराने ताड़पत्र पर लिखित पाण्डुलिपियों का भी सूक्ष्म अवलोकन किया तथा उनकी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त स्वप्निल एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चंदन कुमार द्वारा पाण्डुलिपियों की वर्तमान स्थिति एवं उनके संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। कल्याणी फाउंडेशन के कार्यपालक पदाधिकारी श्रुतिकर झा एवं पुस्तकालयाध्यक्ष श्री पारस ने उपस्थित आगंतुकों को उपलब्ध दस्तावेजों एवं पाण्डुलिपियों के विस्तृत संग्रह से अवगत कराया। *ज्ञातव्य है कि ज्ञान भारतम् मिशन का मुख्य उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को संरक्षित कर उसे वैश्विक मंच पर स्थापित करना तथा आम जनमानस को देश के समृद्ध इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। इसी दिशा में दरभंगा जिला में उपलब्ध पाण्डुलिपियों के सर्वेक्षण का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है ।जिलाधिकारी ने जिलावासियों से अपील कि की वे ज्ञान भारतम् मोबाइल ऐप डाउनलोड कर अपने पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों से संबंधित जानकारी साझा करें। उन्होंने कहा कि पाण्डुलिपियों के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना हेतु जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी, लहेरियासराय, दरभंगा से संपर्क किया जा सकता है।

# सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना बिहार की राजनीति में एक नए युग की शुरूआत : पप्पू सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। पटना में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में सम्राट चौधरी ने बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस ऐतिहासिक अवसर पर दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा के महामंत्री संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्ल भी उपस्थित रहे और समारोह में भाग लिया। श्री पप्पू सिंहह्ल ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह समस्त भाजपा कार्यकताओं के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना बिहार की राजनीति में एक नए युग की शुरूआत है। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में जनहित एवं विकासोन्मुखी नीतियों को और अधिक गति मिलेगी। इस दौरान उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में देश के साथ-साथ बिहार भी तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संगठनात्मक कौशल और सशक्त नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से भारतीय जनता पार्टी देशभर में लगातार मजबूत हो रही है।श्री सिंह ने बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व की भी सराहना की और कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी संगठन राज्य में और अधिक सशक्त एवं सक्रिय हुआ है। अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए का प्रत्येक कार्यकर्ता राज्य के विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा।

# चोरी के मोटरसाइकिल व ब्राउन सुगर के साथ अलग अलग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



मधुबनी। जयनगर थाना पुलिस ने चोरी के मोटरसाइकिल के साथ मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया।यह कार्रवाई पुलिस के द्वारा सघन वाहन चेकिंग के दौरान सफलता मिली।चेकिंग के दौरान वाहन सवार चालक से वाहन सम्बंधित कागजात की मांग की गई। लेकिन चालक के द्वारा वाहन सम्बंधित कागजात नहीं दिखाया गया। पुलिस को शक हुआ और वाहन को जब्त करते हुए वाहन चालक को पूछताछ हेतु थाना लाया गया।पुलिस मामले की जांच व पूछताछ में जुट गई पूछताछ के क्रम वाहन चोरी का बताया गया। इसके पश्चात पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुलिस के द्वारा मामले में की गई कार्रवाई को लेकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस बल के द्वारा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग की जा रही उसी क्रम में थाना क्षेत्र के बलुआ टोल में सघन चेकिंग के दौरान पुलिस को सफलता मिली। मामले में गिरफ्तार आरोपी नेपाल खजूरी थाना क्षेत्र के इनर्वा निवासी लगभग 22 वर्षीय अमित कुमार यादव बताया जाता है। मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वही दूसरे मामले में ब्राउन सुगर के साथ मामले में एक आरोपी गिरफ्तार है। गिरफ्तार आरोपी जयनगर थाना क्षेत्र के बेतोंन्हा निवासी लगभग 19 वर्षीय सतीश कुमार महतो बताया जाता है। मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मधुबनी में ईंधन संकट की अफवाह बेबुनियाद गैस व पेट्रोल-डीजल का भरपूर स्टॉक

● होम डिलीवरी से मिल रही गैस, अनावश्यक भीड़ न लगाएं : जिला प्रशासन

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी। जिला प्रशासन ने जानकारी दी है कि मधुबनी जिले में आवश्यक ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है।दिनांक 15 अप्रैल 2026 को जिले में कुल 39,126 घरेलू गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। गैस आपूर्ति के लिए विभिन्न कंपनियों के कुल 103 वितरक कार्यरत हैं।जिला जनसम्पर्क कार्यालय के अनुसार, 1 मार्च 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक कुल 6,22,763 गैस बुकिंग दर्ज की गई है। वर्तमान व्यवस्था के तहत शहरी क्षेत्रो में अगली बुकिंग 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रो में 45 दिन के अंतराल पर ही संभव होगी। उपभोक्ताओ से अपील की गई है कि वे अपने मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी (डीएसी) के माध्यम से अधिकृत वितरक से ही गैस सिलिंडर प्राप्त करे।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले की सभी गैस एजेंसियो द्वारा होम डिलीवरी के माध्यम से नियमित आपूर्ति की जा रही है। आमजन से आग्रह किया गया है कि वे गैस एजेंसियो पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और पैनिक बुकिंग से बचे। किसी भी समस्या के समाधान हेतु उपभोक्ता गैस कंपनियों के ग्राहक सेवा नंबर 1906, इंडियन ऑयल के टोल फ्री नंबर 1800-23333-555, भारत पेट्रोलियम के 1800 -22-4344 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 1800-2333-555 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए गूगल लिंक पर भी शिकायत या सुझाव दर्ज किया जा सकता है। साथ ही, जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06276-222576 पर भी जानकारी दी जा सकती है।जिला प्रशासन ने बताया कि प्राप्त शिकायतो एवं सुझावो पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है तथा कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए विशेष टीम लगातार निगरानी कर रही है। लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और अपनी बारी के अनुसार ही गैस प्राप्त करे।वही, जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर भी ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। 15 अप्रैल 2026 को 476.6 हजार लीटर पेट्रोल तथा 658.1 हजार लीटर हाई स्पीड डीजल का स्टॉक मौजूद है। प्रशासन ने आमजनों से पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की है।

# अग्नि सुरक्षा एवं बचाव हेतु प्रभातफेरी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर आज जिला अग्निशमन पदाधिकारी के नेतृत्व में अनुमंडल अग्निशामालय के पदाधिकारियों , कर्मियों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। इस अवसर पर राजकीय कृत महिला शिल्प कला, उच्च विद्यालय चन्दवारा के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ अग्नि सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिकोण से हरी झंडी दिखाते हुए प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी अग्निशामालय मुजफ्फरपुर के प्रांगण से शुरू करते हुए बनारस बैंक चौक, बाबा गरीब नाथ मंदिर होते हुए सब्जी मंडी के रास्ते पुनः अग्निशामालय मुजफ्फरपुर मे समापन किया गया। अनुमंडल अग्निशामालय मोतीपुर के पदाधिकारी एवं कर्मियों, द्वारा राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीपुर के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ अग्नि सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिकोण से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी अग्निशामालय मोतीपुर से प्रारंभ करते हुए बस स्टैंड मोतीपुर के रास्ते जुनायडा, गांधी चौक मोतीपुर से होते हुए पुनः अग्निशामालय मोतीपुर में समापन किया गया।इसके अतिरिक्त अग्निशामालय मुजफ्फरपुर अंतर्गत सन-साइन हाई स्कुल मिठनपुरा एवं अग्निशामालय मोतीपुर अंतर्गत राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीपुर में अग्नि सुरक्षा के प्रति व्यवहारिक ज्ञान मॉकड्रिल एवं छात्र-छात्राओं के बिच अग्निशमन यंत्रो का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही अग्नि सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिकोण से क्या करें, क्या न करें संबंधी लिफलेट-पम्पलेट का वितरण किया गया।मौके पर वरीय जिला समादेष्टा-सह-जिला अग्निशमन पदाधिकारी , सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर, अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी मोतीपुर एवं अन्य अग्निशमन पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थें।

# नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के चुनाव की तैयारी पूरी, 17-18 अप्रैल को होगा मतदान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जिले के विभिन्न नगर परिषद , नगर पंचायतों, नगर निगम में समिति के रिक्त पदों पर चुनाव कराने की तिथि एवं स्थान निर्धारित कर दिये गए हैं। इसके लिए प्रत्येक नगर निकाय में संबंधित प्रखंड सभागार को मतदान स्थल बनाया गया है, जहां निर्धारित तिथि पर चुनाव संपन्न कराया जाएगा। चुनाव की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा सहायक निवार्ची पदाधिकारियों, सहयोगी अधिकारियों एवं प्रेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। नगर परिषद मोतीपुर, कांटी एवं साहेबगंज में 17 अप्रैल को चुनाव होंगे। इन सभी निकायों में सशक्त स्थायी समिति के तीन-तीन सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। इसी दिन संबंधित प्रखंड सभागारों में मतदान की व्यवस्था की गई है। इन चुनावों के संचालन के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत मुरौल, कुढ़नी, सकरा, माधोपुर सुस्ता, बरूराज, मीनापुर एवं सरैया में भी चुनाव कार्यक्रम तय किया गया है। इनमें से मुरौल एवं कुढ़नी में 17 अप्रैल को जबकि सकरा, माधोपुर सुस्ता, बरूराज, मीनापुर एवं सरैया में 18 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। प्रत्येक निकाय में तीन-तीन सदस्यों का निर्वाचन किया जाना है। नगर निगम मुजफ्फरपुर में 7 पदों के लिए 18 अप्रैल को जिला सभागार मुजफ्फरपुर में चुनाव होंगे।सभी नगर निकायों के लिए चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में विभिन्न वरीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जबकि चुनाव कार्य में सहयोग के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को लगाया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक चुनाव स्थल पर एक-एक प्रेक्षक की भी नियुक्ति की गई है, जो संपूर्ण प्रक्रिया पर नजर रखेंगे और निष्पक्षता सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। प्रत्येक रिक्त पद के लिए अलग-अलग चुनाव कराया जाएगा तथा मतपत्रों पर क्रमांक अंकित किए जाएंगे। कोई भी वार्ड पार्षद एक से अधिक पदों के लिए नामांकन नहीं कर सकेगा। यदि किसी पार्षद द्वारा एक से अधिक पदों के लिए नामांकन किया जाता है, तो न्यूनतम क्रमांक वाले पद के लिए किया गया नामांकन ही मान्य होगा। यह व्यवस्था चुनाव प्रक्रिया को सरल एवं विवादरहित बनाने के उद्देश्य से लागू की गई है। प्रत्येक वार्ड पार्षद को सभी रिक्त पदों के लिए अलग-अलग मतदान का अधिकार होगा। मतदान के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी और अधिकतम मत प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को विजयी घोषित किया जाएगा। मतगणना के बाद संबंधित निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इसके उपरांत बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 24 के तहत सभी निर्वाचित सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण के साथ ही पूर्व में मनोनीत सशक्त स्थायी समिति स्वतः भंग मानी जाएगी और नई समिति कार्यभार संभालेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगर पालिका सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण संचालन एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी को निर्वाचन स्थल पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति हेतु संयुक्तादेश जारी करने का निर्देश दिया गया है।

# वृद्धाश्रम में सेवा संग मनाया गया जन्मदिन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए समृद्धि फाउंडेशन ने एक अनूठी पहल के तहत वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ जन्मदिन मनाकर खुशियां साझा कीं। यह आयोजन संस्था की सदस्या कादम्बिनी कुमारी के पिता के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया, जिसका उद्देश्य इस खास दिन को सेवा और संवेदना के साथ यादगार बनाना था। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ मिलकर केक काटा और उन्हें सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र भेंट किए। इस दौरान वृद्धजनों के चेहरों पर आई मुस्कान और उनके आशीर्वाद ने माहौल को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया। कादम्बिनी कुमारी ने बताया कि उनके पिता की इच्छा थी कि उनका जन्मदिन सादगी के साथ जरूरतमंदों के बीच मनाया जाए। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर सनाया गौतम, कादम्बिनी ठाकुर सहित संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने कादम्बिनी कुमारी के पिता के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की।

# अंधराठाढ़ी में आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण, व्यवस्था सुधारने के निर्देश

● जर्जर भवनों में संचालन पर सख्ती, निर्मित केंद्रों में शिफ्ट करने का आदेश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) ललिता कुमारी ने बुधवार को अंधराठाढ़ी परियोजना अंतर्गत हर्री, गौड़ अँधरा एवं अंधराठाढ़ी पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-12, 14, 193, 192, 168, 60, 170, 59 एवं 58 सहित कई केंद्रों का जायजा लिया। इस क्रम में हर्री पंचायत के कुछ केंद्रों के झोपड़ी अथवा जर्जर भवनों में संचालन किए जाने पर उन्होंने संबंधित सेविका एवं महिला पर्यवेक्षक को कड़ी चेतावनी दी। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पंचायत में निर्मित एवं अर्धनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों में ही केंद्रों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी संबंधित कर्मियों को शीघ्र व्यवस्था सुधारने एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर बेनीपुर में खुशी की लहर, एनडीए नेताओं को दी बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। भाजपा नेता सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए जाने तथा एनडीए गठबंधन की ओर से विजय चौधरी एवं बिजेंद्र प्रसाद यादव को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। विधानसभा संयोजक पिंटू झा ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं दोनों उपमुख्यमंत्रियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नए नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा और प्रदेश में सुशासन को और मजबूती मिलेगी।पिंटू झा ने कहा कि सम्राट चौधरी एक अनुभवी एवं दूरदर्शी नेता हैं, जिनके नेतृत्व में बिहार में कानून व्यवस्था सुदृढ़ होगी, भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा तथा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहां की बिहार के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समरसता और आर्थिक प्रगति के लिए यह नेतृत्व मील का पत्थर साबित होगा। विधानसभा क्षेत्र के एनडीए कार्यकताओं एवं आम लोगों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# गरही टोल में राजा सलहेश पूजनोत्सव की धूम, आस्था का उमड़ा जनसैलाब

## जयनगर में राजा सलहेश पूजनोत्सव धूमधाम से, श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर के वार्ड 12 स्थित गरही टोल में राजा सलहेश पूजनोत्सव हर्षोल्लास व भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सह मेले का आयोजन सलहेश न्यू युवा मंच के तत्वावधान में किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूजनोत्सव के अवसर पर राजा सलहेश मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर में स्थापित राजा सलहेश, वीर बजरंगबली सहित अन्य देवी देवताओं का दरबार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पारंपरिक ढोल-पिपही और भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है। मंदिर के पुजारी डोमा पासवान एवं धामी भगत अशोक पासवान सहित अन्य पुजारियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं सिद्धि साधना की जा रही है। भगतई साधना को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। मंदिर परिसर में कबूतरों का झुंड भी लोगो के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।मेले का उद्घाटन मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, धीरेंद्र झा, मंच अध्यक्ष नरेश पासवान, सचिव मनीष पासवान, कोषाध्यक्ष राजा पासवान रॉकी मेला प्रभारी शिवेश पासवान, उप सचिव अनिल पासवान व वार्ड पार्षद रामबाबू पासवान सहित अन्य गणमान्य लोगो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मेले में मीना बाजार, झूले व अन्य मनोरंजन के साधन भी लगाए गए हैं, जिससे बच्चों व युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांग रहे है।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी के सहयोग से पूजनोत्सव सह मेले का भव्य आयोजन किया गया है। यहां सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं, यही कारण है कि हर साल श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है।पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र जय श्रीराम राजा सलहेश और वीर बजरंगबली के जयघोष से गूंजता रहा, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

# कलमबाग रोड पर बना स्पीड ब्रेकर, हादसों पर लगेगा ब्रेक



मुजफ्फरपुर। शहर के व्यस्त कलमबाग रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन ने यहां स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया है। बताया जाता है कि कलमबाग रोड शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शुमार है, जहां पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती थीं। स्थानीय निवासियों के अनुसार पेट्रोल पंप से निकलने वाले वाहनों और मुख्य सड़क पर दौड़ती गाड़ियों के बीच समन्वय की कमी के चलते यहां हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता था। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए सड़क पर पीली और काली पट्टियों वाला मानक स्पीड ब्रेकर बनाया गया है, ताकि वाहन चालक अपनी गति धीमी करने को मजबूर हों। नए स्पीड ब्रेकर से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है, बल्कि पैदल चलने वाले लोगों और पेट्रोल पंप पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को सड़क पार करने में भी सुविधा होगी। विशेष रूप से ब्रेकर पर चमकदार रंगों का उपयोग किया गया है, जिससे रात के समय भी यह स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि अब इस ब्लैक स्पॉट पर हादसों का सिलसिला थमेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

मुजफ्फरपुर। शहर के आमगोला रेलवे गुमटी के पास बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, व्यक्ति रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी अचानक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रेल पुलिस और स्थानीय थाना की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने लोगों से रेलवे ट्रैक पार करते समय सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

### अवकाश प्राप्त शिक्षक सह कवि के निधन पर शोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के सिंघिया घाट कवि चौक निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक सह कवि सुखीचंद सिंह का निधन 12 अप्रैल रविवार को हो गया। वे 74 वर्ष के थे। उन्हें भागलपुर विक्रमशिला विश्वविद्यालय से कवि रत्न की उपाधि एवं देवघर हिंदी विद्यापीठ से साहित्य अलंकार की उपाधि प्राप्त थी। उनकी प्रकाशित पुस्तक पावनहार दुनिया की 16 देश में पहुंच चुकी है। उनकी और प्रकाशित कई पुस्तक हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

### तारापुर विधानसभा क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। तारापुर विधानसभा क्षेत्र के हवेली खड़गपुर में हर्ष और गौरव का माहौल देखने को मिला। बुधवार को सुभाष चंद्र कादंबरी साहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, झील पथ, हवेली खड़गपुर की आजीवन संरक्षिका श्रीमती कादंबरी साहा ने बिहार के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्री सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके कुशल मार्गदर्शन में राज्य की दिशा और दशा में सकारात्मक बदलाव आएगा तथा बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा। श्रीमती साहा ने यह भी आशा व्यक्त की कि नए मुख्यमंत्री शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र में प्रभावी कदम उठाते हुए बिहार को एक सशक्त और समृद्ध राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ता में हर्ष,दी बधाई

विभूतिपुर/समस्तीपुर। सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिठाई बांटी।वहीं पूर्व जिला परिषद सह भाजपा नेता कृष्णदेव प्रसाद सिंह, अरविंद कुमार कुशवाहा, सतीश झा,चंद्रमणि प्रसाद सिंह, दीपक कुमार साह, रमाकांत राय, मनोज कुमार, अभिषेक कुमार गौतम ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बनाए जाने पर बधाई दी है।

### दिवंगत रितेश कुमार उर्फ बबलू के बच्चों को दसवीं तक मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

विभूतिपुर/समस्तीपुर। सड़क हादसे में दिवंगत हुए रितेश कुमार उर्फ बबलू के तीनों बच्चों के शिक्षा के लिए आगे बढ़कर आए सिद्धि विनायक इंटरनेशनल स्कूल कल्याणपुर। विद्यालय के निर्देशक रमेश कुमार ठाकुर ने संवेदना व्यक्त करते हुए सराहनीय कदम उठाते हुए बताया कि पिछले दिनों रितेश कुमार उर्फ बबलू की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बबलू के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। उन्होंने तीनों छोटे बच्चों को दसवीं तक निशुल्क शिक्षा देने का ऐलान किया है।

### बीएड शिक्षण अभ्यास समापन समारोह का हुआ आयोजन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। डीबीकेएन कॉलेज नरहन के बीएड शिक्षण अभ्यास का सफल समापन के अवसर पर प्लस टू रघुनंदन सेट उच्च विद्यालय सिंघिया घाट में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कन्हैया कुमार ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रशिक्षकों ने विभिन्न विद्यालयों के विभिन्न वर्गों में जाकर अध्यापन कार्य का सफलतापूर्वक संचालन किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं का सराहना किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु अमित कुमार राज, अजीता कुमारी, कन्हैया कुमार, रवीश कुमार, मनीष कुमार, चंदन कुमार पासवान, मनोज कुमार, रणविजय कुमार आदि मौजूद थे। प्रोफेसर सुशील कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही समारोह संपन्न हुआ।

# नया नेतृत्व से विकास व जनकल्याण की दिशा में तेजी आयेगी : डॉ मुरारी मोहन

प्रात : किरण संवाददाता



केवटी(दरभंगा)। केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह बिहार के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है और राज्य की जनता को नए नेतृत्व से काफी अपेक्षाएं हैं। डॉ. झा ने कहा कि सम्राट चौधरी एक अनुभवी और दूरदर्शी नेता हैं, जिनके नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तेजी से प्रगति होगी और आम जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि बिहार लंबे समय से विकास की नई गति की प्रतीक्षा कर रहा है, और अब यह उम्मीद जगी है कि नई सरकार जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए ठोस कदम उठाएगी। डॉ. झा ने विशेष रूप से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने, किसानों के हितों की रक्षा करने और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।विधायक ने यह भी कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य में सुशासन की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगी।अंत में डॉ. मुरारी मोहन झा ने ईश्वर से सम्राट चौधरी के सफल, पारदर्शी और जनहितकारी कार्यकाल की कामना करते हुए बिहार के उज्ज्वल भविष्य की आशा व्यक्त की।

# सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास की नई दिशा की ओर : अश्वनी यादव

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अश्वनी यादव ने सम्राट चौधरी को बिहार भाजपा विधानमंडल दल का नेता चुने जाने तथा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अश्वनी यादव ने कहा कि सम्राट चौधरी का राजनीतिक अनुभव, सशक्त नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण बिहार में सुशासन और विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में राज्य नई ऊंचाइयों को छुएगा और आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा।उन्होंने सम्राट चौधरी को एक जुझारू और दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की राजनीति को एक सकारात्मक दिशा मिलेगी, जिससे सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा। अश्वनी यादव ने आगे कहा कि नई सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेगी और विकास योजनाओं को तेजी से लागू करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा और हर वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

## तरबूज पर उकेरी राजनीति की तस्वीरः सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र की अनोखी कला से सीएम सम्राट चौधरी को दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। कला और रचनात्मकता का अद्भुत संगम एक बार फिर देखने को मिला जब देश के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने अपनी अनोखी प्रतिभा से सबको चौंका दिया। बिहार में एनडीए विधायक दल के नेता के रूप में सम्राट चौधरी के चयन के बाद उन्होंने तरबूज पर शानदार कलाकृति बनाकर उन्हें अनोखे अंदाज में बधाई दी हैं। बुधवार को बिहार के नये मुख्यमंत्री के रूप शपथ ग्रहण के पूर्व ही इंटरनेशनल सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने करीब 10 घंटे की कड़ी मेहनत से 6 किलो 800 ग्राम के बड़े तरबूज पर बेहद बारीक नक्काशी की है। उन्होंने अपनी तेज धार वाले चाकू से इतनी सूक्ष्म कला उकेरी कि उसमें बिहार के लिए भाजपा के प्रथम मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की स्पष्ट और आकर्षक तस्वीर उभरकर सामने आई। खास बात यह रही कि इस कलाकृति में उन्हें कमल के साथ उदय होते हुए दशार्या गया, जो भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह भी है। कलाकार मधुरेंद्र द्वारा इस बेहद खूबसूरत कलाकृति पर ह्वबधाई हो सम्राटह्व संदेश भी उकेरा गया, जिसने इसे और खास बना दिया। यह पहली बार माना जा रहा है कि बिहार में किसी कलाकार ने इस तरह तरबूज पर इतनी राजनीतिक और प्रतीकात्मक कला प्रस्तुत की हो। मधुरेंद्र अक्सर कभी रेत पर तो कभी पीपल के हरे पत्तों पर तो कभी मिट्टी पर लेकिन इस बार अपने नए प्रयोग में एक तरबूज पर अपनी कला के जरिए देश की महान हस्तियों को सम्मान देते हुए नजर आये हैं। इस अनोखी कला का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। आम लोगों से लेकर कई राजनीतिक हस्तियों तक ने मधुरेंद्र की इस रचनात्मक पहल की जमकर सराहना की है। मधुरेंद्र कुमार की यह कलाकृति न सिर्फ उनकी कला कौशल का उदाहरण है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कला के माध्यम से सामाजिक और राजनीतिक संदेश कितने प्रभावशाली तरीके से दिए जा सकते हैं।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनते ही अधिवक्ताओं एवं राजनीतिक दलों के बीच खुशी की लहर

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर मुंगेर। तारापुर के विधायक सह तारापुर के लाल सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही तारापुर विधिज्ञ संध के अधिवक्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड गयी । गौरतलब है कि अधिवक्ताओं ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। .इस मौके पर संध के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह पूर्व अध्यक्ष हरे कृष्ण वर्मा महासचिव अनिल कुमार सिंह वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा आदि ने कहा कि अब बिहार में विकास की रफतार बढेगी और जो कार्य उपमुख्यमंत्री के कार्यकाल में सम्राट चौधरी ने आरंभ कराया हैं उसमें गति आएगी । लोगों ने आगे कहा कि अनुमंडल बने आज 25 वर्ष से अधिक हो चुके हैं लेकिन आज तक यहां व्यवहार न्यायालय की स्थापना नही हो पायी हैं, जिसके कारण तारापुर अनुमंडल के आम लोगो को न्याय के लिए 50 किलोमीटर मुंगेर की दुरी तय करनी पड़ती हैं । तारापुर में व्यवहार न्यायालय होने से आम लोगो को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिलेगा खुशी जाहिर करने वालो में अधिवक्ता ओमकार वर्मा अजय कुमार हेमंत कुमार झा संजय कुमार झा अम्बिका प्रसाद सिंह अशोक कुमार सिंह प्रदीप कुशवाहा ध्रुव नारायण सहित दर्जनों अधिवक्तागण शामिल थें। तो वहीं दूसरी ओर लोजपा रामविलास के प्रधान कार्यालय तारापुर में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह की अगुवाई में सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर पार्टी कार्यकताओं के साथ बेहतर तरीके शानदार जश्न मनाया गया। लोजपा के राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री बनने पर सम्राट चौधरी को बधाई दिया है। बधाई देने वालों में लोजपा नेता शशि शेखर राणा चंद्रशेखर चधरी आईटीसेल के जिला रोहित कुमार सिंह विशाल आनंद मुख्य रूप से शमिल थे ।

## विश्व कला दिवस पर मिथिला चित्रकला के पद्मश्री कलाकारों को सम्मान



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी में विश्व कला दिवस के अवसर पर पद्मश्री सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिथिला चित्रकला के प्रतिष्ठित पद्मश्री कलाकारों के परिजनों को पाग-डोपटा एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि मधुबनी के लिए यह गौरव की बात है कि यहां नौ पद्मश्री कलाकारों की समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ई-पोर्टल की पहल की जानकारी देते हुए बताया कि इससे बिक्री की 80% राशि सीधे कलाकारों को मिलेगी।कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक चन्द्रशेखर प्रसाद सिंह सहित अन्य अतिथियों ने मिथिला चित्रकला के संरक्षण एवं वैश्विक पहचान पर जोर दिया। वक्ताओं ने छात्रों को कला, साहित्य एवं संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर पद्मश्री कलाकारों के परिजनों ने उनके जीवन एवं योगदान को साझा किया। अंत में सभी ने मिथिला की कला परंपरा को सहेजने का संकल्प लिया।

# सैनिक कैंटीन का भव्य उद्घाटन, आम जनता को मिलेगा 10-30% तक सस्ता सामान

प्रात : किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। नगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप बुधवार को अवकाश प्राप्त सैनिक वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में सैनिक कैंटीन का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आध्यात्मिक संस्थान ब्रह्माकुमारी की स्नेहा दीदी, गायत्री परिवार के संजीव कुमार, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अंजनी ठाकुर तथा पूर्व मुख पार्षद दीपा केसरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया। उद्घाटन समारोह के दौरान पूरे परिसर में आध्यात्मिक एवं उत्सवी माहौल देखने को मिला। उपस्थित अतिथियों ने इस पहल को समाजहित में एक सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि इससे शहर के आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर अवकाश प्राप्त सेना अधिकारी सह कैंटीन के प्रोपराइटर आशीष केसरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंटीन का उद्देश्य आम लोगों को दैनिक उपयोग की गुणवत्तापूर्ण सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यहां मिलने वाले मुनाफे का एक हिस्सा अवकाश प्राप्त सैनिक वेलफेयर फंड में दिया जाएगा, जिससे पूर्व सैनिकों के कल्याण कार्यों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि विभिन्न कंपनियों से सामान सीधे कैंटीन तक पहुंचता है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो जाती है और उपभोक्ताओं को 10 से 30 प्रतिशत तक की छूट पर सामग्री उपलब्ध हो पाती है। उद्घाटनकर्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि शहर में इस प्रकार की सैनिक कैंटीन का खुलना आम जनता के लिए लाभकारी साबित होगा। यह न केवल सस्ती दरों पर सामान उपलब्ध कराएगा, बल्कि पूर्व सैनिकों के सम्मान और सहयोग का भी एक मजबूत माध्यम बनेगा। इस अवसर पर रेखा सिंह चौहान, स्मिता देवी, मीना केसरी, खुशबू केसरी, रजनी केसरी, शंभू केसरी, प्रभाकर सिंह, सुरेश कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक एवं समाज के शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# समता जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित समाजवाद पर जोर

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। अम्बेडकर लोहिया कपूरी विचार मंच के तत्वावधान में जयनगर स्थित आर्य कुमार पुस्तकालय परिसर में समता (समाजवाद) जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता हरिनारायण यादव ने तथा संचालन राजेश यादव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व विधायक सीताराम यादव, राम कुमार यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजवादी कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर, राम मनोहर लोहिया और कपूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी गई। अतिथियों का पाग, चादर व पुष्पमाला से सम्मान किया गया और एक पुस्तक का विमोचन भी हुआ। वक्ताओं ने समता व समाजवाद के विचारों को अपनाने, समाज को एकजुट रखने तथा किसान, मजदूर, छात्र व युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महान नेताओं के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने से राज्य विकास की नई ऊंचाई को छुएगा विधायक व्यास सिंह

सीवान/दरौंदा विधानसभा के भाजपा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने माननीय सम्राट चौधरी को भाजपा का पहला मुख्यमंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं. ब्यास सिंह ने इसे एक ऐतिहासिक और निर्णायक क्षण बताते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार बिहार में भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बने हैं,यह वर्षों के संघर्ष, तपस्या, समर्पण और विचारधारा की जीत है—एक ऐसा मुकाम, जो अनवरत परिश्रम और जनता के अटूट विश्वास से हासिल हुआ है.व्यास सिंह ने कहा कि यह सम्मान सम्राट चौधरी के प्रभावशाली नेतृत्व, दीर्घ राजनीतिक अनुभव, संघर्षशील व्यक्तित्व तथा संगठन के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतिफल है. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बिहार की राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और राज्य विकास की नई ऊंचाई को छुएगा. उन्होंने आगे आशा जताई कि सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन में प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य किए जाएंगे, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा.सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा जिला महामंत्री हरेंद्र कुशवाहा जिला मंत्री उमाशंकर सिंह मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह अरुण भारती, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि उमेश सिंह मुखिया रामकृष्ण सिंह उर्फ काका,मनीष सिंह, अशोक सिंह, विवेक सिंह, रणजीत सिंह, मुन्ना सिंह ने बढ़ाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी विधायक व्यास सिंह ने दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता



सीवान/दारौंदा भाजपा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी को शपथ लेने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार बिहार में भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बने है। यह भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का संघर्ष और कठिन परिश्रम का देने है। विधायक ने कहा कि बिहार विकाश की नई ऊंचाई छुएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन में प्रदेश में सुशासन एवं जन कल्याण के क्षेत्र से कार्य होगा, जिससे बिहार का विकास होगा। सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा जिला महामंत्री हरेंद्र कुशवाहा जिला मंत्री उमाशंकर सिंह मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह अरुण भारती, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि उमेश सिंह मुखिया रामकृष्ण सिंह उर्फ काका,मनीष सिंह, अशोक सिंह, विवेक सिंह, रणजीत सिंह, मुन्ना सिंह ने बढ़ाई एवं शुभकामनाएं दी।

## बियाडा भूमि अधिग्रहण विवाद को लेकर रैयतों का प्रदर्शन, अंचल अधिकारी से लगाई गुहार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अंचल कार्यालय, मुसहरी में बियाडा से जुड़े कथित भूमि अधिग्रहण मामले को लेकर प्रभावित रैयतों ने अपनी समस्या को लेकर आवाज उठाई। राजेन्द्र नगर मुहल्ला विकास समिति, वार्ड संख्या-49, कन्हौली विशुनदत्त के तत्वावधान में बड़ी संख्या में लोग अंचल अधिकारी से मिलने पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। प्रभावित लोगों का आरोप है कि बियाडा द्वारा किए गए आवेदन के आधार पर वैध भूमि धारकों (रैयतों) की जमीन पर बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के अवैध रूप से रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि थाना नंबर-411 (कन्हौली विशुनदत्त) और थाना नंबर-279 (रोहुआ आपुछ) क्षेत्र में रहने वाले अधिकांश लोग पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से यहां निवास कर रहे हैं और संवैधानिक रूप से रैयत होने की सभी शर्तें पूरी करते हैं। इसके बावजूद उनकी जमीन के रजिस्ट्रेशन और दाखिल-खारिज पर रोक लगने से लोगों में गहरी चिंता व्याप्त है। रैयतों ने अंचल अधिकारी से इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की। इस दौरान अखिलेश कुमार, विमलेश शर्मा, उत्पल रंजन, मृत्युंजय कुमार सिंह, अमित कुमार, सुमित कुमार कंठ, रोहित कुमार, रौशन कुमार सिंह, संतोष झा, विजय कुमार मिश्रा, रविरंजन सहित 100 से अधिक स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने बियाडा कार्यालय पहुंचकर प्रभारी डीजीएम राजीव रंजन से भी मुलाकात की। प्रतिनिधियों में अखिलेश कुमार, विमलेश शर्मा और रौशन कुमार सिंह शामिल थे, जिन्होंने अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग करते हुए आवेदन पत्र सौंपा।

## अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान/महाराजगंज अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत बुधवार को द्वितीय दिवस पर महाराजगंज अनुमंडल क्षेत्र में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों एवं आमजनों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत बोर्ड मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण द्वारा महाराजगंज बाजार में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में बच्चों ने तख्ती एवं बैनर के माध्यम से अग्नि सुरक्षा से जुड़े संदेशों का प्रचार-प्रसार किया। इस वर्ष की थीम सेफ स्कूल को ध्यान में रखते हुए लोगों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इसके बाद बोर्ड मिडिल स्कूल, महाराजगंज एवं सेंट जोसेफ स्कूल में मॉक ड्रिल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों एवं शिक्षकों को आग लगने के कारण, उससे बचाव के उपाय, आपातकालीन स्थिति में क्या करना चाहिए, पास मेथड द्वारा अग्निशामक यंत्रों के उपयोग, ह्व तकनीक तथा रेस्क्यू के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही इसका व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच पिन फ्लैग, स्टिकर एवं पैम्पलेट का वितरण कर अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद यादव, सब ऑफिसर रविन्द्र यादव, प्रधान अग्निक मुन्ना कुमार, अग्निकर्मी रौशन बिहारी, राजू कुमार, सुनीता कुमारी, पप्पू राम एवं अनुज कुमार सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि जागरूकता और सतर्कता ही अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान पटना हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता



सीवान/दरौंदा। छपरा मुख्य मार्ग पर दरौंदा बाजार के समीप भारतीय स्टेट बैंक के सामने 09 मार्च को सड़क दुर्घटना में बृजबिहारी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए. जिसके बाद परिजनों द्वारा इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था. जहां इलाज के क्रम में बुधवार की अहले सुबह में मौत हो गई. घायल की पहचान थाना क्षेत्र के कोड़ारी खुर्द गांव निवासी सीआरपीएफ से सेवानिवृत बृजबिहारी सिंह (65 वर्ष) के रूप में की गई है. मिली जानकारी के अनुसार 09 मार्च को बृजबिहारी सिंह उर्फ टुनटुन सिंह दरौंदा स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में पैसे की निकासी के लिए गए थे. बैंक के सामने सड़क पार करने के दौरान एक अनियंत्रित पिकअप ने उन्हें धक्का मार दिया. टक्कर इतनी तेज थी कि वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए घायल वृद्ध को उठाकर दरौंदा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. वहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया. सीवान से भी चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया. जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## भाजपा जनसेवा के लिए समर्पित : निभा देवी



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। बिहार में सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर दरभंगा के बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा (दरभंगा पूर्वी) की जिला अध्यक्ष निभा देवी के नेतृत्व में पोहदी गांव में महिलाओं ने पदयात्रा कर खुशी जताई और मिठाइयां बांटी। निभा देवी ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा तथा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने इस निर्णय के लिए नरेंद्र मोदी, अमित शाह और नितिन नबीन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की महिलाएं शामिल हुईं और समर्थन में नारे लगाए। उपस्थित लोगों ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में सुधार होगा।

सम्पादकीय

## नारी शक्ति वंदनः आधी आबादी का हक या 2029 का चुनावी दांव

दिलीप कुमार पाठक

यदि महिलाएं सशक्त होती हैं और देश के शासन-प्रशासन में उनकी भागीदारी बढ़ती है, तो हमारे लोकतंत्र और समाज के लिए इससे बेहतर भला और क्या होगा। आधी आबादी को उनका हक मिलना सिर्फ न्याय नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति के लिए अनिवार्य है। लेकिन जब हम महिला आरक्षण से जुड़े हालिया घटनाक्रमों और इसके कानूनी पेचीदगियों को देखते हैं, तो साफ नजर आता है कि सरकार की मंशा इस मुद्दे पर पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। ऐसा लगता है कि इसे वास्तविक सशक्तिकरण के बजाय एक राजनीतिक हथियार के तौर पर अधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। इस कानून की सबसे बड़ी और बुनियादी कमी इसका शर्तों में बंधा होना है। सरकार ने बिल तो पास कर दिया, लेकिन इसके साथ एक ऐसी शर्त जोड़ दी जिसने इसे फिलहाल एक भविष्य का वादा बनाकर छोड़ दिया है। कानून के मुताबिक, आरक्षण तभी लागू होगा जब नई जनगणना होगी और उसके आधार पर सीटों का नया बंटवारा यानी परिसीमन होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस लंबी प्रक्रिया के कारण यह आरक्षण 2029 या शायद 2034 तक खिंच सकता है। सवाल यह उठता है कि अगर नीयत साफ थी, तो इसे तुरंत मौजूदा सीटों पर ही क्यों लागू नहीं किया गया? जनगणना और परिसीमन जैसी उलझी हुई प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर सरकार ने इसे एक ऐसे रास्ते पर डाल दिया है, जिसकी मंजिल का फिलहाल कोई पता नहीं है। जैसे ही सरकार सीटों के नए बंटवारे की बात करती है, दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंता बढ़ जाती है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों ने पिछले कई सालों में जनसंख्या को काबू करने के लिए बहुत अच्छा काम किया है। अब तकनीकी दिक्कत यह है कि यदि सीटों का फैसला केवल आबादी के आधार पर होता है, तो उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों की लोकसभा सीटें बहुत ज्यादा बढ़ जाएंगी और दक्षिण का राजनीतिक वजन कम हो जाएगा। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो उत्तर भारत के कुछ राज्यों में सीटें अस्सी प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं, जबकि दक्षिण में यह बढ़ोतरी बहुत कम होगी। दक्षिण के राज्यों का कहना है कि उन्हें अच्छा काम करने की सजा दी जा रही है। सरकार ने इस क्षेत्रीय विवाद को सुलझाने का कोई पक्का रास्ता बताए बिना ही महिला आरक्षण को सीटों के बंटवारे से जोड़ दिया। इससे यह डर पैदा हो गया है कि महिलाओं को हक देने के नाम पर कहीं देश के अलग-अलग हिस्सों के बीच का तालमेल ही न बिगड़ जाए। इस बिल की एक और बड़ी व्यावहारिक चिंता प्रॉक्सी संस्कृति और रसूखदार राजनीतिक घरानों का कब्जा है। इसे आसान भाषा में समझें तो यह नाम महिला का और काम पुरुष का वाली स्थिति है। गाँवों की पंचायतों में हमने अक्सर देखा है कि महिला चुनाव तो जीत जाती है, लेकिन दफ्तर में उसके पति, पिता या भाई बैठते हैं और सारे फैसले वही लेते हैं। इसे ही पति-सरपंच संस्कृति कहा जाता है। अब डर यह है कि विधानसभा और संसद में भी यही होगा। राजनीतिक पार्टियां जमीन से जुड़ी संघर्षशील महिलाओं के बजाय उन्हीं महिलाओं को टिकट देंगी जो पहले से ताकतवर राजनीतिक परिवारों से आती हैं। यानी एक आम महिला के लिए संसद के दरवाजे अभी भी बंद रह सकते हैं, क्योंकि आज के दौर में चुनाव लड़ना बहुत महंगा हो चुका है और महिलाओं के पास अपने खर्च के लिए पैसे नहीं होते। बिना सरकारी मदद या चुनावी खर्च में छूट के, यह आरक्षण केवल अमीर वर्ग की महिलाओं तक सिमट कर रह जाएगा। इसके अलावा, राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों को इस आरक्षण से बाहर रखना भी एक बड़ी खामी है। लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या अभी बहुत कम है, फिर भी बड़े सदनों में उनकी भागीदारी पर चुप रहना सरकार की सोच पर सवाल उठाता है। साथ ही, पार्टियों के भीतर लोकतंत्र की कमी एक और कड़वा सच है। जब तक टिकट बांटने वाली मुख्य कमेटियों में महिलाओं को जगह नहीं मिलती, तब तक चुनी गई महिला प्रतिनिधियों की ताकत केवल कागजों तक ही रहेगी। एक और कमी सीटों के बदलने का नियम है। हर चुनाव के बाद आरक्षित सीटें बदलने से नेताओं की अपने इलाके के प्रति जिम्मेदारी खत्म हो जाएगी, क्योंकि उन्हें पता होगा कि अगला चुनाव उन्हें वहां से लड़ना ही नहीं है।

## संपन्न दुनिया, असंतुष्ट मानवता फिर गांधी का समय

भूपेन्द्र गुप्ता

आज जब हम 21वीं सदी के तीसरे दशक में खड़े हैं, तो एक कठोर सच्चाई हमें झकझोरती है–यह दुनिया जितनी समृद्ध कभी नहीं रही, उतनी ही असमान और असंतुष्ट भी कभी नहीं रही। विज्ञान ने चमत्कार किए हैं, तकनीक ने सीमाएँ तोड़ी हैं, और उत्पादन ने रिकॉर्ड बनाए हैं। फिर भी, भूख है, भय है, युद्ध है और भीतर एक गहरा असंतोष है। सवाल उठता है–आखिर क्यों? संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न वैश्विक संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि दुनिया में इतना खाद्यान्न उत्पादन होता है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त भोजन मिल सकता है। ऊर्जा के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। फिर भी, करोड़ों लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन जी रहे हैं। यह विरोधाभास हमें एक ही निष्कर्ष तक ले जाता है–समस्या संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि उनके असमान वितरण और हमारी सोच की विकृति है। इसी संदर्भ में महात्मा गांधी का दर्शन आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठता है। गांधी जी ने स्पष्ट कहा था–ह्लपृथ्वी हर व्यक्ति की आवश्यकता को पूरा कर सकती है, लेकिन हर व्यक्ति के लालच को नहीं ह्व यह केवल एक कथन नहीं, बल्कि आज के वैश्विक संकट का सटीक विश्लेषण है। आज का मानव ह्लआवश्यकताह्व से नहीं, बल्कि ह्लअतृप्त इच्छाओंह्व से संचालित हो रहा है। राष्ट्र अपनी सीमाओं की सुरक्षा से आगे बढ़कर संसाधनों पर नियंत्रण की होड़ में लगे हैं। ऊर्जा, जल और खनिज–ये अब जीवन के साधन नहीं, बल्कि शक्ति के प्रतीक बन गए हैं। हाल के वैश्विक संघर्षों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि संसाधनों पर वर्चस्व की यह लड़ाई कितनी विनाशकारी हो सकती है। हमारी आर्थिक व्यवस्था भी इस असंतुलन को गहरा करती है। जब विकास का केंद्र ह्लमुनाफाह्व बन जाता है और ह्लमानवह्व पीछे छूट जाता है, तब समृद्धि कुछ हाथों में सिमट जाती है। बड़ी कंपनियाँ और शक्तिशाली वर्ग संसाधनों पर अधिकार जमा लेते हैं, जबकि आम जन संघर्ष करता रह जाता है। यह केवल आर्थिक विफलता नहीं, बल्कि नैतिक पतन है। गांधी जी का ह्लअपरिग्रहह्व हमें इसी संकट से बाहर निकलने का मार्ग दिखाता है। अपरिग्रह का अर्थ है–संतुलित जीवन, सीमित उपभोग और दूसरों के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता। यदि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र इस सिद्धांत को अपनाएँ, तो संसाधनों पर अनावश्यक दबाव कम हो सकता है और संतुलन स्थापित हो सकता है। इसके साथ ही, गांधी जी का ह्लट्रस्टीशिपह्व का सिद्धांत आज के कॉर्पोरेट और आर्थिक ढांचे के लिए एक क्रांतिकारी विचार प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा था कि जिनके पास अधिक संपत्ति है, वे उसके मालिक नहीं, बल्कि संरक्षक हैं। यदि यह भावना विकसित हो जाए, तो संपत्ति का उपयोग केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज के कल्याण के लिए किया जा सकता है। आज दुनिया को केवल नीतिगत सुधारों की नहीं, बल्कि नैतिक पुनर्जागरण की आवश्यकता है। हमें ह्लमैं और मेराह्व की सीमाओं को तोड़कर ह्लहम और हमाराह्व की ओर बढ़ना होगा। जब तक हम स्वयं को एक वैश्विक परिवार का हिस्सा नहीं मानेंगे, तब तक शांति और संतुलन की कल्पना अधूरी रहेगी। सरकारों को ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जो शिक्षा, स्वास्थ्य और न्यूनतम जीवन स्तर को हर व्यक्ति का अधिकार बनाएँ। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है–व्यक्तिगत स्तर पर परिवर्तन। हमें अपने उपभोग, अपनी आवश्यकताओं और अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा। क्या हमें वास्तव में उतना ही चाहिए जितना हम इकट्ठा कर रहे हैं? या हम अनजाने में किसी और के हिस्से को छीन रहे हैं? आज का समय हमें एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा करता है। एक ओर वह मार्ग है जो हमें और अधिक प्रतिस्पर्धा, असमानता और संघर्ष की ओर ले जाता है। दूसरी ओर वह मार्ग है जो संतुलन, सहयोग और शांति की ओर जाता है। यह चयन हमें करना है।

# ज्वालामुखी बन सकती है मजदूर आंदोलन की चिंगारी

**आधिकारिक जानकारी के अनुसार ये नई अंतरिम दरें 1 अप्रैल से लागू कर दी गई हैं। नोएडा में 13 अप्रैल को हुए श्रमिकों के विरोध-प्रदर्शन के बाद आज पूरे दिल्ली-एनसीआर में हाई अलर्ट है।मजदूरों के गुस्से को देख कर सरकार आनफुट आ गयी है। केंद्र सरकार मामले की मानिटरिंग कर रही है वहीं यूपी हरियाणा राजस्थान की प्रदेश सरकारें अपने अपने स्तर पर मजदूरों के आंदोलन के शमन और मजदूरों को भड़काने वाले लोगों की पहचान करने में लगे हुए हैं। सरकार का मानना है कि यह समिति संवाद और आपसी सहमति के जरिए विवादों को सुलझाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके और औद्योगिक माहौल स्थिर बना रहे। उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में वेतन बढ़ोत्तरी समेत सामाजिक सुरक्षा के कई बिंदुओं को लेकर मजदूरों के आंदोलनों व उग्र प्रदर्शनों ने केंद्र तक को सतर्क कर दिया है। दरअसल, हरियाणा से शुरू हुई आग उत्तर प्रदेश पहुंच चुकी है। हरियाणा से सटे राजस्थान के इक्के दुक्के स्थानों पर छिटपुट घटना होकर फिलहाल शांत है।**





**मनोज कुमार अग्रवाल**
(लेखक)

उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यूनतम वेतन दरों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। नोएडा में कर्मचारियों के उग्र प्रदर्शन के बाद योगी सरकार ने यह फैसला लिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार ये नई अंतरिम दरें 1 अप्रैल से लागू कर दी गई हैं। नोएडा में 13 अप्रैल को हुए श्रमिकों के विरोध-प्रदर्शन के बाद आज पूरे दिल्ली-एनसीआर में हाई अलर्ट है।मजदूरों के गुस्से को देख कर सरकार आनफुट आ गयी है। केंद्र सरकार मामले की मानिटरिंग कर रही है वहीं यूपी हरियाणा राजस्थान की प्रदेश सरकारें अपने अपने स्तर पर मजदूरों के आंदोलन के शमन और मजदूरों को भड़काने वाले लोगों की पहचान करने में लगे हुए हैं। सरकार का मानना है कि यह समिति संवाद और आपसी सहमति के जरिए विवादों को सुलझाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके और औद्योगिक माहौल स्थिर बना रहे। उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में वेतन बढ़ोत्तरी समेत सामाजिक सुरक्षा के कई बिंदुओं को लेकर मजदूरों के आंदोलनों व उग्र प्रदर्शनों ने केंद्र तक को सतर्क कर दिया है। दरअसल, हरियाणा से शुरू हुई आग उत्तर प्रदेश पहुंच चुकी है। हरियाणा से सटे राजस्थान के इक्के दुक्के स्थानों पर छिटपुट घटना होकर फिलहाल शांत है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से एलपीजी गैस नहीं मिलने से मजदूरों की परेशानी बढ़ी हुई थी और उनका गुस्सा आंदोलन में तब्दील हो गया। पता हो कि दिल्ली से सटे नोएडा औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों का गुस्सा अब एक शहर तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे दिल्ली-एनसीआर में फैला हुआ एक बड़े आंदोलन का रूप ले चुका है. वेतन वृद्धि, महंगाई और श्रम सुविधाओं को लेकर शुरू हुआ यह विरोध अब कई जिलों में असर दिखा रहा है. नोएडा में चल रहे इस आंदोलन की शुरूआत 7 अप्रैल को गुरुग्राम के मानेसर इलाके से हुई थी, जहां मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरू किया था.इसके बाद यह विरोध धीरे-धीरे नोएडा और फिर ग्रेटर नोएडा पहुंचा. अब इस आंदोलन का असर गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ तक में भी दिखाई दे रहा है. आज बड़ी संख्या में बुलंदशहर और गाजियाबाद में श्रमिकों ने प्रदर्शन किया और सड़कों को जाम कर दिया. गाजियाबाद में स्थिति इतनी खराब हो गई कि नोएडा-गाजियाबाद बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया. जान लीजिए नोएडा में यह आंदोलन 9 अप्रैल को फेस-टू थाना क्षेत्र में मौजूद होजरी कंपलेक्स से शुरू हुआ. जहां गारमेंट और होजरी यूनिट्स में काम करने वाले मजदूर फैक्ट्रियों के बाहर इकट्ठा हुए. वो वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए. शुरूआत में यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण था. मजदूरों ने नारेबाजी और बातचीत के जरिए अपनी बात रखने की कोशिश कीअप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक आंदोलन बिना किसी हिंसा के चलता रहा. हालांकि, मजदूरों का कहना था कि उनकी मांगों पर कंपनियों और प्रशासन की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं दिया जा रहा, जिससे उनके बीच असंतोष लगातार बढ़ता गया.मजदूरों के आंदोलन की स्थिति ने 12 अप्रैल को बड़ा मोड़ लिया. ग्रेटर नोएडा के इकोटेक थर्ड इलाके में प्रदर्शन के दौरान मिंडा कंपनी के पास हालात अचानक बिगड़ गए. इस दौरान पुलिस कार्रवाई में गोली चलने की घटना सामने आई, जिसमें एक महिला मजदूर को गोली लग गई.यह घटना पूरे आंदोलन के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हुई. जैसे ही गोलीकांड की खबर फैली, मजदूरों में भारी आक्रोश फैल गया और आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया.अगले ही दिन 13 अप्रैल यानी सोमवार की सुबह नोएडा के फेस-2, सेक्टर-62 और एनएच-9 जैसे प्रमुख इलाकों में हजारों मजदूर सड़कों पर उतर आए. इससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया. प्रदर्शनकारियों ने सड़कें जाम कर दी. डिवाइडर पर चढ़कर नारेबाजी की. कई जगह वाहनों को रोक दिया. इस दौरान हालात तेजी से बिगड़े और कई जगह तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आईं. नोएडा के फेस-2 इलाके में कई वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया. इससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. पुलिस और मजदूर आमने-सामने आ गए. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े. भारी पुलिस बल की तैनाती के बाद किसी तरह हालात को काबू में लाया गया, लेकिन तनाव अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है.इस आंदोलन का सीधा असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक ढांचे पर पड़ा. फेस-2 के होजरी कंपलेक्स में करीब 500 कंपनियां संचालित होती हैं. वहीं, इकोटेक थर्ड के औद्योगिक क्षेत्र में भी करीब 400 से अधिक फैक्ट्रियां और निजी कंपनियां हैं. इनमें सैकड़ों की संख्या में मजदूर काम करते हैं. दोनों प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन प्रभावित हुआ और कई कंपनियों को अस्थायी रूप से काम बंद करना पड़ा. यह आंदोलन किसी एक कंपनी के खिलाफ नहीं, बल्कि कई कंपनियों के मजदूरों का सामूहिक विरोध है. अब इसका असर पूरे एनसीआर में दिखने लगा है. गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ जैसे जिलों में भी मजदूर सक्रिय हो गए हैं, जिससे आने वाले दिनों में आंदोलन और व्यापक होने की आशंका है.मजदूरों की प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 26,000 रुपये प्रति माह करना, ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से करना, साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करना, समय पर वेतन भुगतान, सैलरी स्लिप देना और बोनस को सीधे बैंक खाते में समय पर भेजना शामिल है. उनका कहना है कि महंगाई के इस दौर में मौजूदा वेतन से गुजारा संभव नहीं है. आपको बता दें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यूनतम वेतन देश में सबसे अधिक है भाजपा के लिए परेशानी बढ़ेगी क्योंकि ये चारो राज्य भाजपा शासित हैं। ऐसे में केंद्रीय स्तर पर इन राज्यों की बैठकें कर स्थिति को संभालने की कोशिश होगी। उद्योगों को भी साथ लेकर चलने की जरूरत है और मजदूरों का ध्यान रखने की भी। मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए लेकिन उद्योगों की भी सुरक्षा होनी चाहिए।

# युद्ध, विश्वसनीयता और अमेरिका का बदलता चेहरा

**संयुक्त राष्ट्र और अन्य संस्थाओं में भी अमेरिका का प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा। अमेरिका की आर्थिक नीतियों और प्रतिबंधों ने कई देशों को डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए प्रेरित किया है। तकनीकी क्षेत्र में भी अमेरिका को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। आज के समय में युद्ध केवल मैदान में नहीं, बल्कि मीडिया और सोशल मीडिया पर भी लड़े जाते हैं। अमेरिका की छवि को उसके विरोधियों ने प्रभावी ढंग से चुनौती दी है। अमेरिका को अपनी नीतियों में पारदर्शिता और स्थिरता लानी होगी। उसे अन्य देशों के साथ मिलकर काम करना होगा, न कि अकेले नेतृत्व करने की कोशिश करनी होगी।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
लेखक

फ21वीं सदी के तीसरे दशक में दुनिया जिस तरह से बदल रही है, उसमें शक्ति संतुलन, कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व के मायने भी तेजी से परिवर्तित हो रहे हैं। लंबे समय तक स्वयं को विश्व का प्रहरी और लोकतंत्र का रक्षक बताने वाला अमेरिका आज ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ उसकी सैन्य ताकत तो अब भी मजबूत है, लेकिन उसकी नैतिक और कूटनीतिक विश्वसनीयता गंभीर सवालों के घेरे में है। युद्धों और वैश्विक संकटों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका को नुकसान केवल युद्ध के मैदान में ही नहीं हुआ है, बल्कि उसकी सबसे बड़ी क्षति उसकी साख, उसके गठबंधनों और उसके प्रभाव क्षेत्र में हुई है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका एकमात्र ऐसी शक्ति बनकर उभरा था, जिसने आर्थिक, सैन्य और तकनीकी तीनों क्षेत्रों में प्रभुत्व स्थापित किया। उसने न केवल अपने सहयोगियों की मदद की, बल्कि वैश्विक संस्थाओं का निर्माण कर विश्व व्यवस्था को आकार दिया। सोवियत संघ के साथ शीत युद्ध के दौरान अमेरिका ने लोकतंत्र बनाम साम्यवाद की लड़ाई को वैश्विक स्तर पर लड़ा। इस दौरान उसने कई देशों में हस्तक्षेप किया, जिससे उसकी छवि एक हस्तक्षेपकारी शक्ति की भी बनी। 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद अमेरिका एकमात्र महाशक्ति बन गया। यह वह दौर था जब अमेरिका ने वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और सैन्य रणनीति को लगभग एकतरफा दिशा दी। इराक और अफगानिस्तान में अमेरिका के युद्धों ने उसकी सैन्य शक्ति की सीमाओं को उजागर किया। अरबों डॉलर खर्च करने और हजारों सैनिकों की जान जाने के बावजूद, अमेरिका स्थायी शांति स्थापित नहीं कर सका। अमेरिका ने जिन देशों में लोकतंत्र स्थापित करने का प्रयास किया, वहाँ अक्सर अराजकता और अस्थिरता ही बढ़ी। इससे उसकी नीतियों पर सवाल उठने लगे। हाल के संघर्षों में अमेरिका ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरीकों से भागीदारी की। लेकिन इन युद्धों ने यह दिखाया कि आधुनिक युद्ध केवल सैन्य ताकत से नहीं जीते जा सकते। अमेरिका पर अक्सर आरोप लगाया जाता है कि वह अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानकों को अपने हित के अनुसार लागू करता है। एक देश के लिए कठोर रुख और दूसरे के लिए नरमी उसकी विश्वसनीयता को कमजोर करती है। कई बार अमेरिका ने अपने सहयोगियों को समर्थन देने का वादा किया, लेकिन संकट के समय पीछे हट गया। इससे उसके सहयोगियों में अविश्वास बढ़ा। अमेरिका की विदेश नीति अब अधिकतर उसकी घरेलू राजनीति से प्रभावित होती है। सरकार बदलते ही नीतियाँ बदल जाती हैं, जिससे उसकी निरंतरता पर सवाल उठते हैं। यूरोपीय देश अब अमेरिका पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहते। वे अपनी सुरक्षा और विदेश नीति में अधिक स्वायत्तता की ओर बढ़ रहे हैं। एशियाई देश अब अमेरिका और अन्य शक्तियों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वे किसी एक शक्ति पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहते। मध्य पूर्व के देशों ने भी अमेरिका के प्रभाव से बाहर निकलकर नए गठबंधन बनाने शुरू कर दिए हैं। अमेरिका अब पहले की तरह वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने में सक्षम नहीं दिखता। उसकी नीतियाँ अक्सर प्रतिक्रियात्मक और असंगत लगती हैं। चीन, रूस और अन्य उभरती शक्तियों ने अमेरिका के प्रभाव को चुनौती दी है। इससे वैश्विक शक्ति संतुलन बदल रहा है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य संस्थाओं में भी अमेरिका का प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा। अमेरिका की आर्थिक नीतियों और प्रतिबंधों ने कई देशों को डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए प्रेरित किया है। तकनीकी क्षेत्र में भी अमेरिका को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। आज के समय में युद्ध केवल मैदान में नहीं, बल्कि मीडिया और सोशल मीडिया पर भी लड़े जाते हैं। अमेरिका की छवि को उसके विरोधियों ने प्रभावी ढंग से चुनौती दी है। अमेरिका को अपनी नीतियों में पारदर्शिता और स्थिरता लानी होगी। उसे अन्य देशों के साथ मिलकर काम करना होगा, न कि अकेले नेतृत्व करने की कोशिश करनी होगी। घरेलू स्तर पर भी उसे अपनी राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं को हल करना होगा। अमेरिका अब भी एक शक्तिशाली देश है, लेकिन उसकी शक्ति का स्वरूप बदल रहा है। केवल सैन्य ताकत के बल पर वह दुनिया का नेतृत्व नहीं कर सकता। उसे अपनी विश्वसनीयता, अपने गठबंधनों और अपनी नीतियों को फिर से परिभाषित करना होगा। यह स्पष्ट है कि अमेरिका को जो नुकसान हुआ है, वह केवल युद्ध के मैदान तक सीमित नहीं है। उसकी साख, उसकी मित्रता और उसका प्रभाव, तीनों गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। आने वाले वर्षों में यह तय होगा कि अमेरिका इस चुनौती से उबर पाता है या नहीं, लेकिन इतना निश्चित है कि दुनिया और अमेरिका अब पहले जैसी नहीं रही।

## हाथियों की विरासतः जैव विविधता और पर्यावरण का अनमोल हिस्सा

सुनील कुमार महला

पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान, विशालकाय और सामाजिक जीवों में से एक हाथी को ह्यपारिस्थितिकी तंत्र का इंजीनियरह्ण कहा जाता है। इनके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और इनके घटते अस्तित्व को बचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 अप्रैल को ह्यहाथी बचाओ दिवसह्ण मनाया जाता है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वर्तमान समय में हाथी अनेक गंभीर खतरों का सामना कर रहे हैं, जिनमें अवैध शिकार (विशेषकर हाथीदांत के लिए), वनों की कटाई, प्राकृतिक आवास का विनाश, मानव-हाथी संघर्ष तथा जलवायु परिवर्तन प्रमुख हैं। हाथी जंगलों, घासभूमियों और जल स्रोतों के संतुलन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनका संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अनिवार्य है। पाठकों को जानकारी देता चलूं कि हाथी पारिस्थितिकी तंत्र(इको-सिस्टम) को कई तरीकों से समृद्ध करते हैं।मसलन, वे फलों और पौधों को खाकर लंबी दूरी तय करते हैं और अपने मल(लीद) के माध्यम से बीजों का प्रसार करते हैं, जिससे नए पौधों का विकास होता है और वनों का विस्तार बना रहता है। घने जंगलों में चलते समय वे टहनियाँ और झाड़ियाँ तोड़ते हैं, जिससे वन का घनत्व कम होता है और सूर्य का प्रकाश जमीन तक पहुँचता है, जिससे छोटे पौधों और घास को बढ़ने का अवसर मिलता है और जैव विविधता बनी रहती है। सूखे के समय हाथी अपनी सूंड और पैरों से जमीन खोदकर पानी निकालते हैं, जिससे बने गड्ढे अन्य जानवरों के लिए भी जल स्रोत बन जाते हैं। इसके अलावा हाथियों के चलने से प्राकृतिक मार्ग (कॉरिडोर) बनते हैं, जो अन्य जीवों की आवाजाही को सरल बनाते हैं। उनका मल मिट्टी को पोषक तत्व प्रदान कर उसे उर्वर बनाता है और पौधों की वृद्धि में सहायक होता है। बहरहाल, यदि हम यहां पर हाथियों से संबंधित आंकड़ों की बात करें तो भारत में हाथियों की उपस्थिति मुख्य रूप से कर्नाटक, असम, केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में पाई जाती है। प्रोजेक्ट एलिफेंट (2017) के अनुसार भारत में लगभग 29,000झ्र30,000 जंगली हाथियों का अनुमान था, जबकि 2025 की नवीनतम डीएनए आधारित गणना के अनुसार इनकी संख्या लगभग 22,446 आंकी गई है। डीएनए आधारित गणना का अर्थ है जानवरों की संख्या का अनुमान उनके आनुवंशिक पदार्थ (जेनेटिक मैटेरियल) के आधार पर लगाना, न कि केवल प्रत्यक्ष रूप से देखकर गिनना। विश्व में हाथियों की दो प्रमुख प्रजातियाँ पाई जाती हैं-अफ्रीकी हाथी जिनकी संख्या लगभग 4झ्र5 लाख है तथा एशियाई हाथी जिनकी संख्या लगभग 50,000झ्र60,000 के बीच है। भारत विश्व के कुल एशियाई हाथियों का 60% से अधिक हिस्सा रखता है। हाल फिलहाल, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि आज के समय में मानव-हाथी संघर्ष वर्तमान समय की एक गंभीर पर्यावरणीय और सामाजिक समस्या बन चुका है।इसका मुख्य कारण वनों का सिकुड़ना, कृषि विस्तार, मानव बस्तियों का बढ़ना और हाथियों के प्राकृतिक मार्गों (कॉरिडोर) का टूटना है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष औसतन 500 से अधिक लोगों की मृत्यु हाथियों के हमलों में होती है। वर्ष 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 628 तक पहुँच गई, जो पिछले पाँच वर्षों में सबसे अधिक है। पिछले पाँच वर्षों में 2,800 से अधिक मानव मौतें दर्ज की गईं, जबकि वर्ष 2009-2024 के बीच लगभग 8,000 मानव मौतें हुई हैं। सबसे अधिक प्रभावित राज्य ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और छत्तीसगढ़ हैं। दूसरी ओर, हाथियों की मृत्यु भी मानव गतिविधियों के कारण बड़ी संख्या में हो रही है। पिछले 16 वर्षों में 1,653 हाथियों की मौत मानवजनित कारणों से हुई है, जिनमें लगभग 69% मौतें बिजली के करंट से और लगभग 16% रेल दुर्घटनाओं से हुई हैं। पिछले पाँच वर्षों में 528 हाथियों की मौत दर्ज की गई है, जबकि प्रतिवर्ष औसतन 100 से अधिक हाथी मानव-हाथी संघर्ष में मारे जाते हैं। इसके अतिरिक्त अवैध शिकार, जहर देकर मारना तथा पटाखों या जहर मिले फलों से भी हाथियों की मृत्यु के मामले सामने आते रहे हैं। हाल ही में केरल में पटाखों से भरे फल खाने से हाथी की मृत्यु हुई तथा कर्नाटक में किसान की हाथी हमले में मृत्यु की घटना भी दर्ज की गई। एक गंभीर घटना 20 दिसंबर 2025 को असम के होजाई जिले में हुई, जहाँ सैरंग-नई दिल्ली एक्सप्रेस गाड़ी तेज गति से गुजर रही थी और लगभग 100 हाथियों का झुंड रेलवे ट्रैक पार कर रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### जनादेश से खिलवाड़ पर एनडीए को जनता देगी जवाबः कांग्रेस

छपरा। बिहार में एनडीए सरकार के मुख्यमंत्री चेहरे में बदलाव को लेकर सारण जिला युवा कांग्रेस नेता राहुल कुमार यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जनता के जनादेश और भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वाले नेताओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। राहुल यादव ने आरोप लगाया कि ह्ल2025 से 30 फिर से नीतीशह्व के नारे के साथ चुनाव जीतने वाली एनडीए ने जनता से विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री के रूप में वोट दिया था, न कि पीछे के रास्ते से किसी अन्य नेतृत्व को थोपने के लिए। उन्होंने कहा कि जनता ने रोजगार, विकास और स्थिरता के नाम पर जनादेश दिया था, लेकिन बार-बार के राजनीतिक बदलाव ने उस भरोसे को तोड़ा है। अब बिहार की जनता जागरूक है और समय आने पर हर धोखे का जवाब देगी।

### छपरा में 17 अप्रैल को जॉब कैंप, 60 पदों पर होगी नियुक्ति

छपरा। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा द्वारा युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। निजी क्षेत्र की कंपनी स्वाणतंत्रा माइक्रोफीन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कुल 60 पदों पर स्वतंत्रा फील्ड ऑफिसर की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए 17 अप्रैल 2026 को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा के कार्यालय परिसर में जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न 4 बजे तक चलेगी। इन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 12,000 से 18,000 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं या स्नातक उत्तीर्ण निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा 18 से 30 वर्ष तय की गई है। चयनित उम्मीदवारों का कार्यस्थल मुजफ्फरपुर, सिवान एवं गोपालगंज जिलों में होगा। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है।

### उर्वरको के संतुलित उपयोग हेतु जागरूकता अभियान

मकेर / प्रखंड के कृषि कार्यालय के सभागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रासायनिक उर्वरक के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान एवं उसे नियंत्रित करने के समुचित प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य फोकस जैव उर्वरक पर केंद्रित की गई एवं उसके फायदे तथा जैव उर्वरक के प्रयोग के सरल तरीके भी बताये गए जिसे अमल में लाने हेतु कृषक बंधु अपना उत्साह प्रकट किये। मौके पर प्रखंड तकनिकी प्रबंधक पूजा कुमारी, सहायक तकनिकी प्रबंधक विनीत कुमार, कृषि समन्वयक ब्रजनन्दन राय, जय प्रकाश सिंह, किसान सलाहकार बिपिन बिहारी, धर्मेंद्र कुमार, हेमंत कुमार एवं कृषक वंधु उपस्थित थे। उठाएं।

### वाल्मीकिनगर में भव्य स्वागत हरिहरनाथ- मुक्तिनाथ सांस्कृतिक रथ यात्रा का जगह-जगह हुआ अभिनंदन

बगहा। हरिहरनाथझमुक्तिनाथ सांस्कृतिक रथ यात्रा चंपापुर होते हुए वाल्मीकिनगर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। रथ यात्रा के आगमन पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए जयकारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। बताया जाता है कि यह रथ यात्रा 13 अप्रैल को हरिहरनाथ सोनपुर से प्रारंभ होकर 29 अप्रैल को मुक्तिनाथ (नेपाल) पहुंचने वाली है। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं, चंपापुर व वाल्मीकिनगर में रथ यात्रा के स्वागत के लिए पहले से ही तैयारियां की गई थीं। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए यात्रा का अभिनंदन किया। इस दौरान क्षेत्र में भक्ति और आस्था की अनोखी छटा देखने को मिली।

### रामाश्रम सत्संग मथुरा के संतों का आगमन 17 अप्रैल को

छपरा सदर। रामाश्रम सत्संग मथुरा के तत्वाधान में परम समर्थ परम संत डॉ चतुर्भुज सहाय जी के द्वारा प्रतिपादित तीन दिवसीय आध्यात्मिक आंतरिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक छपरा के सरकारी बस स्टैंड के पास पार्टी क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में छपरा के आचार्य बी एस श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे गुरु महाराज ने बताया है कि स्थाई शांति एवं आनंदमय जीवन के लिए आत्मज्ञान प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए किसी ऐसे महापुरुष के शरण में जाना होगा जो स्वयं आत्मज्ञानी हो और हमें आत्मज्ञान की प्राप्ति का सहज एवं सुलभ रास्ता बता सके। इसी आत्मज्ञान के गूढ़ रहस्य को बताने के लिए रामाश्रम सत्संग मथुरा से संबंधित वरिष्ठ आचार्य गण देश के कोने-कोने से छपरा में पधार रहे हैं।

# बिहार में सत्ता बदलावः सम्राट चौधरी बने सीएम, एनडीए में अंदरूनी हलचल तेज

- नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर उठे सवाल, जदयू खेमे में अंदर ही अंदर नाराजगी
- भाजपा का 'सीएम मिशन' हुआ पूरा, लेकिन गठबंधन में बढ़ी खामोश खींचतान

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जहां एनडीए गठबंधन के तहत सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर सत्ता की कमान संभाल ली है। इस घटनाक्रम से जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकताओं में खुशी की लहर है, वहीं सहयोगी दल जदयू में असहजता और साइलेंट नाराजगी का माहौल देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा लंबे समय से बिहार में अपना मुख्यमंत्री बनाने के एजेंडे पर काम कर रही थी। विधानसभा चुनाव के बाद भी पार्टी ने इस दिशा में कई प्रयास किए, लेकिन बहुमत के समीकरण और नीतीश कुमार की इच्छा के कारण यह संभव नहीं हो पाया था। अब जाकर भाजपा ने अपना यह लक्ष्य हासिल कर लिया है, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि पार्टी की नजर शुरू से ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी। इधर, नीतीश कुमार का अचानक राज्यसभा जाने का निर्णय कई सवाल खड़े कर रहा है। आखिर किन परिस्थितियों और राजनीतिक मजबूरियों में उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ा, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। जदयू के जमीनी कार्यकताओं और नेताओं के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि वे चाहते थे कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहें, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व के दबाव या राजनीतिक रणनीति के तहत उन्हें यह फैसला लेना पड़ा। सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने डिप्टी सीएम बनने से दूरी बना ली है। उनका यह रुख जदयू की आंतरिक राजनीति और भविष्य की रणनीति को लेकर कई संकेत दे रहा है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि पार्टी के भीतर सब कुछ सामान्य नहीं है। विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन के दौरान भी स्पीकर पद से लेकर गृह विभाग तक को लेकर भाजपा और जदयू के बीच खींचतान सामने आई थी। अंततः भाजपा ने रणनीतिक बढ़त बनाते हुए मुख्यमंत्री पद अपने नाम कर लिया, लेकिन गठबंधन के भीतर असंतोष की चिंगारी अब भी सुलग रही है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि सम्राट चौधरी का उदय भी कई मायनों में दिलचस्प है। उन्हें पूर्व में अन्य राजनीतिक धारा से जुड़ा माना जाता रहा है, जबकि भाजपा परंपरागत रूप से आरएसएस पृष्ठभूमि के नेताओं को प्राथमिकता देती रही है। ऐसे में यह बदलाव भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके साथ ही यह अटकलें भी तेज हैं कि यह सरकार ज्यादा लंबे समय तक स्थिर नहीं रह पाएगी। कुछ राजनीतिक विश्लेषक तो यहां तक कह रहे हैं कि मौजूदा हालात में सरकार छह महीने से ज्यादा टिकना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालांकि, इन दावों की सच्चाई आने वाला समय ही बताएगा। कुल मिलाकर, बिहार में सत्ता परिवर्तन ने एनडीए के भीतर नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। जहां एक ओर भाजपा अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही है, वहीं दूसरी ओर जदयू और अन्य घटक दलों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार कितना स्थिर रह पाती है और नीतीश कुमार तथा जदयू आगे क्या रणनीति अपनाते हैं। यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन सम्राट चौधरी की परी की शुरूआत हो गई है, अमेरिकन नेतृत्व में जदयू निजू बिहार की जनता के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही थी क्या उनमें परिवर्तन होगा या कुछ नए एजेंडा शामिल होंगे यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। बहरहाल बिहार में अब एनडीए घटक दल के सहयोग से भाजपा की सरकार की शुरूआत हो चुकी है।

# जिले में रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य, प्रशासन सतर्क

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिले में रसोई गैस आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं को राहत देने वाली खबर है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में 22,683 एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस कारण उपभोक्ताओं की मांग को आसानी से पूरा किया जा रहा है और किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटों के दौरान 12,454 सिलेंडरों की सफलतापूर्वक होम डिलीवरी की गई है, जो आपूर्ति व्यवस्था की मजबूती को दशार्ता है। प्रशासन लगातार इस बात पर नजर बनाए हुए है कि हर उपभोक्ता तक समय पर गैस सिलेंडर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गैस आपूर्ति से संबंधित प्राप्त 24 शिकायतों को तुरंत संज्ञान में लिया गया है। इन शिकायतों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को भेज दिया गया है, ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जिले में गैस आपूर्ति में जो बैकलॉग की स्थिति पहले बनी हुई थी, उसमें लगातार सुधार हो रहा है।

प्रशासनिक सख्ती और सतत निगरानी के कारण गैस आपूर्ति का बैकलॉग घटकर अब 5.59 दिन पर आ गया है। पूर्व की तुलना में इसमें उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो रही है और शिकायतों में भी कमी दर्ज की गई है। इसके लिए जिले की सभी तेल कंपनियों और गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल बुकिंग के क्रम के आधार पर ही सिलेंडरों का वितरण करें। इससे पारदर्शिता बनी रहेगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रोक लगेगी। अपर समाहर्ता ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को गैस बुकिंग, डिलीवरी या अन्य किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वे जिला प्रशासन द्वारा जारी कंट्रोल रूम नंबर 06254-247002 एवं 06254-247003 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सारण में रसोई गैस का संकट नहीः प्रशासन ने कालाबाजारी पर कसी नकेल, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

- जिला प्रशासन का दावाः जिले में पर्याप्त गैस स्टॉक उपलब्ध, 870 शिकायतों का हुआ त्वरित निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिले में पिछले कुछ दिनों से चर्चा में रही रसोई गैस की किल्लत अब पूरी तरह नियंत्रण में है। जिला प्रशासन द्वारा की गई कड़ी निगरानी और त्वरित कार्रवाई के बाद गैस वितरण व्यवस्था सुचारू हो गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में रसोई गैस (एलपीजी ) की कोई कमी नहीं है और आमजन को पैनिक बुकिंग या अफवाहों से बचने की सलाह दी गई है।

कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाईः गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला प्रशासन बेहद सख्त रुख अपना रहा है। अब तक जिले में कुल 1930 छापेमारी की गई है, जिसमें 98 गैस सिलेंडर जब्त किए गए और 11 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। इसमें छपरा सदर में 06, मढ़ौरा में 02 और सोनपुर में 02 मामले शामिल हैं। वितरण में व्यवधान डालने के आरोप में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी भी की गई है।

शिकायत निवारण के लिए कंट्रोल रूम सक्रियः प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, जिला नियंत्रण कक्ष को 13 अप्रैल 2026 तक कुल 911 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 870 शिकायतों का सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया गया है। शेष 41 शिकायतों पर तेजी से काम चल रहा है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 06152-245023 और 06152-245026 सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक क्रियाशील हैं।

सुरक्षा और निगरानी के कड़े इंतजामः जिले की सभी 69 गैस एजेंसियों पर जमाखोरी रोकने के लिए 69 दंडाधिकारियों और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही 15 प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रतिदिन एजेंसियों का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रशासन ने साफ निर्देश दिया है कि गैस की आपूर्ति केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही होगी, गोदाम या कार्यालय से वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

उर्वरक की उपलब्धता और प्रवासियों पर नजरः गैस के साथ-साथ जिला प्रशासन ने किसानों के लिए उर्वरक की स्थिति भी स्पष्ट की है। जिले में यूरिया सहित अन्य खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, स्वेच्छा से वापस आने वाले प्रवासी कामगारों की मॉनिटरिंग और उनके स्वरोजगार के लिए श्रम अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं

प्रशासन की चेतावनीः सोशल मीडिया पर गैस की कमी को लेकर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध ह्लआवश्यक वस्तु अधिनियमह्व के तहत त्वरित और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की भी सतत निगरानी की जा रही है ताकि आम जनता को आवागमन में कोई असुविधा न हो।

# अंबेडकर जयंती पर खजूरिया चौक का नाम बदलकर बना तिलका मांझी चौक, विधायक ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की गई। खजूरिया चौक का नाम बदलकर स्वाधीनता संग्राम के महान वीर तिलका माझी के नाम पर ह्लतिलका माझी चौकह्व रखा गया। यह चौक योगापट्टी थाना से करीब सौ गज पश्चिम, लाल बिहारी माझी के टोला के समीप स्थित है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक विनय बिहारी ने फीता काटकर चौक का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तिलका माझी जैसे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। उनके नाम पर चौक का नामकरण युवाओं को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के विचारों को स्मरण करते हुए सामाजिक समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। विधायक ने कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में एकता, सम्मान और प्रेरणा की भावना को मजबूत करते हैं। इस मौके पर एससी-एसटी संघ के अध्यक्ष किशोरी राम, सचिव बेचू पासवान, संरक्षक राधेश्याम राम, संयुक्त सचिव मिथिलेश कुमार बैठा, कोषाध्यक्ष हरेंद्र राम, नगर पंचायत अध्यक्ष अश्वनी कुमार, मीडिया प्रभारी सुजीत पासवान, लाल बिहारी मांझी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रेम प्रसंग की चर्चा के बीच युवती की संदिग्ध मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस, दो लोगों को पूछताछ के लिए उठाया

प्रात : किरण संवाददाता




बगहा। थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतका का उसी गांव के युवक किशन महतो के साथ प्रेम प्रसंग होने की चर्चा चल रही थी। हालांकि, पीड़ित पक्ष की ओर से अब तक किसी को इस घटना के लिए नामजद आरोपी नहीं बनाया गया है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पूछताछ के लिए मोतीलाल महतो और उनके बेटे किशन महतो को थाने लाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर संभावित एंगल से जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं, जबकि पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## इसुआपुर पुलिस ने 624 लीटर स्पिरिट किया बरामद

इसुआपुर। स्थानीय पुलिस ने मंगलवार की रात थाना क्षेत्र के हंकारपुर गांव स्थित शिवपूजन राय के बांसवारी में छुपा कर रखा गया 26 लीटर वाले 24 प्लास्टिक के गैलन में रखे 624 लीटर स्पिरिट बरामद किया है। थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। इस दौरान धंधेबाज अंधेरे और बांसवारी का फायदा उठाकर भाग गया।

# मुक्तिधाम की स्थापना के लिए डीएम एवं नगर आयुक्त को दिया गया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। छपरा नगर निगम क्षेत्र में मुक्ति धाम निर्माण कराने तथा मुक्ति धाम पर ले जाने हेतु सरकारी स्तर पर मानव बल की व्यवस्था करने के संबंध में सदर अस्पताल रोड नई बाजार छपरा के निवासी वीरेंद्र कुमार ने जिलाधिकारी सारण एवं नगर आयुक्त को आवेदन दिए है। अपने दिए हुए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि छपरा नगर निगम क्षेत्र में मुक्ति धाम उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण मृत शरीर को अंतिम संस्कार हेतु आमजन डोरीगंज अथवा रिविलगंज ले जाने को विवश है। शहर से दूरी होने के कारण उक्त स्थल पर जाने हेतु आमजनों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। निगम क्षेत्र में मुक्ति धाम का निर्माण करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। जानकारी प्राप्त हुई है कि इस हेतु नगर निगम, छपरा में राशि उपलब्ध है। साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि शहर के लोगों के समक्ष यह भी समस्या देखी जा रही है कि वृद्ध माता-पिता को अकेले छोड़कर बच्चे देश-विदेश में नौकरी कर रहे हैं। यहाँ तक की माता-पिता की मृत्यु के बाद भी वे अंतिम संस्कार हेतु उपस्थित नही हो पा रहे हैं, जिसके कारण अंतिम संस्कार में गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इस समस्या के समाधान हेतु सरकारी स्तर पर मानव बल की व्यवस्था करने की आवश्यकता महसूस हो रही है ताकि आवश्यकतानुसार गठित मानव बल जरूरतमंद के यहाँ पहुँचकर मृत शरीर का अंतिम संस्कार धार्मिक रिति-रिवाज से कर सके। मृत व्यक्ति के बच्चों से गठित मानव बल को राशि उपलब्ध कराने का भी प्रावधान किया जा सकता है।

# कृषि विज्ञान केंद्र, माँझी में बीज उत्पादन क्षेत्र का निरीक्षण एवं दिया दिशा-निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मांझी। कृषि विज्ञान केंद्र, माँझी परिसर में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर के बीज निदेशक डॉ. डी. के. रॉय द्वारा बीज उत्पादन क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कटाई की गई गेहूँ (उ्हह-187) इ/र तथा राई (आर. सुफलम-1) के बीज के गुणवत्ता की जांच की। इसके साथ ही उन्होंने अरहर (आर. अरहर -1) की खड़ी फसल का भी बारीकी से निरीक्षण किया। डॉ. रॉय ने गरमा फसल के लिए बचे हुए बीज उत्पादन क्षेत्र में शीघ्र बुवाई करने का निर्देश दिया, ताकि समय पर उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही उन्होंने श्री अन्न (मिलेट्स) के उन्नत बीज उत्पादन पर विशेष बल देते हुए केवीके परिसर में 1 हेक्टेयर क्षेत्र में श्री अन्न के बीज उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने बीज उत्पादन की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि कृषकों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाले बीज की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होने नीबू, अमरूद, आम एवं लीची के बागो का भी निरिक्षण किया एवं अपने सुझाव दिये। साथ ही साथ ढैचा की फसल लगाने में भी जोर दिया ताकि मिट्टी की उवरक शक्ति बढे। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र माँझी के उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला, पादप रोग विशेषज्ञ सह प्रभारी परिक्षेत्र डॉ. जीर विनायक, कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. सुषमा टम्टा, प्रयोगशाला तकनीशियन सह प्रभारी परिक्षेत्र प्रबंधक डॉ. विजय कुमार सहित राकेश कुमार, मनोज कुमार एवं अवनीश पांडेय उपस्थित रहे।

# बालेंद्र शाह सरकार के नए भंसार नियम से सीमावर्ती क्षेत्रों में हड़कंप

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। नेपाल में बालेंद्र शाह मंत्रिमंडल के नए फरमान के बाद भारत-नेपाल सीमा से जुड़े इलाकों में हड़कंप मच गया है। जारी आदेश के अनुसार अब 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर नेपाल भंसार द्वारा सीमा शुल्क देना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश में किसी भी एनजीओ या सरकारी संस्था को भी कोई छूट नहीं दी गई है। स्थानीय प्रशासन द्वारा इस नियम की जानकारी लाउडस्पीकर के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाई जा रही है, जिससे लोगों में चिंता का माहौल है। सूत्रों के मुताबिक यह निर्णय घरेलू उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिया गया है। हालांकि, इस नए नियम का सबसे ज्यादा असर सीमावर्ती क्षेत्रों के आम लोगों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि सीमा क्षेत्र के अधिकांश लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारत और नेपाल के बाजारों पर निर्भर रहते हैं, जहां से वे सस्ते सामान खरीदते थे। ऐसे में इस नए फरमान से उनकी दिनचर्या और खर्च पर सीधा असर पड़ेगा। वहीं, सीमावर्ती दुकानदारों के व्यवसाय पर भी इस निर्णय का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# विधायक ने एनडीए के नेता चुने जाने पर दी बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बिहार विधानसभा के सेंट्रल हॉल में आयोजित एनडीए विधानमंडल दल की बैठक में नीतीश कुमार के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को भाजपा बिहार विधानमंडल दल का नेता चुना जाना अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। इस अवसर पर छपरा की विधायक छोटी कुमारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने उनसे मिलकर पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। विधायक छोटी कुमारी ने अपने संदेश में कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए और अधिक सशक्त होगी तथा प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव एवं कुशल नेतृत्व से संगठन मजबूत होगा और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह चयन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है और आने वाले समय में पार्टी प्रदेश में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि उनके सशक्त नेतृत्व में बिहार सेवा, सुशासन और विकास के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर होगा तथा जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## चाकू बाजी में एक युवक घायल

परसा। स्थानीय थाना क्षेत्र के परसौना गांव में आपसी विवाद में हुई चाकू बाजी में एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया.जिसको लेकर परिजनों ने आनन फानन में प्राथमिक उपचार हेतु परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया.जहा चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया.

घायल युवक परसौना गांव निवासी मुकेश राय का पुत्र विशाल कुमार बताया जाता है.इस संबंध में घायल युवक के मां निर्मला देवी ने परसा थाना में लिखित आवेदन देकर एक पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है.आवेदन मे महिला ने बताई है की खाना खाकर बैठी थी इसी क्रम मे सुजय कुमार आया और गाली गलौज करने लगा. विरोध करने पर चाकू से वार कर दिया. इसी. क्रम मे मेरे पुत्र विशाल कुमार बचाने आया तो चाकू से वारकर बुरी तरह स्व घायल कर दिया.पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. गिरफ्तार नामजद आरोपित स्थानीय थाना क्षेत्र के परसौना महुआ टोला गांव निवासी राजगीर राय का पुत्र सुजय कुमार बताया जाता है.

# दो ट्रकों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर

प्रात : किरण संवाददाता

परसा। परसा-सोनहो एसएच 73 पर स्थानीय थाना क्षेत्र के उतीमपुर के समीप मंगलवार की मध्य रात्रि हुई दो ट्रैकों के बीच आमने सामने की टक्कर में दोनों ट्रकों के चालक बुरी तरह से घायल हो गया. घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 के पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत करने के बाद दोनों चालको को ट्रक से बाहर निकाल कर प्राथमिक उपचार हेतु परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया.जहां डिप्टी पर तैनात डॉक्टर रिद्धि कुमारी द्वारा सभी घायलों को प्राथमिक उपचार करने रविन्द्र राय को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया. घायल चालकों में वैशाली जिला के राघोपुर निवासी बाबू डोमन राय का पुत्र रविंद्र राय व सिवान जिला के मघरा बसंतपुर निवासी शिव वाला यादव का पुत्र सिकंदर कुमार बताया जाता है. नहीं पुलिस से ने बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त दोनों ट्रको साइड करा कर आवागमन पूर्ण रूप से बहाल कराया.

## वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में इको-टूरिज्म को बढ़ावा, नई योजनाओं की शुरूआत

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही में कई नई योजनाओं की शुरूआत की गई है। इस पहल के तहत पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और प्राकृतिक सौंदर्य को सुरक्षित रखते हुए पर्यटन को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, रिजर्व क्षेत्र में इको-टूरिज्म सेंटर, सफारी सुविधाओं का विस्तार, पर्यटक आवास और गाइड सेवा को मजबूत किया जा रहा है। इसके साथ ही जंगल सफारी के लिए नए वाहनों की व्यवस्था और बुनियादी ढांचे को भी बेहतर बनाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि इन योजनाओं के लागू होने से न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी।

# त्रिवेणी ग्रामीण नगरपालिका में 25 युवाओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। इंडो-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नवलपरासी जिला के त्रिवेणी ग्रामीण नगरपालिका में आपदा से निपटने की तैयारी को मजबूत करने के उद्देश्य से 25 युवाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण सशस्त्र पुलिस बल ( एपीएफ ) के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें चयनित युवाओं को आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रेस्क्यू ऑपरेशन, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), आपातकालीन प्रतिक्रिया सहित विभिन्न जरूरी पहलुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां बाढ़, भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित युवाओं की टीम तैयार करना बेहद जरूरी है, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता पहुंचाई जा सके। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को आपदा के समय सतर्क रहने और सीखी गई तकनीकों का उपयोग कर लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि इस तरह के प्रशिक्षण से क्षेत्र में आपदा प्रबंधन की क्षमता को और मजबूत किया जा सकेगा।

## साप्ताहिक विशेष ट्रेन 18 से चलेगी

छपरा। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05056/05055 गोरखपुर-अलीपुरद्वार-गोरखपुर वाया कप्तानगंज, पडरौना ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी गोरखपुर से 18, 25 अप्रैल एवं 02 मई, 2026 दिन शनिवार को तथा अलीपुरद्वार से 19, 26 अप्रैल एवं 03 मई, 2026 दिन रविवार को 03 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। गाड़ी संख्या 05056 गोरखपुर-अलीपुरद्वार ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 18, 25 अप्रैल एवं 02 मई, 2026 दिन शनिवार को गोरखपुर से 10.05 बजे प्रस्थान कर कप्तानगंज से 10.40 बजे, रामकोला से 11.02 बजे, पडरौना से 11.34 बजे, तमकुही रोड से 12.10 बजे, थावे से 13.05 बजे, सीवान से 13.55 बजे, छपरा से 14.55 बजे, सोनपुर से 16.10 बजे, हाजीपुर से 16.25 बजे, शाहपुर पटोरी से 17.12 बजे, बरौनी से 19.15 बजे, बेगूसराय से 19.57 बजे, कटिहार से 23.30 बजे, बारसोई से 23.58 बजे, दूसरे दिन किशनगंज से 00.50 बजे, अलुआबाड़ी रोड से 01.35 बजे, न्यू जलपाईगुड़ी से 02.45 बजे, सिलीगुड़ी से 03.17 बजे, न्यू माल जं. से 04.25 बजे, बिन्नागुड़ी से 05.12 बजे तथा हासीमारा से 05.55 बजे छूटकर अलीपुरद्वार 07.30 बजे पहुँचेगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### स्नातक पार्ट तीन ओल्ड कोर्स का रिजल्ट जारी

आरा।वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक पार्ट-3 ओल्ड कोर्स के तहत विभिन्न सत्रों का रिजल्ट जारी कर दिया है।विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार सत्र (2020-23), (2021-24) और (2022-25) के बी.ए, बी.कॉम और बी.एससी (स्पेशल परीक्षा) के परिणाम अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपना रोल नंबर या अन्य आवश्यक विवरण दर्ज करना होगा। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्रों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से वे अपने परिणाम का इंतजार कर रहे थे।विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि यह रिजल्ट ओल्ड कोर्स के अंतर्गत आयोजित विशेष परीक्षा का है।

### शाहपुर थाने की पुलिस ने शराब के पूर्व वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में

शाहपुर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र से पूर्व के एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत उसे भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के रुदनगर गांव से 2017 में दर्ज की गई।शराब के मामले में एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में उसे भेज दिया गया। आज बुधवार को शाहपुर थाना अध्यक्ष राजेश मालाकार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 2017 के शराब के मामले में फरार चल रहे। वारंटी लालमुनि मुसहर के पुत्र तबिगन मुसहर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में उसे भेज दिया गया। शाहपुर थाने की पुलिस इन दोनों अवैध शराब शराबियों और वारंटी के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

### बहोरनपुर थाना मे दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

शाहपुर प्रखंड के बहोरनपुर थाना मे दहेज प्रताड्ना का एक मामला दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने इस संबंध मे अपने ससुराल जवइनिया गाँव के अपने पति, सास, भसुर और बड़ी गोतनी पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का मायके अरवल जिला के मेहंदिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ता है। पीड़िता की शादी 8 महीने पहले शाहपुर प्रखंड के दामोदरपुर पंचायत के जवइनिया गाँव में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष वाले उससे दहेज मे मोटरसाइकिल और सोने के चेन की मांग किया करते थे। दहेज नहीं मिलने से ससुराल पक्ष वाले उसको प्रताड़ित करते थे। प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने अपने पति, सास, भसुर एवं बड़ी गौतमी के विरुद्ध बहोरनपुर थाना मे दहेज अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया है।बहोरनपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि थाने में मामला आया है।पुलिस जांच में जुटी है।गगग्गा

### सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी की परीक्षा 19 केंद्रों में आयोजित

आरा। जिले में सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी की परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक 19 केंद्रों पर किया गया। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ मजिस्ट्रेटों की भी निगरानी सुनिश्चित की गई। सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ केंद्रों के बाहर देखने को मिली। निर्धारित समय से पहले ही अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। प्रवेश के दौरान सख्त जांच की गई, जिसमें एडमिट कार्ड और पहचान पत्र का सत्यापन किया गया। किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था।प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू कर दी थी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़-भाड़ को नियंत्रित किया जा सके। केंद्रों के पास वाहनों की आवाजाही भी सीमित रखी गई, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। परीक्षा के दौरान कुछ केंद्रों पर हल्की भीड़भाड़ और अव्यवस्था की शिकायतें सामने आईं, लेकिन अधिकारियों ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित कर लिया। अधिकांश केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। अभ्यर्थियों ने भी व्यवस्था को संतोषजनक बताया।जिला प्रशासन ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए थे और भविष्य में भी इसी तरह की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखी जाएगी।

# आरा रजिस्ट्री कार्यालय में जल्द शुरू होगी पार्किंग व्यवस्था

## जाम से मिलेगी राहत ; डीएम ने निरीक्षण में व्यवस्था सुधार ने के दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बुधवार को जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया ने रजिस्ट्री कार्यालय स्थित नव-निर्मित पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्किंग व्यवस्था को एक सप्ताह के भीतर हर हाल में शुरू किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पार्किंग सुविधा के चालू होने से रजिस्ट्री कार्यालय के आसपास लगने वाले जाम की समस्या से आम लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने तय समयसीमा के अंदर सभी जरूरी तैयारियां पूरी करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को पार्किंग स्थल को व्यवस्थित, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौके पर अवर निबंधक, आरा सदर, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपभोक्ता पैनिक ना हो : भोजपुर में है पर्याप्त गैस की उपलब्धता : जिला आपूर्ति पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में घरेलू सिलेंडर उपलब्ध हैं। बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में गैस आपूर्ति के लिए इंडेन, भारत गैस और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के कुल 30 वितरक कार्यरत हैं, जिनके पास हजारों की संख्या में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। वर्तमान में कुल 9390 एलपीजी सिलेंडर वितरण के लिए तैयार हैं।जिला प्रशासन के अनुसार, एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी के बाद अगली बुकिंग शहरी क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद ही संभव होगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर मेसेंजर




के माध्यम से ही गैस प्राप्त करें और अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं तथा पैनिक बुकिंग से बचें। किसी भी समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ता गैस कंपनियों के टोल फ्री नंबर-1906, इंडियन ऑयल (IOCL) 1800-2333-555, बीपीसीएल 1800-22-4344 तथा एचपीसीएल 1800-2333-555 पर संपर्क कर सकते हैं। जिले में गैस वितरण से संबंधित शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए जिला नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। इसके साथ ही सभी अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 7 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 3 प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 35 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। बताया गया कि 15 अप्रैल को भी 3 गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया तथा 2 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कालाबाजारी या अनियमितता करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर जगदीशपुर में जश्न



जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेत्री पूनम कुशवाहा ने बुधवार को बिहार में भाजपा नेता सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में जगदीशपुर के नया टोला स्थित अपने कार्यालय पर जश्न मनाया। इस अवसर पर उन्होंने सबसे पहले अपने कार्यालय परिसर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद नगर के महावीर मंदिर पहुंचकर भी भगवान के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं और समर्थकों के बीच मिठाई बांटी तथा एक-दूसरे को तिलक लगाकर खुशी का इजहार किया। पूनम कुशवाहा ने कहा कि सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने से भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है। उन्होंने विश्वास जताया कि अब बिहार में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और राज्य तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में सभी मिलकर काम करेंगे और नई सरकार बिहार के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर समाजसेवी धर्मेंद्र कुशवाहा, चंदन कुशवाहा अजीत कुमार विकास सिंह सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मेला के माध्यम से लोगों को दी गयी रोगों से बचाव की जानकारी

## आंगनवाड़ी केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित किया गया स्वास्थ्य मेला

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर। बुधवार को जिला के आरा सदर प्रखंड स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, धमार एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर खजुरिया अंतर्गत भेड़िया आंगनवाड़ी केंद्र ( केंद्र संख्या 74 ) में और बड़हरा प्रखंड के कर्जा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. मेला में सीएचओ-पीएसपी के सदस्यों के सहयोग से लोगों को बुलाया गया और गैर संचारी रोगों जैसे रक्तचाप, शुगर, कैंसर आदि रोगों की जांच की गयी और उपस्थित लोगों को दवा और जरुरी सलाह दी गयी. आयुष्मान आरोग्य मंदिर खजुरिया की सीएचओ कन्या गुर्जर ने उपस्थित लोगों को गैर संचारी रोगों से बचाव एवं लक्षणों की जानकारी दी गयी. आयुष्मान आरोग्य मंदिर, धमार की सीएचओ ममता कुमारी ने गैर संचारी रोगों के बारे में चर्चा करते हुए उपस्थित लोगों को बताया कि




डायबिटीज यानि शुगर की समस्या एक साइलेंट किलर है जो धीरे धीरे हमारे पूरे शरीर को नुकसान पहुंचाता है. उन्होंने बताया की इसी तरह उच्च रक्तचाप की समस्या भी घातक हो सकती है इसलिए लोगों को नियमित रूप से इन बिमारियों की जांच करानी चाहिए. उन्होंने गैर संचारी रोगों के लक्षणों से भी लोगों को अवगत कराया. बड़हरा प्रखंड के कर्जा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित स्वास्थ्य मेले में सीएचओ सुनीता सैनी ने लोगों को एचपीवी टीकाकरण और चमकी बुखार ने बारे में बताया. उन्होंने कहा कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए निशुल्क ग्राडासिल वैक्सीन लगायी जा रही है और सभी किशोरी 14 साल से अधिक और 15 साल से कम है, उन्हें यह टीका जरुर लगवाना चाहिए. उन्होंने उपस्थित लोगों को चमकी बुखार की जानकारी देते हुए बताया कि गर्मी के मौसम में चमकी का खतरा बढ़ जाता है इसलिए बच्चों को रात में खली पेट नहीं सोने दें और उनके पोषण का ध्यान रखें. उन्होंने लोगों को चमकी बुखार के लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# नए मुख्यमंत्री से बिहार के वार्ड सदस्यों को स्वतंत्र फंड की उम्मीद : रितु

## नए मुख्यमंत्री को दी बधाई, कहा- बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा

प्रात : किरण संवाददाता



कोईलवर। बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में वार्ड संघ के जिलाध्यक्ष (महिला सेल) सह कोईलवर प्रखंड के गोपालपुर पंचायत की वार्ड सदस्य रितु देवी ने मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दी हैं। रितु देवी ने अपने बयान में कहा कि ह्लसम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार निश्चित रूप से विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा। जनता को उनसे काफी उम्मीदें हैं और वे उन उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। रितु देवी ने आगे कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में वार्ड सदस्यों को नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बहुत उम्मीदें हैं। आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि वार्ड सदस्यों को नए मुख्यमंत्री उन्हें अपने वार्ड का विकास करने के लिए स्वतंत्र फंड देंगे। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से काम होगा ,बिहार में पलायन रुकेगा और आम लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। रितु देवी ने मुख्यमंत्री के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।

# संत जीयर स्वामी जी महाराज का होगा आगमन, हर -हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा कौरा ग्रामीण क्षेत्र

प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर। प्रखंड के कौरा पंचायत स्थित मथुरापुर गांव में बुधवार को भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री शिव सपरिवार अचल प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के पहले दिन आयोजित भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ ही छह दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ हो गया। बुधवार सुबह मथुरापुर मध्य विद्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा माथे पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुए। गाजे-बाजे और जयघोष के बीच निकली इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को शिवमयी बना दिया। विशेष बात यह रही कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी; बड़ी संख्या में श्रद्धालु नंगे पांव ही सर पर कलश लिए पदयात्रा करते



नजर आए।शोभा यात्रा मथुरापुर गांव से होते हुए असनी बनास नदी तट पर पहुंची। वहां विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। इसके पश्चात श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे, जहां कलश स्थापित कर यज्ञ की शुरूआत की गई। जीयर स्वामी जी का आगमन और प्रवचन आयोजन करता अधिवक्ता जयशंकर तिवारी ने बताया इस महायज्ञ का मुख्य आकर्षण पूज्य श्री लक्ष्मी लक्ष्मीप्रपंन्य जीयर स्वामी जी महाराज का आगमन है वे 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक यज्ञ स्तर पर उपस्थित रहेंगे इस दौरान प्रतिदिन शाम को उनके प्रवचन की अमृत वर्षा होगी जिसे सुनने के लिए दूर -दराज से भक्तों के जुटने की संभावना है. 16 और 17 अप्रैल से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजित होगा। जिसमे 18 से 20 अप्रैल को प्रसिद्ध संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में भव्य प्रवचन कार्यक्रम होगा। साथ ही साथ 20 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारा का आयोजन होगा. यज्ञ को लेकर शिव मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और सुगंधित फूलों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि स्वामी जी के प्रवचन को सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है, जिसके लिए पंडाल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गांव का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया है और लोगों में इस महायज्ञ को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। वहां मौजूद लोगों में अधिवक्ता जयशंकर तिवारी डॉक्टर टीपी सिंह गिरजा शंकर तिवारी कन्हैया उपाध्याय मनु तिवारी वार्ड सदस्य सोनू तिवारी बिट्टू कुमार यादव डॉक्टर दुर्गेश तिवारी समस्त ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

# देवरियां में एफसीआई ने किसानों का गेहूं खरीद पर रोक, किसानों ने गोदाम में की तालाबंदी

प्रात : किरण संवाददाता

कोईलवर। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत भारतीय खाद्य निगम (FCI) द्वारा गेहूँ खरीद बंद किए जाने से कोईलवर प्रखंड के देवरिया गेहूँ क्रय केंद्र पर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। बुधवार को सैकड़ों किसानों ने केंद्र पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी कर दी। सरकार द्वारा गेंहूँ का समर्थन मूल्य (टरढ) 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किए जाने और 48 घंटे के भीतर भुगतान के दावे के बावजूद जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। खरीद प्रक्रिया ठप होने से किसान भारी परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि विभाग ने निर्धारित लक्ष्य पूरा होने का हवाला देकर अचानक खरीदारी बंद कर दी, जिससे बड़ी संख्या में किसानों का गेहूँ अब भी खेतों और क्रय केंद्र के बाहर खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। बदलते मौसम के बीच फसल खराब



होने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। देवरिया गांव के किसान रंजय कुमार ने बताया कि शुरूआत में केंद्र पर सीमित और चुनिंदा किसानों से ही मनमाने तरीके से गेहूँ खरीदा गया। अब जब अधिकांश किसानों की फसल तैयार हो चुकी है और करीब 2000 से 3000 क्विंटल गेहूँ स्टॉक में है, तो खरीद से साफ इनकार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब अधिकारी रैयत और गैर-रैयत का हवाला देकर किसानों को टाल रहे हैं, जबकि पहले कई गैर-रैयत किसानों का पंजीकरण कर खरीद की जा चुकी है। साथ ही भुगतान को लेकर भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। वहीं, एफसीआई जिला प्रबंधक कुमार अभिषेक ने बताया कि बिहार में इस वर्ष 4500 टन गेहूँ खरीद का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध अब तक 5100 क्विंटल की खरीद हो चुकी है। इसके कारण विभाग के द्वारा ऊपर से ही गेहूं खरीद पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य बढ़ाने के लिए विभाग को पत्र भेजा गया है और स्वीकृति मिलते ही पुनः खरीद शुरू कर दी जाएगी। भुगतान में देरी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि सरकार का निर्देश 48 घंटे के भीतर भुगतान का है, जबकि कोईलवर में 24 घंटे के अंदर ही किसानों को भुगतान किया जा रहा है। किसानों के आरोप निराधार हैं। फिलहाल, खरीद बंद होने से नाराज किसान जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं। यदि स्थिति नहीं सुधरी, तो आंदोलन और तेज होने की चेतावनी भी दी गई है।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाइयां



प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर,भोजपुर। बिहार में भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बनने की खुशी में जगदीशपुर नगर मंडल के कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है । सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेंद्र साह के नेतृत्व में सदर बाजार स्थित सर्व मनोकामना महावीर मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने सबसे पहले भगवान महावीर को मिठाई का भोग लगाया और उनकी आरती की। इसके बाद पूरा मंदिर परिसर ह्जय श्री रामह्न और ह्हर-हर मोदीह्न के नारों से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद सैकड़ों लोगों के बीच प्रसाद स्वरूप मिठाइयां बांटकर उनका मुंह मीठा कराया गया। 75 वर्षों का इंतजार हुआ खत्म-शक्ति केंद्र प्रमुख सतीश कुमार गुप्ता ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लगभग 75 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद बिहार में भाजपा का अपना मुख्यमंत्री बना है। यह ऐतिहासिक पल है और यही कारण है कि कार्यकताओं में आज गजब का उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। ये रहे मौजूद इस हर्षोल्लास के मौके पर मुख्य रूप से अर्जुन प्रसाद (महामंत्री), गौतम कुमार सिन्हा, पूनम कुशवाहा, माधव केसरी, नागेंद्र केसरी, सतीश कुमार गुप्ता, राज कुमार पटवा, रंजन सिंह, दिलीप कुमार, आदित्य कुमार, विजय चौबे, कृपा शंकर पांडे, रजत सोनी, संजय पासवान, शिव जी साह सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# निरीक्षण : डीएम ने विवाह निबंधन में वृद्धि करने का दिया निर्देश

## भूमि श्रेणी निर्धारण में सख्ती और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर जोर

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया ने बुधवार को जिला निबंधन कार्यालय, भोजपुर का निरीक्षण किया और कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला अवर निबंधक को चालू वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसके लिए अभी से ही गहन प्रयास शुरू करने को कहा। उन्होंने स्थल निरीक्षण करने वाले कर्मियों को भूमि की श्रेणी का सख्ती से निर्धारण करने का निर्देश



दिया। विवाह निबंधन एवं कोर्ट मैरिज की कम संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए डीएम ने प्रचार-प्रसार के माध्यम से इसमें वृद्धि करने का निर्देश दिया। साथ ही निलामवाद से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दस्तावेज नवीसों के बैठने के लिए चिन्हित स्थान पर चल रहे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया। इसके अतिरिक्त पीरो निबंधन कार्यालय में नए भवन निर्माण तथा निबंधनार्थियों के लिए प्रतीक्षालय, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु भूमि जल्द चिन्हित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला अवर निबंधक तारकेश्वर पाण्डेय, विशेष कार्य पदाधिकारी, संयुक्त अवर निबंधक, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के सहायक एवं कनीय अभियंता, जिला परिषद के अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी और संवेदक उपस्थित रहे।

# यूजी सेमेस्टर-4 सीबीसीएस परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी

आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने यू.जी. सेमेस्टर-4 (सीबीसीएस) सत्र 2024-28 के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अब छात्र-छात्राएं 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ 18 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। यह निर्णय उन विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है जो निर्धारित समय सीमा में किसी कारणवश आवेदन नहीं कर पाए थे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी परीक्षार्थियों को आधिकारिक वेबसाइट ६६६.५‘२४.ल्ल पर जाकर स्टूडेंट पोर्टल लॉगिन के माध्यम से ही परीक्षा फॉर्म भरना होगा। ऑफलाइन आवेदन की कोई व्यवस्था नहीं है। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि तकनीकी समस्याओं से बचा जा सके।इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किया है। परीक्षा फॉर्म जमा करते समय सभी छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यह प्रमाण-पत्र संबंधित कॉलेज के प्राचार्य द्वारा सत्यापित होना चाहिए। जिन विद्यार्थियों के फॉर्म कॉलेज द्वारा सत्यापित नहीं होंगे, उनके प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे।यह निर्णय राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, पटना और छात्र-कल्याण कार्यालय के पूर्व निर्देशों के आलोक में लिया गया है।

# नगर निकाय योजनाओं की समीक्षा बैठक में डीएम सख्त, कार्यों में तेजी और गुणवत्ता पर जोर



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बुधवार को जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायत अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सम्राट अशोक भवन, मोक्ष धाम, एमआरएफ (टफ्फ़) कम्पोस्ट पिट तथा वेंडिंग जोन निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने नगर आयुक्त, भोजपुर को सार्वजनिक स्थलों पर अवैध पार्किंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में अपर समाहर्ता भोजपुर, नगर आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 16 अप्रैल, 2026



# डीएम ने जीविका दीदियों द्वारा संचालित सिलाई केंद्र का निरीक्षण किया

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस द्वारा संस्कृति भवन अरवल में जीविका दीदियों द्वारा संचालित सिलाई केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि जीविका दीदियों के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों हेतु पोशाक की सिलाई का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने सिलाई केंद्र में उपलब्ध संसाधनों, कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा निर्देश दिया कि बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे पोशाक की गुणवत्ता एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लाभुक बच्चों को समय पर इसका लाभ मिल सके। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सिलाई कार्य में संलग्न सभी दीदियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे और अधिक कुशलता के साथ कार्य कर सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में निरंतर अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अरवल शैलेश कुमार पंचायती राज पदाधिकारी विनोद कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नई सरकार को बधाई, नीतीश कुमार का योगदान अविस्मरणीय

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी ।सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री, आदरणीय विजय चौधरी एवं आदरणीय विजेन्द्र यादव को उप मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ।वहीं नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद पूरे बिहार में भावनात्मक माहौल देखा जा रहा है। प्रकाश राम पटवा ने कहा कि नीतीश कुमार केवल एक नेता नहीं, बल्कि नए बिहार के शिल्पकार हैं, जिनके नेतृत्व में राज्य ने विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा सुधार, युवाओं को रोजगार और समाज के हर वर्ग को सम्मान दिलाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है, जो सदैव बिहारवासियों के दिलों में जीवित रहेगा। बधाई देने वाले नीरज कुमार वर्मा, राजकुमार साह,लालजी प्रसाद, तनुज कुमार कानू , विनोद कुमार, विमल कुमार, सियाराम मिश्रा, सुनील कुमार घोष, मेघनाथ पटवा, मुन्ना गुप्ता, इत्यादि।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच साल की सजा और लगा जूमार्ना

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में स्पेशल पोक्सो कोर्ट लक्ष्मी कांत मिश्रा ने देव थाना कांड संख्या -119/24, पोक्सो केस नम्बर -210/24 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों के अधिवक्ताओ को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने एक मात्र अभियुक्त को सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त शशीभुषण कुमार करगहर रोहतास को भादंवि धारा -366 और 12 पोक्सो एक्ट में 07 अप्रैल 26 को दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए न्यायधीश ने भादंवि धारा -366 में पांच साल की सजा और बीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है और 12 पोक्सो एक्ट में तीन साल की सजा और बीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता के पिता ने प्राथमिकी में 21 मई 24 को कहा है कि 20 अप्रैल 24 को शाम पांच बजे शौच के लिए गई। पीड़िता वापस नहीं लौटी तो काफी खोजबीन के बाद पता चला कि अमुक मोबाइल नंबर के व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर कर मोटरसाइकिल से भगा ले गया है। प्राथमिकी के बाद मोबाइल लोकेशन से पता चला कि दोनों राजस्थान में है। पुलिस दबाव के बाद पुलिस को एक माह बाद बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया था। अभियुक्त को 27 अप्रैल 24 को गिरफ्तार किया गया था अभियुक्त पर आरोप गठन 22 जनवरी 25 को हुई थी, न्यायालय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद को आदेश दिया गया है कि पीड़िता को प्रतिकर दिलाने में मदद करें। अभियुक्त सजा सुनाई जाने के पश्चात रोने लगा।

### नव नियुक्त मुख्यमंत्री से शहर के बाहरी टोटो चालक को बंद कराने की मांग

गया जी। बिहार के नव नियुक्त मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को आज बुधवार को महिलाओं ने ट्विट करके गया शहर में जाम की समस्या को अवगत कराया है साथ में गया शहर में सबसे ज्यादा बाहरी जिलों के टोटो चालक द्वारा मनमानी और बदसलूकी और मनमानी किराया मागने पर भी शिकायत ट्विट से किया गया है। महिलाओं को उम्मीद है कि जिस तरह पुर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए किया उसी तरह नव नियुक्त मुख्यमंत्री करेंगे और गया जिला प्रशासन भी ध्यान देगी और जाच करेगी ड्राइविंग लाइसेंस और आधार और गाडी कागज की

### ऑपरेशन यात्री सुरक्षा द्वारा दो महिला अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

गया जी। ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत दो महिला अभियूक्त को यात्री सामान कीमत 125000/रुपए के साथ गिरफ्तार कर कार्रवाई करने के संबंध में। असरपीएफ व जीआरपी गया के साथ गया स्टेशन प्लेटफार्म पर आपराधीक गतिविधि निगरानी किया जा रहा था। निगरानी के क्रम में प्लेटफार्म संख्या 01 सी दिल्ली छोर के पास दो महिला को संदिग्ध अवस्था मे बैठा देखा गया है। जिसमें से एक महिला ने गोद में एक छोटा बच्चा लिये हुए था। जिस पर शक होने पर महिला बल सदस्यों के सहयोग से रोका गया है। पूछताछ करने पर दोनो महिला ने अपना नाम क्रमशः (01) संजीता देवी उम्र 19 वर्ष पति-बिरजू घरवार पता ग्राम-अकोढी गोला, मुसहरी टोला, थाना-अकोढी गोला, जिला- रोहतास (02) अरीना कुमारी उम्र-19 वर्ष पिता-अमराज, पता-ग्राम-अकोढी गोला, पोखरा पर मुसहरी टोला, थाना-अकोढी गोला जिला-रोहतास (बिहार) बताई। तत्पश्चात महिला बल द्वारा तलाशी नियमों का पालन करते हुए तलाशी लिया गया तो (01) संजीता देवी के के पास से क्रमशः (क) एक अदद पीली धातु का नथीया (ख) एक अदद पीली धातु का बेसर (ग) दो जोडी सफेद धातु का बलिया (घ) एक अदद सफेद धातु का अंगुठी (ड) एक अदद सफेद धातु का सीकडी (च)शायरा खातुन के नाम से हीना ज्वेलर्स दुकान का क्रय बिक्रय दो रसीद, पाया गया। एवं (02) अरीना कुमारी के पास से एक लेडिज पर्स जिसमें (क) शायरा खातुन के नाम का एक अदद एक्सीस बैक का टु व्हीलर लोन सेंन्क्सन लेटर, (ख) शायरा खातुन के नाम का एक अदद आधार कार्ड (ग) शायरा खातुन के नाम का एक अदद वोटर कार्ड , (घ) शायरा खातुन के नाम का एक अदद ई-श्रम कार्ड (ड) शायरा खातुन के नाम का एक अदद पेन कार्ड (च) शायरा खातुन के नाम का एक अदद उजीवन कम्पनी का कस्टमर आईडी (छ) नगद 1250/रुपए तथा (झ) एक अदद कीपैड छोटा इस्तेमाली मोबाइल पाया गया।

# पूर्व सांसद ने दी सीएम, डिप्टी सीएम को बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उप मुख्यमंत्री के रूप में विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव के शपथ ग्रहण समारोह में पटना के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए एवं मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं दी।पूर्व सांसद ने कहा कि मुझे विश्वाश है कि आपके नेतृत्व में बिहार और तेजी से विकसित करेगा और तरक्की करेगा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में डबल इंजन वाली सरकार और तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा और बिहार एक सशक्त और प्रगतिशील राज्य के रूप में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और विकसित बिहार के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में यह एक सशक्त कदम है।केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार जन-आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और बिहार में सुशासन का एक नया अध्याय लिखेगी।इस मौके पर पूर्व सांसद ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री जे.पी नड्डा,बिहार प्रभारी सह राज्यसभा सदस्य बिनोद तावड़े एवं वरीय नेताओं से मुलाकात कर स्वागत अभिनदंन किया।इस कार्यक्रम में देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक एवं बिहार के विभिन्न जगहों से आए तमाम एनडीए के कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

# जीबीएम कॉलेज में बीस दिवसीय जीवन विद्या कोर्स के अठारहवें दिन अभिभावक–शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन

## अभिभावकों एवं छात्राओं ने जीवन विद्या कोर्स के महत्व एवं सकारात्मक प्रभावों को साझा किया

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के निदेर्शानुसार दर्शनशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में ह्लरिफ्लेक्शन ऑन वैल्यूजह्व पर चलाए जा रहे बीस दिवसीय कोर्स के अठारहवें दिन प्रतिभागी छात्राओं के माता-पिता सावित्री महाजन सभागार में आयोजित पेरेंट्स-टीचर्स मीट में शामिल हुए। छात्राओं ने प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल, अतिथि डॉ रामेश्वर प्रसाद यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, जन समाधान पार्टी, जीवन विद्या के प्रशिक्षक आचार्य नवीन कुमार, दर्शन शास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ पूजा राय, डॉ आशुतोश कुमार पांडेय, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, बैठक में शामिल प्रतिभागियों के अभिभावकों की उपस्थिति में जीवन विद्या कोर्स के दौरान सीखी गयीं मूल्य आधारित बातों, सफल जीवन से संबंधित तथ्यों, अनुभवों, एवं कोर्स करने के बाद स्वयं के विचार व व्यवहार में आए सकारात्मक परिवर्तनों को साझा किया है। अभिभावक किशोर कुमार सिंह, प्रियंका मिश्रा, राम नाथ साह, सानिया कुमारी, कपूर देवी, नीरज कुमार, गायत्री देवी, मीरा देवी आदि ने जीवन विद्या कोर्स को एक अत्यंत महत्वपूर्ण कोर्स बताया, जिसके द्वारा युवाओं को सही ढंग से जीवन जीने की कला सिखलाई जाती है। अभिभावकों ने कोर्स करने के उपरांत अपने बच्चों के विचार एवं व्यवहार में आए अच्छे परिवर्तनों के बारे में बताया। अभिभावकों के समक्ष कोर्स में नियमित रूप से भाग ले रही पंजीकृत छात्रा खुशी राज, मुस्कान परवीन, कुमारी हर्षिता, साधना प्रिया, दीपशिखा मिश्रा, गीतांजलि, अनीषा, कुमकुम, सृष्टि, प्रेमलता, नैना, सिमरन व अन्य ने सुखी होने और खुश होने के बीच के अंतर, मूल्य और कीमत के बीच स्थित विभेद, मानव के प्रकार, अंतसंबंधों के बीच सामन्जस्य, क्रोध पर नियंत्रण रखने, जीवन झेलने एवं जीने में अंतर, ईर्ष्या, द्वेष, डर एवं भय से मुक्ति, आचरण, दया, करुणा, सुख, अच्छाई आदि महत्वपूर्ण विषयों पर सिखलायी गयी बातों को एवं अनुभूतियों को साझा किया है। छात्राओं ने फीडबैक देते हुए कहा कि कोर्स के दरम्यान उन्होंने संबंधों में आचरण के साथ जीने की कला एवं राक्षस मानव से देव मानव बनने के लिए जरूरी गुणों को सीखा। आचार्य नवीन ने छात्राओं से जीवन विद्या कोर्स में सिखलाए गये आचरण एवं जीवन मूल्यों से संबंधित प्रश्न पूछे। छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ सभी प्रश्नों के उत्तर दिए हैं। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या ने छात्राओं को परिवार की परिभाषा समझाते हुए धरती पर निवास कर रहे पशु, पक्षी, जीव-जंतु, व पूरी प्रकृति को भी परिवार का हिस्सा बतलाया है। अतिथि के रूप में शामिल डॉ रामेश्वर प्रसाद यादव ने शिक्षकों को राष्ट्र निमार्ता बतलाते हुए प्रधानाचार्या डॉ पटेल की पहल को अनुकरणीय बतलाया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कोर्सेज मगध विश्वविद्यालय के अन्य कॉलेजों में भी चलाए जाने की जरूरत है। डॉ पूजा राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया है। कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि ने बतलाया कि जीवन विद्या कोर्स में सौ से अधिक छात्राओं ने पंजीकरण करवाया है। छात्राओं की नियमित उपस्थिति के आधार पर कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली छात्राओं को कोर्स के बीसवें दिन प्रधानाचार्या डॉ पटेल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

# बड़वाँ गांव में पांच दिवसीय सत चण्डी महायज्ञ संपन्न, पूर्णाहुति पर उमड़ी भीड़



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। प्रखंड अंतर्गत फेसर थाना क्षेत्र के बड़वाँ गांव में आयोजित पांच दिवसीय सत चण्डी महायज्ञ बुधवार को पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। यह महायज्ञ 10 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जनकल्याण और विश्व शांति की कामना को लेकर आयोजित किया गया था, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। पूणार्हुति के अवसर पर आचार्य मिथिलेश वैद्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत हवन कराया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में केवल जनकल्याण ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के कल्याण की भावना निहित है और ऐसे यज्ञ इसी उद्देश्य को साकार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान 501 कुमारी कन्याओं को पुजन एवं विधिपूर्वक भोजन कराया गया, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। यज्ञ में पुरे पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग भक्ति भाव से शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सामाजिक एकता मजबूत होती है। लोगों ने पंचायत में इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से कराने की भी इच्छा जताई। कार्यक्रम के दौरान भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में चंदन मिश्रा, मंजू देवी, सत्येंद्र मिश्रा, शशिकांत मालाकार, शशि भूषण मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, अनिल विश्वकर्मा, बजिंदर शाह, प्रकाश शाह, दुखराज मेहता,मुकेश सिंह, सरजू मेहता, रामदयाल विश्वकर्मा बसंत शर्मा बैजनाथ चौबे दिलकेश्वर राम समेत कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# यूजीसी–नेट परीक्षा में सफलता के लिए कड़ी मेहनत, योजनाबद्ध अध्ययन और आत्मविश्वास जरूरी हैं : डॉ लक्ष्मण सिंह देव

**● गया कॉलेज, गया के उर्दू विभाग में यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन**

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। गया कॉलेज, गया के उर्दू विभाग में यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। सफलता कड़ी मेहनत, धैर्य और निरंतर संघर्ष का दूसरा नाम है। ज्ञान प्राप्त करने का जुनून ही इंसान को सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाता है। यूजीसी-नेट में सफलता के लिए कड़ी मेहनत, सही योजना और आत्मविश्वास बहुत जरूरी हैं। छात्रों को न केवल परीक्षा को अपना लक्ष्य बनाना चाहिए, बल्कि ज्ञान प्राप्त करने को भी अपना लक्ष्य बनाना चाहिए। निरंतर कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच ही सफलता की असली कुंजी हैं। सफल वही होता है जो असफलता के बाद भी हार नहीं मानता है। ये बातें उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के जाने-माने विद्वान और ह्लइंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्सह्व के अनुसार भारत के सबसे शिक्षित व्यक्ति डॉ. लक्ष्मण सिंह देव ने कहीं। ज्ञात हो कि डॉ० देव ने 13 विषयों में यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने गया कॉलेज, गया के उर्दू विभाग में आयोजित एक विशेष व्याख्यान में अऐ विचार व्यक्त किए और अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने यह भी कहा कि असफलता कभी भी सफलता की राह में कोई स्थायी बाधा नहीं होती। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए छात्रों से कहा कि एक समय ऐसा भी था जब वे स्कूल की परीक्षा केवल 39% अंकों के साथ ही उत्तीर्ण कर पाए थे और उन्हें कई असफलताओं का सामना करना पड़ा था, लेकिन आज उन्हें देश के सबसे अधिक शिक्षित लोगों में से एक माना जाता है। इसलिए आप भी निरंतर और सतत प्रयास करते रहें तो कामयाबी जरूर हासिल होगी। इस अवसर पर, उन्होंने संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनकी शैक्षिक सेवाओं का उदाहरण देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण सेवाएँ दीं तथा अपनी कड़ी मेहनत, ज्ञान और दृढ़ संकल्प के माध्यम से समाज को एक नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लें और शिक्षा को ही अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाएँ। उन्होंने छात्रों को यूजीसी-नेट परीक्षा, शैक्षिक संघर्ष और सफलता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। अपने संबोधन में, उन्होंने यूजीसी-नेट परीक्षा की तैयारी के लिए सही योजना बनाने, पुस्तकों का अध्ययन करने, समय का उचित उपयोग करने और निरंतर पढ़ाई करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे केवल डिग्री प्राप्त करने के बजाय, प्रतिदिन कुछ नया सीखने की आदत डालें और अपने ज्ञान तथा समझ का विस्तार करें। विशेष व्याख्यान से पूर्व, उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० अब्दुलहई ने अतिथि वक्ता को शॉल और स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया और उनका परिचय कराया। उन्होंने इस विशेष व्याख्यान के उद्देश्य और लक्ष्य के बारे में भी बताया और कहा कि डॉ० लक्ष्मण सिंह देव ने 13 अलग-अलग विषयों में यूजीसी-नेट परीक्षा पास की है, जिसके कारण उन्हें ह्लइंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2022ह्व में देश के सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों में शामिल किया गया है। उन्होंने राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, भारतीय संस्कृति, तुलनात्मक धर्म, नृत्य, नाटक, इस्लामी अध्ययन, जैन अध्ययन और कई अन्य विषयों में नेट परीक्षा पास की है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा, उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं में 33 बार सफलता हासिल की है और अनुसंधान के क्षेत्र में भी बेहतरीन सेवाएँ दी हैं। डॉ. लक्ष्मण सिंह देव ने दुनिया की दूसरी सबसे खतरनाक दौड़, ह्लरेड द हिमालयजह्व में भी तीन बार हिस्सा लिया है, जो दुनिया की सबसे ऊँची मोटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभाग के शिक्षक डॉ० मो० मिन्हाजुद्दीन ने कहा कि आज हमारे विभाग के लिए यह गर्व की बात है कि डॉ० लक्ष्मण सिंह देव, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, हमारे बीच मौजूद हैं और हमें अपने विभाग में ऐसी महान हस्ती का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उनकी कहानी इस बात का सबूत है कि अगर किसी इंसान में दृढ़ संकल्प और हिम्मत हो, तो वह किसी भी मुश्किल का सामना कर सकता है। इस कार्यक्रम में गालिब जावेद, जीनत परवीन, इम्तियाज अहमद, शहाबुद्दीन आदि के साथ-साथ एम ए और बी ए के छात्र-छात्राएं, उर्दू विभाग के सहायक अबू हुजैफा, रवि शंकर और गीता देवी आदि भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान ह्लजन गण मनह्व की प्रस्तुति के साथ हुआ है।

# कुल्हड़िया में नल-जल योजना की पाइपलाइन में मिली मरी चिड़िया, इलाके में हड़कंप

प्रात : किरण संवाददाता

कोईलवर। स्थानीय कोईलवर प्रखंड के कुलहड़िया पंचायत के वार्ड संख्या तीन में मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन में मरी हुई चिड़िया मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। वार्ड सदस्य अमर कुशवाहा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से कई घरों में नल के पानी के साथ पक्षियों के पंख आ रहे थे। वहीं पिछले तीन दिनों से पानी में तेज दुर्गंध भी महसूस की जा रही थी, जिससे ग्रामीण काफी परेशान थे।ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कनीय अभियंता चंदन कुमार को दी गई। जांच के दौरान भूषण महतो के घर के नल से सबसे अधिक दुर्गंध आने की पुष्टि हुई। इसके बाद विभागीय टीम ने उनके घर के सामने पाइपलाइन की खुदाई कर जांच की। खुदाई के दौरान पाइपलाइन के अंदर सड़ी-गली अवस्था में एक मरी हुई चिड़िया मिली, जिससे पानी दूषित हो रहा था। मामले का खुलासा होते ही विभाग द्वारा तत्काल पाइपलाइन की सफाई कराई गई और जलापूर्ति को बहाल कर दिया गया। वार्ड सदस्य ने बताया कि नल-जल योजना के टंकी पर ढक्कन नहीं होने के कारण संभवतः चिड़िया उसमें गिर गई होगी, जो बाद में पाइपलाइन में पहुंच गई।फिलहाल विभाग द्वारा मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है, जलापूर्ति फिर से बहाल कर दी गई है। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# जिला पदाधिकारी ने दैनिक जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएँ

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिलाधिकारी, गया शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित दैनिक जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 70 आमजनों की समस्याएँ सुनीं है। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा है। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें। फतेहपुर अंचल क्षेत्र से कुछ स्कूली बच्चा का विद्यालय में नामांकन करवाने संबंधित अवगत करवाया गया, जिला पदाधिकारी ने त्वरित रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी गया को बुलाकर संबंधित समस्याओं को तुरंत समाधान करवाते हुए सरकारी विद्यालय में नामांकन करवाने का निर्देश दिए हैं।

# कवि स्पर्श मंच ने आशा भोंसले को वर्चुअल काव्यात्मक श्रद्धांजलि दी

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि स्पर्श मंच के तत्वावधान में भारत की महान गायिका दशकों दशक तक अपने मधुर गीत संगीत से पूरी दुनिया को मंत्र मुग्ध करने वाली महान पार्श्व गायिका आशा भोंसले के आकस्मिक निधन पर वर्चुअल माध्यम से काव्यात्मक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संस्था के पटल पर सुबह सवेरे पूरे भारत के नामचीन कवियों ने ऑनलाइन माध्यम से काव्यात्मक श्रद्धांजलि दी।संध्या में कार्यक्रम का विधिवत समापन प्रसिद्ध कवि मुल्क राज आकाश के अध्यक्षता में एवं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक श्रीराम राय के संचालकत्व में समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवि स्पर्श मंच के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी की गरिमामई उपस्थिति रही। समापन सत्र में अतिथियों का स्वागत शिखा पांडेय ने अपने मधुर स्वर में स्वागत गान की प्रस्तुति के साथ की। वहीं सरस्वती वंदना शहाना प्रवीण शान द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने बताया कि आशा भोंसले ने अपनी संगीत गायकी के माध्यम से पांच दशक तक पूरी दुनिया में राज की उन्होंने बताया कि संगीत एक ऐसी विधा है जो निर्जीव में भी सजीवता का बोध करा सके। काव्यात्मक श्रद्धांजलि के मौके पर पिंकी मिश्रा, शिवानी गोस्वामी,डॉ मधु शंखधर,संतोष कुमार राय दीपा टॉक,रंजूल चन्ड़ालिया, मनीषा नाडगौड़ा,राजेश कुमार शर्मा पुरोहित,डॉ रमा शर्मा,सुनील कुमार खुराना,चौधरी विलाल,मीनाक्षी सुकुमारन, सुलक्षण शर्मा, संजय हजारीबागी,रजत त्यागी, प्रतिभा द्विवेदी,नागेंद्र त्रिपाठी, रमेश साहू,मीनू चौधरी, वीरेंद्र जैन, डॉ अजय बैरागी,संजीव कुमार सिंह,ब्रजलता मिश्रा, राजेश रंजन,कल्पना सेठी,डॉ रेखा श्रीवास्तव,रामबहाल सिंह बहाल कवि,आशा विसारिया शालिनी श्रीवास्तव,निहारिका झा मालिनी त्रिवेदी पाठक,डॉ प्रतीक्षा शर्मा, विश्वानी देव अग्रवाल, अणुव्रत सेवी,डॉ अमल पूरी सूर्यकांत,निर्मल जैन नीर, डॉ राजेश तिवारी मक्खन,डॉ मीना कुमारी परिहार,पुतुल मिश्र, डॉ भेरु सिंह चौहान, डॉ गोवर्धन लाल,डॉ शशिकला, डॉ शकील रजा,किरण अग्रवाल,अरुण दिव्यांश,मीना जैन, श्रीमती वंदना,राम बाबु शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। काव्यात्मक श्रद्धांजलि में शामिल लोगों को आशा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर कार्यकताओं में हर्ष

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ के बाद पार्टी कार्यकताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल व्याप्त है। कार्यकताओं ने इसे संगठन की मेहनत, नेतृत्व की क्षमता और जनता के विश्वास की जीत बताया है। इस अवसर पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा जश्न मनाया। पार्टी के पूर्वजिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा।भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल सिंह ने विश्वास जताया कि नई सरकार सभी वर्गों के कल्याण, रोजगार सृजन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करेगी तथा राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेगी। भाजपा नेता अरविंद सिंह, सुनील सिंह, अविनाश कुमार, हसपुरा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि सम्राट चौधरी को सरकार और संगठन दोनों का अनुभव रखने वाले एक कुशल नेता हैं।वे संगठन को सड़क से सदन तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में बिहार एक विकसित राज्य के रूप में उभरेगा और केंद्र सरकार की विजन2047 को मूर्त रूप देने में सहायक होंगे।उपस्थित कार्यकर्ता विजय प्रसाद निराला, सुशील कुमार, प्रवक्ता दीपक कुमार ने संकल्प लिया कि वे सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# सुखी बिगहा मे 24 घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न, क्षेत्र में बही भक्ति की बयार

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में अखंड कीर्तन के समापन पर भंडार वं संस्कृति कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

कलेर। प्रखंड क्षेत्र के टेरी पंचायत अंतर्गत सुखी बिगहा गांव शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन से क्षेत्र में भक्ति की बयार बह रही है, मंगलवार को आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया है. शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा मे अखंड कीर्तन के श्रोता रवि रंजन कुमार ने शुद्ध स्नान कर 24 घंटे का उपवास कर हरे राम, हरे कृष्ण.की जप के ध्यान में लीन रहे. शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित अखंड कीर्तन आयोजित समारोह में , हृदयचक, टेरी, इमामगंज, परशुरामपुर, अयोध्या बिगहा, शिव बालक बिगहा गांव की कीर्तन मंडली अपनी-अपनी कला को हरे राम, हरे कृष्ण..के गीत-संगीत के बोल पर झूमते रहे लोग. कार्यक्रम आयोजन समिति मनोरंजन कुमार उर्फ गुड्डू पटेल ने बताया कि 24 घण्टे के अखंड हरिकीर्तन समापन पर हवन कार्यक्रम होगी. वहीं सामारोह पूर्वक गाजे बाजे के साथ कीर्तन करते कलश यात्रा के साथ विसर्जन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि समापन के बाद भंडारा एवं संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया गया, अखंड कीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए आगंतुओं के स्वागत में चितरंजन कुमार, रविरंजन कुमार, दीपक कुमार ,कमल नयन समेत सुखी बिगहा गांव के ग्रामीण तत्पर रहे।

# उच्च्य विद्यालय लुक्का मे सर्वोत्तम अंक लाने वाले 12 छात्र हुए सम्मानित



औरंगाबाद। जिले के रफीगंज प्रखंड के जय प्रकाश उच्च्य विद्यालय लुकागढ़ मे प्रधानाध्यापक कुमार विवेक कुमार की अध्यक्षता में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित की गई। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप मे इंटर विद्यालय पौथू के प्रधानाध्यापक राजीव शर्मा एवम शिक्षक दीपक कुमार तथा सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के शुभारंभ विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। दशम क्लास के बोर्ड परीक्षा मे 12 छात्र सर्वोत्तम अंक लाने वाले सभी छात्रा को मेडल मोमेंटो डायरी एवम अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सबसे ज्यादा अंक सुहानी कुमारी को 90 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है। इसी तरह शिद्रा नाज निधि कुमारी सबरीन प्रवीण सतीश कुमार सजन कुमारी बीटू कुमार पीयूष कुमार सचिन कुमार संविदा बानो नीशम कुमारी जानवी कुमारी को मोमेंटो मेडल अंग वस्त्र एवम डिस्करी ने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी शिक्षक रामकुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि इंटर विद्यालय पौथू के राजीव शर्मा दीपक कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन काफी सुखद अनुभव का दिन है। ग्रामीण क्षेत्रों मे इस विद्यालय से 12 छात्र सर्वोत्तम अंक प्राप्त किए है। जो बधाई के पात्र है। कहा कि छात्रों को बनने के लिए लगन होनी चाहिए। अगर छात्रों मे जब्बा होगी तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी पढ़कर ऑफिसर बन सकेंगे। जैसा कि,इस विद्यालय के छात्रों ने कर दिखाया है। कहा कि इसी विद्यालय से दो साल पूर्व बिहार मे आठवें स्थान पर छात्र पास की थी। सबों छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते कहा कि आगे भी निरंतर पढ़ाई जारी रखे तथा आने वाले आगे की पढ़ाई मे और अच्छे अंक प्राप्त हो सके। पूर्व प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक विवेक कुमार, शिक्षक संजय कुमार, रामकुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए सबों को सम्मान देने के साथ आगे की पढ़ाई में और अच्छे अंक लाए जिसकी शुभ कामना दी। कहा कि,शिक्षा समाज का दर्पण है। यह तभी संभव है ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय मे छात्र अपनी परचम को लहराकर एक प्रेरणा दे सके। ऐसे भी यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों बेहतर माना जाता है। जहां कई वर्षो से दशवी बोर्ड मे अंक लाकर छात्र उत्तीर्ण हो रहे है। मौके पर शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, कुमार राजेश, जितेंद्र द्विवेदी, अखिलेश कुमार, मोहम्मद इम्तेयाज आलम, शिक्षक गजेंद्र भूषण, राजीव कुमार उर्फ गुड्डू समेत अन्य विद्यालय परिवार उपस्थित थे।




# शेयर बाजार में तूफानी तेजी, सेंसेक्स 78000 के पार पहुंचा

## निवेशकों को 9 लाख करोड़ रुपये का फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार आज बुधवार को तूफानी तेजी के साथ खुला है। सेंसेक्स और निफ्टी में 1-1 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। निफ्टी आज 24163.80 अंक पर खुला है। वहीं, सेंसेक्स 77,981.10 अंक पर ओपन हुआ है। बता दें, ओपनिंग के बाद सेंसेक्स 1.72 अंक या फिर 1318.93 की तेजी के साथ 78,166.50 अंक पर ट्रेड कर रहा है। निफ्टी 1.62 प्रतिशत या फिर 387.15 अंक की तेजी के साथ 24229.80 अंक पर ट्रेड कर रहा है। बता दें, शुरुआती कारोबार में निफ्टी में 50 में से 48 कंपनियों के शेयरों में तेजी के साथ ट्रेड कर रहे हैं। बीएसई की लिस्टेड कंपनी के



मार्केट कैप में आज 9 लाख करोड़ रुपये का इजाफा सुबह में देखने को मिला है। सेंसेक्स की सभी 30 में से 30 कंपनियों के शेयर आज सुबह बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। इंडिगो के शेयरों में 3 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, एचसीएल, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस के शेयर प्रतिशत से अधिक की उछाल के साथ ट्रेड कर रहे हैं।

**सोमवार को शेयर बाजारों में दिखी थी गिरावट-** सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 208 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के लिए बातचीत विफल होने के साथ संघर्ष लंबे समय तक जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट देखने को मिली थी।। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 702.68 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 76,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,681.93 अंक लुढ़क कर 75,868.32 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 207.95 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,842.65 अंक पर बंद हुआ।

# मार्च 2022 से गोल्ड लोन पोर्टफोलियो में 3.8 गुना वृद्धि

## यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा रिटेल क्रेडिट उत्पाद बना

मुंबई, एजेंसी। गोल्ड लोन (सोने पर ऋण) तेजी से बढ़कर बैलेंस शेयर के मामले में भारत का दूसरा सबसे बड़ा रिटेल क्रेडिट उत्पाद बन गया है। ट्रांसयूनियन सिबिल की गोल्ड लोन लैंडस्केप रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2022 से गोल्ड लोन बैलेंस में 3.8 गुना की बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर 2025 तक भारत के कुल रिटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो में इसकी हिस्सेदारी 5.9 प्रतिशत से बढ़कर 11.1 प्रतिशत हो गई।

यह वृद्धि उधारकर्ताओं द्वारा इसे अधिक अपनाए जाने, लोन की बड़ी राशि, ऋणदाताओं की बढ़ती भागीदारी और बेहतर क्रेडिट हिस्ट्री वाले उपभोक्ताओं तथा महिला उधारकर्ताओं की बढ़ती संख्या को दर्शाती है। रिपोर्ट के अनुसार, एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) में इस क्षेत्र की वृद्धि विशेष रूप से मजबूत रही है, जिन्होंने गोल्ड लोन बैलेंस में अपनी हिस्सेदारी मार्च 2022 के 7 प्रतिशत से बढ़ाकर दिसंबर 2025 में 11 प्रतिशत कर ली है। इसी अवधि में सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी 57 प्रतिशत से बढ़कर 62 प्रतिशत हो गई। प्रति खाता औसत गोल्ड लोन बैलेंस मार्च 2022 के 1.1 लाख से बढ़कर दिसंबर 2025 में 1.9 लाख हो गया है, जो इस क्षेत्र में बढ़ते कर्ज के पैमाने को रेखांकित करता है। सप्लाई से संबन्धित रुझान बाज़ार की गतिविधियों में तेज़ी से विस्तार की ओर इशारा करते हैं। 2022 की पहली तिमाही (क्त) के बाद से गोल्ड लोन वितरण की संख्या में 2.3 गुना की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि के दौरान लोन की कुल वैल्यू 5.1 गुना बढ़ गई है। औसत लोन राशि 2022 की पहली तिमाही के 90,000 से बढ़कर 2025 की चौथी तिमाही में 1.96 लाख हो गई है। यह दर्शाता है कि बाज़ार न केवल अपनी पहुँच बढ़ा रहा है, बल्कि अब इसमें बड़े लोन लेने की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है।



उधारकर्ताओं की बदलती प्रोफ़ाइल- उधारकर्ताओं की प्रोफ़ाइल में भी बदलाव आ रहा है। गोल्ड लोन लेने वाले प्राइम और उससे ऊपर के क्रेडिट स्कोर वाले ग्राहकों की हिस्सेदारी 2022 के 43 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में लगभग 52 प्रतिशत हो गई है। वहीं, पहली बार लोन लेने वालों की भागीदारी 12 प्रतिशत से घटकर 6 प्रतिशत रह गई है। इससे पता चलता है कि गोल्ड लोन अब अधिक व्यापक हो रहा है और इसमें विविध प्रोफ़ाइल वाले लोग शामिल हो रहे हैं। ट्रांसयूनियन सिबिल के एमडी और सीईओ, श्री भावेश जैन ने कहा- भारत में सोने का हमेशा से गहरा वित्तीय और सांस्कृतिक महत्व रहा है, लेकिन अब हम सोने के बदले लिए जाने वाले कर्ज के इस्तेमाल में एक बड़ा बदलाव देख रहे हैं। गोल्ड लोन तेजी से सुरक्षित क्रेडिट के एक मुख्यधारा, संगठित और सुलभ माध्यम के रूप में उभर रहे हैं। इनकी तेज़ वृद्धि कर्जदाताओं के भरोसे और उपभोक्ताओं की बढ़ती स्वीकृति, दोनों को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा, विशेष रूप से ध्यान देने वाली बात यह है कि यह क्षेत्र अब मजबूत क्रेडिट प्रोफाइल वाले उधारकर्ताओं, बड़ी लोन राशि और बार-बार लोन लेने वाले ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है।

यह इस बात का संकेत है कि गोल्ड लोन का इस्तेमाल अब केवल अल्पकालिक नकदी की जरूरतों के लिए नहीं किया जा रहा, बल्कि यह घरेलू उधारी व्यवहार का एक बड़ा हिस्सा बनता जा रहा है।

कोलैटरल (गिरवी रखा सोना) की मजबूती महत्वपूर्ण है, लेकिन उधारकर्ताओं के मूल्यांकन के लिए यह एकमात्र पैमाना नहीं हो सकता। ऋणदाताओं को उधारकर्ता के कुल कर्ज, चुकाने की क्षमता, हालिया क्रेडिट व्यवहार और अन्य संस्थाओं से लिए गए लोन का समग्र रूप से मूल्यांकन करना होगा।

### मजबूत जोखिम अनुशासन के साथ विकास का संतुलन जरूरी

रिपोर्ट इस बात पर भी जोर देती है कि जैसे-जैसे यह क्षेत्र बढ़ रहा है, उधारकर्ता के स्तर पर जोखिम का बारीकी से मूल्यांकन करना आवश्यक है। अध्ययन के अनुसार, जून 2025 को समाप्त होने वाले छह महीनों में जारी किए गए गोल्ड लोन के लिए भुगतान में चूक की कुल दर (डेलिनक्वेंसी) 1.1 प्रतिशत रही (यहाँ चूक का मतलब लोन लेने के छह महीने के भीतर 60 दिनों तक भुगतान न करना है)। जिन उधारकर्ताओं का गोल्ड लोन बकाया 2.5 लाख से अधिक था, उनमें चूक की दर 1.5 प्रतिशत देखी गई, जो कम बकाया वाले उधारकर्ताओं (0.7 प्रतिशत) की तुलना में लगभग 2.2 गुना अधिक थी। इसके अतिरिक्त, कुल कर्ज में गोल्ड लोन की अधिक निर्भरता और हालिया चूक, भविष्य के जोखिमों के महत्वपूर्ण संकेतक हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि जिन उधारकर्ताओं का पिछला रिकॉर्ड खराब रहा है और वे बाद में गोल्ड लोन पर निर्भर होते हैं, उनके औपचारिक ऋण प्रणाली से बाहर होने का जोखिम काफी अधिक होता है। उनके क्रेडिट एक्सेस बंद होने की दर सामान्य उधारकर्ताओं की तुलना में 1.6 गुना अधिक थी। यह बताता है कि संकटग्रस्त उधारकर्ताओं के एक वर्ग के लिए, गोल्ड लोन तेजी से अंतिम विकल्प के रूप में काम कर रहा है। श्री जैन ने आगे कहा- जैसे-जैसे गोल्ड लोन क्षेत्र का विस्तार हो रहा है, ऋणदाताओं की प्राथमिकता विकास और सावधानी के बीच संतुलन बनाने की होनी चाहिए।

### विस्तृत उधारकर्ता आधार से मिल रहा है विस्तार को बल

महिला उधारकर्ता गोल्ड लोन के विस्तार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। 2025 में कुल गोल्ड लोन की शुरुआत में महिलाओं की हिस्सेदारी 39 प्रतिशत रही, जो 2022 में 36 प्रतिशत थी। यह वृद्धि सिर्फ दक्षिण भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि पश्चिमी और उत्तरी राज्यों में भी तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में महिला उधारकर्ताओं की भागीदारी में खास बढ़त देखी गई है, जो मांग के बढ़ते भौगोलिक विस्तार को दर्शाता है। रिपोर्ट में उधारकर्ताओं के कर्ज लेने के पैटर्न में बदलाव की भी ओर इशारा किया गया है। प्रति उधारकर्ता औसत बकाया राशि दिसंबर 2022 में 1.9 लाख से बढ़कर दिसंबर 2025 में 3.1 लाख हो गई है। वहीं, 2.5 लाख से अधिक के गोल्ड लोन वाले उधारकर्ताओं का हिस्सा 2022 में 10 प्रतिशत से बढ़कर 2025 के अंत तक 14 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, ऐसे उधारकर्ता जिनके पास पहले से अधिक बकाया लोन है और बिना गारंटी वाले (अनसिक्योर्ड) लोन भी अधिक हैं, उनकी हिस्सेदारी भी बढ़ी है। यह संकेत देता है कि गोल्ड लोन अब उधारकर्ताओं के कुल कर्ज पोर्टफोलियो का एक अहम हिस्सा बनते जा रहे हैं और अन्य प्रकार के लोन के साथ-साथ उपयोग किए जा रहे हैं।

# तांबे में जोरदार उछाल! 6 हफ्ते के हाई पर कॉपर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्ट एशिया में जारी तनाव के बीच एक दिलचस्प मोड़ देखने को मिला है, जहां अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता की उम्मीदों ने मेटल मार्केट में नई जान डाल दी है। इसी सकारात्मक संकेत का असर तांबे की कीमतों पर साफ दिखा, जिससे कीमतें 6 हफ्तों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में की कीमत 13,200 डॉलर प्रति टन के करीब पहुंच गई, जो पिछले एक महीने का उच्चतम स्तर है। यह तेजी ऐसे



समय आई है, जब निवेशक इस उम्मीद में हैं कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत फिर से शुरू होती है, तो वैश्विक सप्लाई चेन पर दबाव कम हो सकता है और ऊर्जा कीमतों में भी स्थिरता आ सकती है। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं। दरअसल, जब फरवरी 2026 के अंत में युद्ध जैसे हालात बने थे, तब औद्योगिक धातुओं पर काफी दबाव पड़ा था। बढ़ती तेल कीमतों और आर्थिक मंदी की आशंका ने निवेशकों को सतर्क कर दिया था, जिससे तांबा और अन्य मेटल्स की कीमतों में गिरावट आई थी। लेकिन, अब जैसे-जैसे शांति की उम्मीद बढ़ रही है, बाजार में भरोसा लौटता दिख रहा है। यही वजह है कि तांबा ही नहीं, बल्कि अन्य मेटल्स में भी तेजी देखने को मिली है।

## फिर हो गया उलटफेर, रूसी तेल की बंपर खरीद

# भारत उछलकर दूसरे नंबर पर पहुंचा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने मार्च 2026 में रूसी कच्चे तेल की बंपर खरीद की है। इस खरीद में तीन गुना से अधिक का उछाल आया है। यह बढ़कर 5.3 अरब यूरो (लगभग 58,229 करोड़ रुपये) रही है। इस बढ़ोतरी के पीछे इंपोर्ट वॉल्यूम यानी आयात मात्रा का दोगुना होना और ग्लोबल तेल कीमतों में उछाल है। इसने भारत के ऊर्जा आयात के समीकरण दोबारा बदल दिए हैं।

यूरोपीय शोध संस्था सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में खरीद में गिरावट के बाद मार्च में भारत ने रूस से तेल की खरीद फिर तेज कर दी। फरवरी में भारत रूस से ऊर्जा आयात करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश था। कुल आयात 1.8 अरब यूरो रहा था। उस समय कच्चे तेल की हिस्सेदारी 81 फीसदी (1.4 अरब यूरो) थी। कोयले की हिस्सेदारी 22.3 करोड़ यूरो और पेट्रोलियम उत्पादों की 12.1 करोड़ यूरो थी।

### रूसी तेल आयात बढ़ने के पीछे फैक्टर

अमेरिका की ओर से रूसी तेल पर एक महीने की प्रतिबंध छूट दिए जाने के बाद यह बढ़ोतरी हुई। यह छूट पहले से समुद्र में मौजूद खेपों और पहले प्रतिबंधित जहाजों से हो रही सप्लाई पर लागू थी। इसका मकसद ईरान के साथ तनाव के बाद बढ़ी कीमतों को कंट्रोल करना था। इस छूट के बाद सरकारी रिफाइनरियों ने फिर से आयात शुरू कर दिया। उन्होंने पहले रूस से तेल खरीद रोक दी थी।

### सबसे बड़ा बदलाव क्या हुआ

रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च में सबसे बड़ा बदलाव सरकारी रिफाइनरियों के आयात में देखा गया। इसमें मासिक आधार पर 148 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यह आयात मार्च, 2025 की तुलना में 72 फीसदी अधिक रहा। इसका कारण वायदा बाजार में रूसी तेल की अधिक उपलब्धता बताया गया है। मैंगलुरु और विशाखापत्तनम स्थित सरकारी रिफाइनरियों ने नवंबर, 2025 के अंत में रूस से आयात रोक दिया था। लेकिन, मार्च, 2026 में फिर से खरीद शुरू कर दी। फरवरी में भारत चीन और तुर्किये के बाद तीसरा सबसे बड़ा आयातक था। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में रूस से भारत के कच्चे तेल आयात में 19 फीसदी की कमी आई थी। जबकि कुल आयात में नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। इसके बावजूद रूस फरवरी में भी भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बना रहा।

### यूरोप भी गए रूसी क्रूड से बने प्रोडक्ट

यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से 21 जनवरी, 2026 से रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध के बावजूद मार्च में ऐसे 14 जहाजों ने यूरोपीय बंदरगाहों पर तेल उत्पाद उतारे, जो रूसी कच्चे तेल का इस्तेमाल करने वाली रिफाइनरियों से जुड़े थे। इनमें से नौ खेप तुर्किये की रिफाइनरियों से, चार भारत से और एक जॉर्जिया से भेजी गई थीं। कुछ जहाजों ने कई यूरोपीय बंदरगाहों पर तेल उत्पाद उतारे। फ्रांस मार्च में इन खेप का सबसे बड़ा रिसीवर रहा, जहां चार खेप उतारी गईं। इसके बाद साइप्रस (तीन खेप) का स्थान रहा।

# सोने का रेट बढ़ा, चांदी की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी देखने को मिली है। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बातचीत की संभावनाओं की वजह से आज इंटरनेशनल मार्केट गोल्ड और सिल्वर का रेट फिर से बढ़ा हुआ है।



मौजूदा परिस्थितियों की वजह से दुनिया भर में एनर्जी संकट गहरा गया है। बता दें, पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच एक दौर की बातचीत हो गई है। लेकिन यह पूरी वार्ता विफल रही थी। दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता तब नहीं हो पाया था। कीमतों में आज शुरुआती कारोबार के दौरान बढ़ोतरी देखने को मिली। जिसके बाद यह 4855 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले के सत्र में सोने का भाव 2 प्रतिशत से अधिक बढ़ा था। रेट भी आज बुधवार को बढ़ोतरी देखने को मिली है। चांदी की कीमतों में उछाल के बाद यह 79 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर पहुंच गई थी।

### क्यों बढ़ रहा सोने और चांदी का रेट

ब्लूमबर्ग के अनुसार अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत आने वाले दिनों में हो सकती है। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगले दो दिनों में बातचीत शुरू होने के संकेत दिए हैं। इन खबरों की वजह से मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई। वहीं, डॉलर इंडेक्स 0.3 प्रतिशत लुढ़क चुका है। बता दें, जब से युद्ध शुरू हुआ है तब से मेटल की कीमतों में 8 प्रतिशत की गिरावट देखने

### कहां तक जाएगा सोने और चांदी का रेट

रेनिशा कहती हैं कि सोने और चांदी इस समय भी बुल रन पर सवार हैं। हालांकि, आगे का रास्ता काफी अनिश्चितताओं से भरा हुआ है। रेनिशा का कहना है टेक्निकल स्तर पर, 'गोल्ड 4800 से 4850 डॉलर (154000 रुपये से 155000 रुपये तक) के आस-पास रेसिस्टेंस दिखा रहा है।

## गोदरेज ने 'गोदरेज प्रॉमिस' के साथ गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया और मजबूत

# अब उपकरणों पर 5 साल की व्यापक वारंटी और कोई छिपा हुआ खर्च नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** उपभोक्ताओं के बीच भरोसा और निष्ठा को मजबूत करने के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एप्लायंसेज बिजनेस ने 'गोदरेज प्रॉमिस' की घोषणा की है। इस पहल के तहत कंपनी अपने उपकरणों के पूरे पोर्टफोलियो पर 5 साल की व्यापक वारंटी प्रदान करेगी, जिसमें कोई भी छिपा हुआ खर्च नहीं होगा। इस कदम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके उपकरण खरीद निर्णयों में अधिक भरोसा और आश्वस्तता प्रदान करना है। आज के समय में जब खरीद से जुड़े फैसले विश्वसनीयता और बेहतर आफ्टर-सेल्स सर्विस पर अधिक




निर्भर हो रहे हैं, यह पहल उपभोक्ताओं को स्वामित्व के अनुभव में अधिक स्पष्टता और भरोसा देती है। पिछले वर्ष स्प्लिट एसी और इन्वर्टर विंडो एसी पर विस्तारित वारंटी को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद कंपनी ने अब 'गोदरेज प्रॉमिस' को अपने कई उत्पादों पर लागू कर दिया है। इनमें रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कूलर, माइक्रोवेव ओवन और डीप फ्रीजर शामिल हैं, साथ ही यह सुविधा पहले से मौजूद स्प्लिट और इन्वर्टर विंडो एसी पर भी लागू रहेगी। यह ऑफर 1 अप्रैल 2026 के बाद खरीदे गए उत्पादों पर लागू होगा। इस पहल को एक नए इंटीग्रेटेड कैंपेन का भी समर्थन मिला है, जो एक सरल लेकिन प्रभावशाली उपभोक्ता समझ पर आधारित है–कि रोजमर्रा की जिंदगी में वादे तो आसानी से किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके साथ वास्तविक जिम्मेदारी नहीं होती। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एप्लायंसेज बिजनेस के बिजनेस हेड कमल नंदी ने कहा, उपभोक्ताओं के बीच भरोसा और निष्ठा बढ़ाने के अपने दर्शन के अनुरूप 'गोदरेज प्रॉमिस' एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भारत के पहले फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के लिए जरूरी कंपोनेंट बनाकर गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने भारत की सिविल न्यूक्लियर यात्रा में दिया योगदान

**मुंबई, एजेंसी।** भारत ने अपने सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम में एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। कलपक्कम में स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) ने क्रिटिकलिटी हासिल कर ली है, जिसका मतलब है कि यह अब सफलतापूर्वक काम करने के अगले चरण में पहुंच गया है। यह उपलब्धि भारत की तीन-चरण वाली परमाणु ऊर्जा योजना में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य लंबे समय तक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और ईंधन का बेहतर उपयोग करना है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रिसिजन इंजीनियरिंग व्यवसाय ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में योगदान देते हुए लार्ज रोटेटिंग प्लग, स्मॉल रोटेटिंग प्लग और सोडियम पंप शाफ्ट का निर्माण और आपूर्ति की है। ये घटक भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) को प्रदान किए गए हैं, जो भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व वाला उपक्रम है। इस उपलब्धि के साथ भारत दुनिया का केवल दूसरा देश बन गया है जिसने इस प्रकार की वाणिज्यिक फास्ट ब्रीडर रिएक्टर क्षमता स्थापित की है, जो जितना ईंधन उपयोग करता है उससे अधिक ईंधन उत्पन्न करने में सक्षम है।ये घटक बड़े पैमाने के निर्माण और उच्च-स्तरीय प्रिसिजन इंजीनियरिंग का अनूठा संयोजन हैं। लगभग 8 मीटर व्यास और करीब 120 टन संयुक्त वजन वाले रोटेटिंग प्लग 360 डिग्री तक घूमने के लिए डिजाइन किए गए हैं, ताकि वे रिएक्टर कोर में ईंधन डालने की प्रक्रिया के लिए बिल्कुल सटीक स्थिति में आ सकें।

# पंजाब किंग्स के शानदार प्रदर्शन की सलमान ने की तारीफ

## प्रीति जिंटा को बधाई देते हुए कहा- टीम बहुत अच्छा खेल रही है



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने सोमवार को एक्ट्रेस प्रीति जिंटा को उनकी टीम पंजाब किंग्स के आईपीएल 2026 में अब तक के शानदार प्रदर्शन को लेकर बधाई दी। बता दें कि आईपीएल 2026 में पीबीकेएस का प्रदर्शन अब तक काफी शानदार रहा है। टीम फिलहाल 4 मैचों में 3 जीत और 1 बेनतीजा मैच के साथ 7 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सलमान ने लिखा, 'शाबाश जिंटा! बधाई हो जिंटा, टीम बहुत अच्छा खेल रही है।'

### फैंस को पुराने ट्वीट की याद आई

सलमान का यह ट्वीट सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया। दरअसल, फैंस ने इस ट्वीट की तुलना साल 2014 में किए गए सलमान के पुराने पोस्ट से की, जिसमें उन्होंने पूछा था, 'जिंटा की टीम जीती क्या?' सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इसे 12 साल बाद आया सबसे अच्छा सीक्वल बताते हुए फनी रिएक्शन दिए। वहीं, एक यूजर ने कहा, 'टाइगर जिंटा है।'

### दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया

सलमान खान और प्रीति जिंटा ने कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें चोरी चोरी चुपके चुपके, जान-ए-मन और हर दिल जो प्यार करेगा शामिल हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द फिल्म मातृभूमि में नजर आएंगे। वहीं इसके अलावा एक्टर जल्द ही दिल राजू के साथ एक फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इस फिल्म में नयनतारा भी नजर आएंगी और इसका डायरेक्शन वामशी पेडिपल्ली करेंगे। वहीं, प्रीति जिंटा फिल्म लाहौर 1947 में सनी देओल, शबाना आजमी, अली फजल और करण देओल के साथ नजर आएंगी। फिल्म का म्यूजिक ए आर रहमान ने तैयार किया है और गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं। प्रीति वाइब नाम के एक प्रोजेक्ट में भी नजर आएंगी।

# बार्सिलोना चैंपियंस लीग से बाहर हुई

- **एटलेटिको मैड्रिड ने 3-2 के एग्रीगेट स्कोर से हराया; 2017 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची**

**बार्सिलोना (एजेंसी)।** चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल के दूसरे लेग में बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराया, लेकिन कुल स्कोर 3-2 रहने से टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। पहले लेग में एटलेटिको ने 2-0 की जीत हासिल की थी, जो आखिर में निर्णायक साबित हुई। इस जीत की बदौलत वह एग्रीगेट स्कोर पर 3-2 से आगे रही। एटलेटिको मैड्रिड 2017 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। अब अगले दौर में उनका मुकाबला आर्सेनल या स्पोर्टिंग लिस्बन में से किसी एक से होगा।

### शुरुआती 24 मिनट में बार्सिलोना ने बनाए दो गोल

मैच के शुरुआती 24 मिनटों में ही बार्सिलोना ने दो गोल कर बढ़त बना ली थी। चौथे मिनट में ही युवा खिलाड़ी लेमिन यमल ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। उन्होंने एटलेटिको के डिफेंडर क्लेमेंट लेंगलेट की गलती का फायदा उठाया। इसके बाद 24वें मिनट में फेरान टॉरेस ने दानी ओल्मो के पास पर गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। एक समय



### 11 साल से ट्रॉफी का इंतजार, मिडफील्डर बोले-किस्मत खराब थी

बार्सिलोना ने आखिरी बार 2015 में चैंपियंस लीग जीती थी। हार के बाद मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग ने कहा, हमने अपनी जान लगा दी थी, लेकिन किस्मत हमारे साथ नहीं थी। हम सही रास्ते पर हैं और हर साल सुधार कर रहे हैं।

### रेड कार्ड और सब्स्टिट्यूशन पर बहस

बार्सिलोना के कोच हंसी फ्लिक के फैसलों पर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने अनुभवी रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और मार्कस रैशफोर्ड को बेंच पर बिठाकर फेरान टॉरेस और गावी के साथ शुरुआत की। मैच के आखिरी पलों में डिफेंडर एरिक गार्सिया को रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। उन्होंने गोल की तरफ बढ़ रहे अलेक्जेंडर सोरलॉथ को गलत तरीके से गिराया था। 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई बार्सिलोना अंत तक तीसरा गोल नहीं कर सकी।

ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, लेकिन एटलेटिको मैड्रिड ने हार नहीं मानी और मैच में वापसी की।

### एडमोला लुकमैन का गोल टर्निंग पॉइंट बना

मैच का सबसे अहम मोड़ 31वें मिनट में आया। मार्कोस लोरेंटे के पास पर एडमोला लुकमैन ने एटलेटिको के लिए गोल किया। यह गोल एग्रीगेट स्कोर के लिहाज से निर्णायक साबित हुआ।

### दूसरे हाफ में मौके, लेकिन किस्मत नहीं

दूसरे हाफ में बार्सिलोना ने एक और गोल किया, लेकिन फेरान टोरेस का यह गोल ऑफसाइड करार दे दिया गया। गोलकीपर जोन गार्सिया ने भी एक अहम बचाव किया। मैच के दौरान गावी और माटेओ रुगिएरी के बीच टक्कर में रुगिएरी को चोट लगी और खेल कुछ देर रुका।

# विजडन ने दीप्ति शर्मा को बेस्ट महिला क्रिकेटर चुना

## फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर में गिल-जडेजा समेत 4 भारतीय, ऑस्ट्रेलिया के स्टार्क बेस्ट पुरुष खिलाड़ी

**सिडनी (एजेंसी)।** क्रिकेट की 'बाइबल' कही जाने वाली पत्रिका विजडन क्रिकेटर्स अल्मानैक ने इस साल ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को 'लीडिंग पुरुष क्रिकेटर' और भारत की दीप्ति शर्मा को 'लीडिंग महिला क्रिकेटर' चुना। पत्रिका का 163वां संस्करण 15 अप्रैल को प्रकाशित होने जा रहा है। इस साल विजडन ने 'फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर' में 4 भारतीय खिलाड़ियों को जगह दी। इनमें टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

**गिल को विजडन ट्रॉफी** - गिल को शानदार प्रदर्शन के लिए विजडन ट्रॉफी दी गई। उन्होंने एजबेस्टन टेस्ट में 430 रन बनाकर मैच जिताया था। अभिषेक शर्मा को साल का सर्वश्रेष्ठ टी-20 खिलाड़ी चुना गया, जिन्होंने कैलेंडर ईयर में 1000 रन दो रन प्रति गेंद से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाए।

**स्टार्क ने पिछले साल 55 विकेट लिए** - स्टार्क ने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 11 टेस्ट में 55 विकेट लिए और वेस्टइंडीज के खिलाफ 6/9 का करियर बेस्ट प्रदर्शन किया। एशेज 2025-26 के पहले दो टेस्ट में 18 विकेट लेकर सीरीज में कुल 31 विकेट झटके।



**इंग्लैंड के हसीब भी शामिल** -इंग्लैंड के हसीब हमीद 'फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर' में शामिल हैं। उन्होंने नॉटिंघमशायर को काउंटी चैंपियनशिप जिताई और 1258 रन बनाए, जिसमें चार शतक और दो दोहरे शतक शामिल हैं।

**दीप्ति ने वर्ल्ड कप में 22 विकेट लिए** - दीप्ति शर्मा भारत की वर्ल्ड कप जीत में अहम खिलाड़ी रहीं। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 215 रन और 22 विकेट लिए। फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 58 रन और 5/39 विकेट लेकर मैच जिताया।

- **इंग्लैंड की हार पर सवाल उठे** - विजडन के एडिटर लॉरेंस बूथ ने इंग्लैंड की एशेज में 4-1 हार पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा कि टीम ने बड़ा मौका गंवाया और प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स की रणनीति को 'प्रीडिक्टेबल और जिद्दी' बताया। बूथ ने कहा कि इंग्लैंड को घरेलू क्रिकेट से दोबारा जुड़ने की जरूरत है, ताकि खिलाड़ियों को सही मंच मिले। इसी संदर्भ में जेम्स कॉयने ने इंग्लैंड में स्कूल क्रिकेट पर चिंता जताई और कहा कि खेल अब भी निजी स्कूलों तक सीमित होता जा रहा है।
- **डिकी बर्ड को श्रद्धांजलि दी गई** - अल्मनैक में दिग्गज अंपायर डिकी बर्ड को श्रद्धांजलि दी गई, जिनका सितंबर में 92 साल की उम्र में निधन हुआ था। उनके फैसलों की निष्पक्षता और अंदाज को याद किया गया।
- **विजडन पत्रिका- 1864 में स्थापना हुई थी** - विजडन क्रिकेटर्स अल्मानैक मशहूर स्पोर्ट्स रेफरेंस बुक है। इसे विजडन भी कहा जाता है। यह ब्रिटेन में 1864 से हर साल प्रकाशित होती है। इसकी स्थापना जॉन विजडन ने की थी। इसकी स्थापना का मकसद दुनियाभर में क्रिकेट की प्रामाणिक कवरेज देना था।

# इंग्लिश प्रीमियर लीग में सट्टेबाजी के विज्ञापनों पर रोक

## रिसर्च - जीतने के बाद भी फैंस खुश होने की बजाय निराश कि पूरी रकम क्यों नहीं लगाई

**लंदन (एजेंसी)।** खेलों में सट्टेबाजी (स्पोर्ट्स बेटिंग) के बढ़ते चलन और इसके लुभावने विज्ञापनों के बीच, एक ताजा रिपोर्ट ने इसके मनोवैज्ञानिक और आर्थिक खतरों को उजागर किया है। इंग्लिश प्रीमियर लीग के क्लबों द्वारा सट्टेबाजी स्पॉन्सरशिप पर रोक के बाद हो रहे वित्तीय नुकसान की शिकायतों के बीच, ब्रिटेन के एक वरिष्ठ खेल पत्रकार ने बेटिंग की वास्तविकता परखने के लिए एक प्रयोग किया, जिसके नतीजे चौंकाने वाले रहे हैं।




प्रीमियर लीग में अगले सीजन से खिलाड़ियों की जर्सी के फ्रंट पर सट्टेबाजी कंपनियों के विज्ञापन देने पर स्वैच्छिक रोक लगाई जा रही है। इस फैसले के बाद नौ से ज्यादा क्लबों ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें सट्टेबाजी कंपनियों के बराबर पैसे देने वाले अन्य स्पॉन्सर नहीं मिल रहे हैं, जिससे उन्हें करोड़ों का नुकसान हो रहा है। हालांकि, विशेषज्ञों का तर्क है कि सट्टेबाजी उद्योग का यह भारी-भरकम मुनाफा सीधे तौर पर आम फैंस की जेब से आता है, जो दांव लगाने की लत का शिकार हो रहे हैं।

क्या खेलों की अच्छी समझ होने पर सट्टेबाजी से सुरक्षित तरीके से पैसा कमाया जा सकता है? यह जांचने के लिए ब्रिटिश खेल पत्रकार ने एक सोशल एक्सपेरिमेंट किया। उनका लक्ष्य 10 पाउंड (करीब 1000 रुपए) को सुरक्षित दांव लगाकर 1000 पाउंड (करीब 1 लाख रुपए) में बदलना था। शुरुआती दांव जीतने के बाद, उनकी 10 पाउंड की रकम 120 पाउंड तक पहुंच गई, जिससे यह भ्रम पैदा हुआ कि सिस्टम काम कर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, दांव जीतने के बावजूद पत्रकार को खुशी के बजाय निराशा हुई कि उन्होंने पूरी रकम दांव पर क्यों नहीं लगाई। विशेषज्ञों के अनुसार, यही सट्टेबाजी का सबसे बड़ा मनोवैज्ञानिक जाल है। प्रयोग ने साबित किया कि खेलों की अनिश्चितता के कारण सट्टेबाजी में कोई 'पक्का फॉर्मूला' काम नहीं आता।

# सीएसके की लगातार दो जीत के बाद अश्विन ने गायकवाड़ को दी सलाह

## बल्लेबाजी दृष्टिकोण में करें बदलाव

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना ??है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार दो जीत से कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर दबाव कम होगा। उन्होंने इसके अलावा



खराब फॉर्म में चल रहे इस सलामी बल्लेबाज को पारी की शुरुआत में अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव करने की सलाह भी दी। पांच बार की चैंपियन सीएसके ने शुरुआत में लगातार तीन हार झेली लेकिन इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शानदार वापसी की। अश्विन ने जियोस्टार पर कहा, कप्तान के तौर पर उन्हें दो जीत मिल चुकी हैं, जिससे वह सहज महसूस करेंगे। सच कहूं तो अगर मैं डगआउट में होता या रुतुराज गायकवाड़ होता तो ज्यादा चिंता नहीं करता। टी20 प्रारूप ऐसा है जहां आपको लगातार इरादा दिखाना होता है। गायकवाड़ रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने पांच मैचों में केवल 63 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 28 है। उनकी असफलता के कारण युवा आयुष म्हात्रे के संजू सैमसन के साथ पारी की शुरुआत करने की भी चर्चा बढ़ रही है।

# दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन



ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना हुआ है।

तीन बार के यूरोपीय चैंपियन एक्सेलसन ने बैडमिंटन यूरोप से कहा, जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया। उन्होंने कहा, दर्द के कारण मैं खेल नहीं पा रहा हूं और अभ्यास भी नहीं कर पा रहा हूं। इस कारण मुझे यह बेहद मुश्किल फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

## ये बड़े क्रिकेटर्स पहले से ही लिस्ट में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा।

अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह



और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं। कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है।

नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी जो अब बढ़कर 134 हो गई है। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। लंबी कूद में हिस्सा लेने वाली शैली सिंह और एम श्रीशंकर तथा गोला फेंक की एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर को भी इस सूची में शामिल किया गया है।

तीरंदाजी से अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी, राकेश कुमार और मशहूर पैरा तीरंदाज शीतल देवी नाडा की इस सूची में शामिल हैं। हॉकी से मनप्रीत सिंह, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह के साथ-साथ महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे, सविता पूनिया और नवनीत कौर भी इस सूची का हिस्सा हैं।

# धोनी ने चेपॉक पर किया अभ्यास, केकेआर के खिलाफ खेलने की संभावना

**चेन्नई (एजेंसी)।** कॉफ इंजरी से उबर रहे एमएस धोनी की आईपीएल 2026 में वापसी के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि वह अभी भी मैच फिटनेस पर काम करते प्रतीत हो रहे हैं। 28 मार्च को सीजन के पहले दिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपने बयान में बताया था कि धोनी पहले दो सप्ताह तक के लिए बाहर रह सकते हैं और वह रिहैब से गुजरेंगे।

धोनी टीम के अन्य साथियों के साथ अभ्यास कर रहे हैं लेकिन वह केवल थ्रोडाउन का सामना कर रहे हैं और अभी भी उनका पूरी तरह से फिट होना बाकी है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ घरेलू मैच की पूर्व संध्या पर चेपॉक में अंडर लाइट्स सीएसके के अभ्यास के अंतिम चरण में धोनी ने नेट्स में थोड़ी देर अभ्यास किया। लेकिन एक बार फिर उन्होंने सपोर्ट स्टाफ से केवल थ्रोडाउन का सामना किया, उन्हें अभ्यास कराने वालों में टीम के बल्लेबाजी कोच माइक हसी भी शामिल थे।



जब हसी ने प्रैक्टिस पिच के बीच में गेंद डाली तो गेंद धोनी के बल्ले के जोड़ पर जा लगी। लेकिन जब गेंद उनके स्लॉट में पड़ी तब उन्होंने गेंद को अपने बॉटम हैंड का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट बाउंड्री की ओर भेज दिया। इसके बाद उन्होंने स्लॉट में पड़ी एक और गेंद को लेग साइड में 'जेस्टैंड में भेज दिया। सीएसके का अभ्यास सत्र रात के नौ बजे समाप्त हुआ। धोनी ने विकेटकीपिंग का अभ्यास नहीं किया। 44 वर्षीय धोनी ने सीएसके के अब तक चारों मुकाबले मिस किए हैं और मंगलवार को भी वह खेलने से चूक सकते हैं।

उन्होंने अब तक चेन्नई के बाहर सीएसके के मुकाबलों के लिए गुवाहाटी और बेंगलुरु की यात्रा नहीं की है। वहीं ष्ट्स्य के घरेलू मुक़ाबलों के लिए भी वह चेपॉक नहीं पहुंचे हैं। गुवाहाटी में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि वह टीम से जुड़ी चर्चाओं में शामिल रहते हैं और टीम पर उनका प्रभाव अभी भी मजबूत है। धोनी की अनुपस्थिति में संजू सैमसन विकेटकीपिंग कर रहे हैं और इंग्लैंड के ऑलराउंडर जेमी ओवटर्न ने अपने खेल से फिनिशर की भूमिका अदा करने की झलक दिखाई है।

सीएसके के पास राजस्थान के विकेटकीपर कार्तिक शर्मा भी हैं जिन्हें उन्होंने दिसंबर में हुई नीलामी में 14.2 करोड़ में खरीदा था, इसके अलावा उनके पास गुजरात के विकेटकीपर उर्विल पटेल का विकल्प भी मौजूद है। पिछले कुछ सीजन में धोनी ने प्रति पारी अंतिम 10-12 गेंदें खेलकर उनका अधिक से अधिक उपयोग करने की भूमिका निभाई है। 2023 में उनका स्ट्राइक रेट 182 था और 2024 में उन्होंने 221 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी की थी। लेकिन पिछले साल उन्हें 145 गेंदों का सामना करना पड़ा जो कि 2023 (57) और 2024 (73) में खेली गई गेंदों को मिलाकर भी ज़्यादा था और इसके परिणामस्वरूप उनका स्ट्राइक रेट घटकर 135 का रह गया।

# अंशुल कम्बोज और प्रसिद्ध कृष्णा के 10-10 विकेट, पर्पल कैप अभी प्रसिद्ध के पास

**चेन्नई (एजेंसी)।** दे दनादन क्रिकेट इंडियन प्रमियर लीग (आईपीएल) 2026 जैसे-जैसे आगे बढ़ता जा रहा है अब हर दिन पर्पल और ऑरेंज कैप तालिका में बदलाव हो



रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद अंशुल कम्बोज और प्रसिद्ध कृष्णा के 10-10 विकेट हो गए हैं लेकिन पर्पल केप पर प्रसिद्ध का कब्जा है।

सीएसके के मध्यम तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज अब तक एक भी मैच ऐसा नहीं खेले हैं जिसमें उन्हें विकेट न मिला हो। पांच मैचों में सिर्फ एक बार ऐसा हुआ जब वे दो या उससे अधिक विकेट नहीं ले सके। एमए चिंदबरम स्टेडियम में खेले कल खेले गए मुकाबले में कम्बोज ने केकेआर के खिलाफ 32 रन देकर 2 विकेट झटके इसी के साथ उनके इस सीजन में कुल 10 विकेट हो गए।

अब वे प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात टाइटंस) के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के चलते पर्पल कैप अभी भी कृष्णा के पास ही है। इस तालिका में रवि बिश्नोई (राजस्थान रॉयल्स) 9 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। उनके बाद जोफ्रा आर्चर 7 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। इसके बाद तीन गेंदबाज छह-छह विकेट के साथ मौजूद हैं, प्रिंस यादव (लखनऊ सुपर जायंट्स), जैकब डफी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और केकेआर के वैभव अरोड़ा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ एक विकेट हासिल किया।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरी ने 135वीं अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने देश के महान संविधान निर्माता के योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आज के भारत के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया।

इसके उपरांत श्री जयन्त चौधरी संसद भवन के सेंट्रल हॉल पहुंचे, जहां उन्होंने माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी की गरिमामयी उपस्थिति में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाबा साहेब के जीवन और उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों को याद किया। श्री जयन्त चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी देश के युवाओं को आगे बढ़ने की दिशा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए समावेशी विकास और कौशल सशक्तिकरण के माध्यम से एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसके उपरांत, श्री जयन्त चौधरी ने सांसद राजकुमार सांगवान और चंदन चौहान के साथ अपने आवास पर डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### राजस्थान में बीएपी नेता के भाई की पीट-पीटकर हत्या, पुलिस मान रही प्रेम प्रसंग के कारण हुई घटना

**उदयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) नेता के भाई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्वजन ने युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

पुलिस इसे प्रेम प्रसंग के कारण हत्या मान रही है। सोमवार देर रात 28 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में झाड़ियों में मिला। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस की जांच में सामने आया है कि रात करीब 2 बजे बीएपी नेता को सरपंच प्रकाश का फोन आया था। सरपंच ने लोकेशन बताते हुए कहा कि तुम्हारा भाई झाड़ियों में पड़ा है। एसपी सुधीर जोशी ने कहा कि फिलहाल सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और कॉल डिटेल खंगाली जा रही हैं। मृतक शादीशुदा था और उसके दो छोटे बच्चे हैं।

### वर्दी पहनकर धोखाधड़ीः शादी का झांसा देकर 60 महिलाओं को बनाया शिकार

**हैदराबाद, एजेंसी।** सीआईएसएफ कर्मी का रूप धरकर एक महिला और उसके परिवार को शादी के लिए धोखा देने के आरोप में एक 30 वर्षीय युवक को हैदराबाद एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले का आरोपित सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संदिग्ध तरीके से फोटो खींचते हुए पैरामिलिट्री यूनिफार्म पहने पाया गया। उसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों द्वारा रोका गया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। वह एक तलाकशुदा महिला के साथ रिश्ते में था। उसने महिला से शादी करने की साजिश के तहत सीआईएसएफ कर्मी का रूप धरा था, जबकि उसने अपनी पहली पत्नी से अलगाव कर लिया था। आरोपित ने महिला के परिवार को बताया था कि वह हैदराबाद हवाई अड्डे पर सीआइएसएफ में तैनात है। अधिकारी ने कहा, उसने एक यूनिफार्म खरीदी और सोमवार को हैदराबाद हवाई अड्डे पर गया, जहां उसने अपने मोबाइल फोन पर फोटो खींचे। उसने ये फोटो महिला के परिवार को एक इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप से भेजे और यह दावा करने के लिए वीडियो कॉल भी किया कि वह सीआईएसएफ में काम कर रहा है और हवाई अड्डे पर तैनात है।

# महिला सांसद का सनसनीखेज दावा- स्वयंभू बाबा अशोक खरात का हो सकता है मुठभेड़ में सफाया

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे ने मंगलवार को दावा किया कि बलात्कार के कई मामलों में गिरफ्तार स्वयंभू धर्मगुरु अशोक खरात को फर्जी मुठभेड़ में मारा जा सकता है।

इसके पीछे की वजह बताते हुए उन्होंने कहाकि अगर वह जिंदा रहा तो उससे जुड़े और भी नाम सामने आने की संभावना है। शिंदे ने यहां पत्रकारों से कहाकि मुझे लगता है कि खरात का मुठभेड़ में सफाया किया जाएगा। कारण स्पष्ट है, उससे जुड़े और भी नाम सामने आने की संभावना है। ये नाम भी सत्ता में बैठे लोगों से जुड़े हैं, जिनमें मंत्री भी शामिल हैं।

**कुछ बुरा हो सकता है:** प्रणीति ने कहाकि और भी सबूत सामने आ सकते हैं, लेकिन उससे पहले उसके (खरात के) साथ कुछ बुरा हो सकता है। खरात को नासिक पुलिस ने तीन साल से अधिक समय तक एक महिला के साथ बार-बार बलात्कार करने के आरोप में 18 मार्च को गिरफ्तार किया था।





बाद की जांच में यौन शोषण, भूमि हड़पने और धोखाधड़ी के और भी मामले सामने आए। पिछले कुछ वर्षों में, कई प्रमुख नेता सिन्हार तहसील में खरात द्वारा निर्मित एक मंदिर में दर्शन करने गये थे। शिंदे के दावे पर महाराष्ट्र के मंत्री एवं भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि कुछ लोग जांच में सहयोग करने के बजाय निराधार दावे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दावे जांच की दिशा भटकाने का प्रयास प्रतीत होते हैं।

**पुलिस हिरासत में है खरात:** खरात फिलहाल पुलिस हिरासत में है। उसके खिलाफ अहिल्या नगर और नासिक शहर में 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से आठ यौन उत्पीड़न से जुड़े हैं। एसआईटी की प्रमुख एवं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी तेजस्वी सतपुते ने मंगलवार को बताया कि उनकी टीम ने अब तक 30 गवाहों और पीड़ितों के बयान दर्ज किए हैं। सतपुते ने संवाददाताओं को बताया कि पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी ने पीड़ितों और उनके परिवारों की आस्था का फायदा उठाया। पीड़ित परिवार के सदस्यों में मृत्यु का भय पैदा करके और पत्थर, इमली के बीज जैसी चीजों का इस्तेमाल करके तथा अनुष्ठान करके उसने उनसे पैसे वसूले।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खरात और उसकी संपत्तियों से कथित तौर पर जुड़े वित्तीय लेनदेन की जांच शुरू कर दी है। सतपुते ने कहा कि एसआईटी ने खरात के खिलाफ मामलों की जांच के लिए 24-सदस्यीय विशेष दल का गठन किया है।

**दिव्य शक्ति के इस्तेमाल का दावा कर डराता था:** गौरतलब है कि यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार स्वयंभू धर्मगुरु एवं ज्योतिषी अशोक खरात के खिलाफ जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को कहाकि आरोपी ने 'दिव्य शक्ति' होने का दावा करके महिलाओं का यौन शोषण किया। जांचकर्ताओं के मुताबिक, खरात ने महिलाओं को भयभीत किया कि अगर वे उसकी बात नहीं मानेंगी तो उसकी 'दैवीय शक्तियों' के प्रभाव से उनके (महिलाओं के) परिवार के सदस्यों की मौत हो जाएगी या उन्हें वह बदनाम कर देगा। जांच के मुताबिक, खरात महिलाओं को अपने प्रभाव में लेने के लिए अनुष्ठान का सहारा लेता था और डराने-धमकाने तथा 'दिव्य आह्वान' के लिए पत्थर और इमली के बीज जैसी वस्तुओं का इस्तेमाल करता था।

## घरवालों ने तय किया रिश्ता तो पानी की टंकी पर चढ़ गई लड़की, बुलाया गया प्रेमी; शाम होते-होते मांग पूरी



**गोरखपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के बेलीपार थाना क्षेत्र में मंगलवार को दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती अपने प्रेमी से शादी की जिद को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से समझाकर उसे नीचे उतरवाया। देर शाम उनकी मंदिर में शादी कराई गई।

पुलिस के अनुसार, युवती का परिवार उसकी शादी कहीं और तय कर चुका था और घर में तैयारियां भी चल रही थीं। शादी की तारीख महज चार दिन बाद की बताई जा रही है। युवती ने प्रेमी से शादी के लिए कहा तो परिवारीजनों ने इंकार कर दिया था, जिसके बाद वह घरवालों से नाराज होकर पानी की ऊंची टंकी पर चढ़कर विरोध जताने लगी। उसने कहा कि अगर उसकी शादी उसके प्रेमी से नहीं कराई गई तो वह खुदकुशी कर लेगी।

युवती के टंकी पर चढ़ने की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। काफी देर तक समझाने-बुझाने और धैर्यपूर्वक बातचीत के बाद पुलिस ने युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति को नियंत्रित किया। उसके परिवारीजन और प्रेमी को बुलाकर पुलिस ने बात की। पता चला कि दोनों बालिग हैं। ग्राम प्रधान की पहल पर दोनों परिवारों के बीच समझौता कराया गया, जिसमें अंततः प्रेमी युगल की शादी के लिए सहमति बन गई। शाम को मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई। एसपी साउथ दिनेश पुरी ने बताया कि युवती को समझाकर नीचे उतारा गया। दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया।

### झंगहा में भी शादी कराने को पानी की टंकी पर चढ़ी थी किशोरी

वहीं, कुछ दिन पहले गोरखपुर के झंगहा थाना क्षेत्र के राघोपट्टी पडरी गांव में भी ऐसी एक घटना सामने आई थी। वहां एक किशोरी अपने प्रेमी से शादी की जिद में पानी की टंकी पर चढ़ गई थी। सूचना मिलने पर उसका प्रेमी भी मौके पर पहुंच गया था। वह भी पानी की टंकी पर चढ़ा और शादी का भरोसा दिया। इसके बाद ही वह नीचे उतरी। हालांकि लड़की के नाबालिग होने के चलते पुलिस ने प्रेमी पर केस दर्ज कर उसे जेल भेजवा दिया था। मिली जानकारी के अनुसार किशोरी और युवक की मुलाकात हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान हुई थी।

## सीएम नायडू ने अमरावती क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटीज का उद्घाटन किया

### स्वदेशी हार्डवेयर इकोसिस्टम को मिलेगा बढ़ावा

**अमरावती , एजेंसी।** अमरावतीः आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को अमरावती में क्वांटम प्रौद्योगिकी के लिए समर्पित मानक परीक्षण एवं अनुसंधान केंद्र एक्यूआरएफ का उद्घाटन किया. इसका उद्देश्य देश की पहली 'स्वदेशी हार्डवेयर पारिस्थितिकी' तैयार करना और उन्नत कंप्यूटिंग प्रणालियों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है.

विश्व क्वांटम दिवस के अवसर पर लॉन्च किए गए अमरावती क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटीज (एक्यूआरएफ) में एसआरएम यूनिवर्सिटी में स्थित अमरावती 1एस और मेधा टावर्स में स्थित अमरावती 1क्यू शामिल हैं. यह परियोजना 'अमरावती क्वांटम वैली' पहल के तहत विकसित की गई है. इसे देश के पहले स्वदेशी 'ओपन-एक्सेस क्वांटम कंप्यूटर प्रणाली' के रूप में पेश किया गया है, जिन्हें देश में ही डिजाइन, असेंबल और परीक्षण किया गया है.



इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम नायडू ने कहा, 'देश की पहली क्वांटम रेफरेंस सुविधा का शुभारंभ, उन्नत तकनीकों में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा में एक बड़ा मील का पत्थर है और यह राज्य को क्वांटम इनोवेशन के केंद्र के रूप में स्थापित करता है.' नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया, जिन्होंने भारत की 'पहली ओपन-एक्सेस' क्वांटम सुविधाओं के हिस्से के रूप में अमरावती क्वांटम वैली की स्थापना को प्रोत्साहित किया. उन्होंने कहा कि क्वांटम हार्डवेयर टेस्टबेड (परीक्षण मंच), क्वांटम उपकरणों के परीक्षण और प्रमाणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और उभरती हुई तकनीकों में देश की क्षमताओं को मजबूत करेंगे.

मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि यह पहल शोधकर्ताओं, उद्योग जगत के लोगों और छात्रों को क्वांटम प्रणालियों तक पहुंच प्रदान करेगी, जिससे वे क्वांटम तकनीकों के क्षेत्र में रिसर्च, विकास और नवाचार करने में सक्षम हो सकेंगे. उन्होंने कहा की कि जिस तरह बिजली ने औद्योगिक विकास को गति दी और इंटरनेट ने डिजिटल युग को शक्ति प्रदान की, उसी तरह क्वांटम तकनीक आधुनिक नवाचार को आगे बढ़ाएगी।

# राजदूत पी हरीश बोले- दो-स्तरीय स्थायी सदस्यता गलत, भारत वीटो के अधिकार पर जी4 के प्रस्ताव के साथ

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की मांग को लेकर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने सुरक्षा परिषद में किसी भी तरह की भेदभावपूर्ण दो-स्तरीय स्थायी सदस्यता का विरोध किया है। हालांकि, भारत जी4 के उस प्रस्ताव पर सहमत हो गया है, जिसमें नए स्थायी सदस्यों के लिए वीटो पावर के इस्तेमाल को 15 वर्षों तक टालने की बात कही गई है।

वास्तविक सुधार के लिए वीटो जरूरी

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) की बैठक में कहा कि वीटो के साथ स्थायी श्रेणी का विस्तार सुरक्षा परिषद के वास्तविक सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हस्ट सुधार के ढांचे के तहत वीटो के साथ या बिना वीटो की एक नई श्रेणी बनाना पहले से चल रही उस चर्चा को और जटिल बना देगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भारत जी4 के उस रुख से सहमत है जिसे ब्राजील के उप स्थायी प्रतिनिधि नॉर्बर्टो मोरेटी ने उनकी ओर से पेश किया था।

**जी4 का लचीला प्रस्तावः** भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी4 की ओर से ब्राजील के उप स्थायी प्रतिनिधि नॉर्बर्टो मोरेटी ने यह प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि बातचीत को रचनात्मक बनाने और लचीलापन दिखाने के लिए जी4 का प्रस्ताव है कि नए स्थायी सदस्य तब तक वीटो का उपयोग नहीं करेंगे, जब तक कि 15 साल की समीक्षा के दौरान इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं ले लिया जाता। मोरेटी ने तर्क दिया कि वीटो के मुद्दे को सुरक्षा परिषद की पुरानी संरचना को बनाए रखने का बहाना नहीं बनाया जाना चाहिए। उनके अनुसार, नए स्थायी सदस्यों के आने से परिषद अधिक लोकतांत्रिक बनेगी।



**ऐतिहासिक असंतुलन का हवाला:** पी हरीश ने 1965 के सुधारों का जिक्र करते हुए बताया कि उस समय केवल चार गैर-स्थायी सदस्य जोड़े गए थे, जिससे वीटो रखने वाले पांच स्थायी सदस्यों को सापेक्ष लाभ मिला। इससे स्थायी और गैर-स्थायी सदस्यों का अनुपात 5:6 से बदलकर 5:10 हो गया था। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अब स्थायी सदस्यों को जोड़े बिना सुधार किए गए, तो यह अनुपात और भी बिगड़ जाएगा और मौजूदा असमानता हमेशा के लिए बनी रहेगी।

**विरोध और अन्य देशों की मांगः** दूसरी ओर, इटली और पाकिस्तान जैसे देशों ने स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने का विरोध किया है। उनका दावा है कि अधिक देशों के पास वीटो पावर होने से परिषद की कार्यक्षमता कम हो जाएगी। वहीं, अफ्रीका समूह ने ऐतिहासिक अन्याय को खत्म करने के लिए नए सदस्यों के लिए तुरंत वीटो पावर की मांग की है। उनका तर्क है कि संयुक्त राष्ट्र के गठन के समय अधिकांश अफ्रीकी देश उपनिवेशवाद के शिकार थे और उन्हें स्थायी सदस्यता से बाहर रखा गया था।

### ईरान के साथ जंग के बीच चीन को भी संदेश! फिलीपींस के साथ बड़ा युद्धाभ्यास करेगा अमेरिका

**मनीला, एजेंसी।** एशिया में अपनी मजबूत मौजूदगी दिखाने के लिए अमेरिका और फिलीपींस के बीच इस साल एक बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास आयोजित किया जा रहा है। अमेरिकी सेना के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इस अभ्यास में दोनों देशों के 17,000 से ज्यादा सैनिक हिस्सा लेंगे। माना जा रहा है कि अमेरिका इस सैन्य अभ्यास के जरिए इलाके का चौधरी बनने की कोशिश कर रहे चीन को भी संदेश देने की कोशिश कर रहा है। यह युद्धाभ्यास 20 अप्रैल से 8 मई तक चलेगा और इसे 'बालिकातन' नाम दिया गया है जिसका मतलब है 'कंधे से कंधा मिलाकर'।

**चीन को एक मजबूत संदेश देने की कोशिश:** एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह अभ्यास सीधे तौर पर क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों के बीच एक मजबूत संदेश है। इस दौरान जापान की सेना भी शामिल होगी और फिलीपींस के उत्तर-पश्चिमी समुद्री इलाके में एक जहाज को मिसाइल से डुबाने का अभ्यास करेगी। यह इलाका विवादित दक्षिण चीन सागर के करीब है, जहां चीन लगभग पूरे क्षेत्र पर अपना दावा करता है। फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी इस समुद्री इलाके पर दावा करते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में चीन और फिलीपींस के बीच टकराव तेजी से बढ़ा है। बीते कुछ सालों में कई बार दोनों देशों के जहाज आमने-सामने आ चुके हैं।

**चीन करता रहा है ऐसे सैन्य अभ्यासों का विरोध:** इस बार के अभ्यास में फ्रांस और कनाडा की सेनाएं भी शामिल होंगी, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि चीन के खिलाफ क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सहयोग बढ़ रहा है।

# अमेरिकी सीनेटर ने ट्रंप से ओपीटी कार्यक्रम खत्म करने की अपील की

### कहा- हमारे युवाओं के रोजगार पर पड़ रहा असर

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका में विदेशी छात्रों से जुड़े एक अहम वर्क परमिट कार्यक्रम को लेकर सियासत तेज हो गई है। रिपब्लिकन सीनेटर रिक स्कॉट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) प्रोग्राम को खत्म करने की अपील की। उनका दावा है कि यह योजना अमेरिकी युवाओं के रोजगार पर असर डाल रही है और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकती है, खासकर चीन के संदर्भ में।

सीनेटर स्कॉट ने राष्ट्रपति ट्रंप को लिखे पत्र में कहा कि यह कार्यक्रम तुरंत ध्यान देने वाला मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी छात्रों को मिलने वाले ये वर्क परमिट न सिर्फ अमेरिकी ग्रेजुएट्स के नौकरी के अवसर कम करते हैं, बल्कि इनका दुरुपयोग भी हो रहा है। स्कॉट ने खासतौर पर चीन का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक स्वयं घोषित दुश्मन देश है, जो इस व्यवस्था का फायदा उठा सकता है।

उन्होंने बताया कि अमेरिका में युवा ग्रेजुएट्स की नौकरी की स्थिति पहले जैसी नहीं रही। पहले नए ग्रेजुएट्स की बेरोजगारी दर आम लोगों से कम होती थी, लेकिन 2020 के बाद से यह स्थिति बदल गई है। खासकर एसटीईएम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स) क्षेत्र में हालात और चिंताजनक बताए गए हैं। उनके मुताबिक, कंप्यूटर इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स की बेरोजगारी दर आम दर से लगभग दोगुनी है, जबकि कंप्यूटर साइंस ग्रेजुएट्स में यह 50 प्रतिशत ज्यादा है।

सीनेटर रिक स्कॉट ने दावा किया कि ओपीटी प्रोग्राम इस समस्या को और बढ़ा रहा है। उनके अनुसार, इस समय 5 लाख से ज्यादा छात्र वीजा धारकों के पास ओपीटी वर्क परमिट हैं, जो उन्हें पढ़ाई के बाद भी अमेरिका में काम करने और अमेरिकी युवाओं से प्रतिस्पर्धा करने के मौके देता है। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए सीनेटर स्कॉट ने कहा कि यह सिस्टम जासूसी और तकनीकी जानकारी के ट्रांसफर के लिए भी इस्तेमाल हो सकता है। उन्होंने बताया कि करीब 33,000 चीनी नागरिक एसटीईएम ओपीटी के तहत अमेरिका में काम कर रहे हैं, जिनमें से कई विश्वविद्यालयों और बड़ी टेक कंपनियों में काम करते हैं, जहां उन्हें संवेदनशील तकनीकी जानकारी तक पहुंच मिलती है।



इसके अलावा, सीनेटर स्कॉट ने कहा कि ओपीटी प्रोग्राम का कोई स्पष्ट कानूनी आधार नहीं है और यह केवल नियमों के जरिए बनाया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एसटीईएम ओपीटी विस्तार, एच-1बी वीजा की सीमाओं को दरकिनार करने का एक तरीका है।

### अंडमान सागर हादसाः शरणार्थियों को ले जा रहा जहाज पलटा, 250 लोगों के मरने की आशंका

**ढाका, एजेंसी।** अंडमान सागर में मंगलवार को रोहिंग्या शरणार्थियों और बांग्लादेशी नागरिकों समेत लगभग 250 लोगों को ले जा रहे एक जहाज के समुद्र में पलट जाने के बाद बड़े पैमाने पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. संयुक्त राष्ट्र संघ हाई कमिश्नर फॉर रिफ्यूजी और इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी कर इस घटना पर 'गहरा दुख' जताया है. यह घटना ऐसे समय हुई जब यह इलाका बंगाली न्यू ईयर मना रहा है. खबर है कि दक्षिणी बांग्लादेश के टेकनाफ से निकला यह जहाज मलेशिया जा रहा था, जब तेज हवाओं और बहुत ज्यादा भीड़ की वजह से यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया. यह दुखद घटना लंबे समय तक विस्थापन और रोहिंग्या के लिए पक्के समाधानों की कमी के भयानक नतीजों को दिखाती है. रखाइन राज्य में जारी हिंसा ने जल्द ही सुरक्षित वापसी की उम्मीदों को खत्म कर दिया है, जबकि मानवीय मदद में कमी, रिफ्यूजी कैंपों में रहने के मुश्किल हालात, और शिक्षा और रोजी-रोटी तक सीमित पहुंच रिफ्यूजी को सुरक्षा और मौके की तलाश में ऐसे खतरनाक समुद्री सफर करने पर मजबूर कर रही है. विदेश में बेहतर सैलरी का वादा और अक्सर स्मगलिंग नेटवर्क से फैलाई गई गलत जानकारी, लोगों, रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों को बड़े रिस्क लेने पर मजबूर करती है. ये वजहें ऐसी स्थितियाँ बनाती हैं जिनमें स्मगलर और ट्रैफिकर कमज़ोरियों का फायदा उठा सकते हैं, जिससे जान को बड़ा खतरा हो सकता है. बयान में कहा गया, 'अंडमान सागर इन खतरनाक यात्राओं पर जाने वाले लोगों की जान लेता रहता है.' एजेंसियों ने आगे जोर दिया कि माना जा रहा है कि लापता यात्रियों में परिवार, महिलाएँ और बच्चे शामिल हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496